
श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी

दैनिक

# यशोभूमि

नया तेवर, नया कलेवर

मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित



2 पार्टी व जनता के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा

8 अपने दो बच्चों की हत्या करने के बाद युवक ने की आत्महत्या

9 महिला दिवस पर महिला दल ने किया यात्री ट्रेन का संचालन

10 'यूजीसी' नियमों के खिलाफ सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज



R.N.I. No. 64822/96 | मुंबई | सोमवार, 9 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण पक्ष, षष्ठी


# टी-20 वर्ल्डकप : भारत तीसरी बार बना चैंपियन

## टी-20 वर्ल्डकप में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया | सैमसन, अभिषेक और ईशान किशन ने लगाया अर्धशतक

### सैमसन बनें 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट'

संजू सैमसन को टी20 विश्व कप का 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' चुना गया। जबकि बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 255 रन बनाये। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर को कोल मैकोंची की जगह जैकब डफी को अंतिम एकादश में उतारने का खामियाजा भुगतना पड़ा। करीब 86000 दर्शकों के सामने न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर आउट हो गई।



जसप्रीत बुमराह को चुना गया प्लेयर ऑफ द मैच



संजू सैमसन

| | |
|---|---|
| 46 गेंद | 05 चौका |
| 89 रन | 08 छक्का |

**यशोभूमि/भाषा, अहमदाबाद।** सूर्यकुमार यादव की टीम ने भारतीय क्रिकेट का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप दिलाया जिसमें संजू सैमसन की भूमिका अहम रही तो जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी याद रखा जायेगा। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनी। इसके साथ ही तीन साल पहले इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हारने वाली रोहित शर्मा की टीम के पुराने जख्मों पर भी मरहम लग गया होगा। संजू सैमसन ने 46 गेंद में 89 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को पावरप्ले में ही 98 रन तक पहुंचाते हुए जीत की नींव रख दी थी।

मुंबई के चैंबूर में रहने वाले सूर्यकुमार ने अपना नाम महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद टी20 विश्व कप जीतने वाले कप्तानों में शामिल कर लिया। वहीं लगातार दो टी20 विश्व कप जिताने वाले कोच गौतम गंभीर के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट चटकाते हुए साबित कर दिया कि वह दुनिया के नंबर एक तेज गेंदबाज क्यों हैं। उनका इस विश्व कप में प्रदर्शन क्रिकेट की किवदंतियों में शुमार रहेगा। आईपीएल के बड़े बड़े सितारों से भरी यह भारतीय टीम पहले ही से खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। हर मैच में एक नये मैच विनर के साथ यह दावा और पुख्ता होता चला गया। भारतीय क्रिकेट में

### कप हमारा था, हमारा है और हमारा ही रहेगा








शेरों की तरह दहाड़े , चैंपियन की तरह खेले

2007 में पहले टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत अगर ऐतिहासिक थी तो इस जीत को भी 2023 के जख्मों पर मरहम के रूप में याद रखा जायेगा। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझ रहे अभिषेक शर्मा का बल्ला फाइनल में खूब चला। वहीं सैमसन ने अपने कैरियर का सबसे यादगार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश का दिल जीता। बुमराह के यॉर्कर, अक्षर पटेल के अकल्पनीय कैच और ईशान किशन की बल्लेबाजी की चर्चा बरसों तक होगी। अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाये जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली। उन्होंने लांग आन, लांग आफ और स्क्वेयर लेग के ऊपर से कुल आठ छक्के लगाकर खचाखच भरे दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने रचिन रविंद्र , लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की गेंदों की जमकर धुनाई करके मैदान के चारों ओर रन बनाये।

### पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टी20 विश्वकप जीतने पर टीम इंडिया को बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, चैंपियंस! आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई। यह शानदार जीत जबरदस्त स्किल्स, पक्के इरादे और टीमवर्क को दिखाती है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त हिम्मत दिखाई है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। बहुत अच्छा काम किया टीम इंडिया।



लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी टीम इंडिया को टी20 वर्ल्डकप जीत पर बधाई दी। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा, एक बार फिर चैंपियन। हमारी भारतीय टीम के लिए यह एक शानदार जीत थी, जिसमें संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह के पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए विशेष सराहना। टीम इंडिया को घरेलू मैदान पर ट्रॉफी बरकरार रखने और देश को एक और अविस्मरणीय पल देने के लिए बधाई।


विस्तृत खबरें पेज 7 पर...


---

## आज से संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण



**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ ही लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव (नोटिस) पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव को सदन में विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद,

### लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ पेश होगा अविश्वास प्रस्ताव

के. सुरेश और डॉ. मल्लू रवि पेश करेंगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 9 और 10 मार्च के लिए व्हिप जारी किया है। वहीं, कांग्रेस ने सभी सांसदों को 9-11 मार्च तक सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

## यूपी की बेटियों को अब किसी से डरने की जरूरत नहीं है : योगी आदित्यनाथ

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की नारी शक्ति को पत्र लिख कर उनके योगदान का महत्व बताया है। उन्होंने कहा कि सशक्त समाज निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

### महिला दिवस पर नारी शक्ति को सीएम की पाती

कहा कि सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा, आत्मनिर्भरता के प्रति दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महिलाओं के साथ अपराध आम बात थी। आज प्रदेश में बेटियां सुरक्षित हैं। स्पष्ट नीति और साफ नीयत से यह संभव हुआ है। योगी ने नारी शक्ति को सम्बोधित पत्र में लिखा कि मिशन शक्ति, एंटी रोमियो अभियानों ने अपराधियों के मन में डर पैदा किया। जहां बेटियां सुरक्षित और सम्मानित होती हैं, वहां समाज सतत प्रगति करता है।



### सीएम ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये और रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 का उद्देश्य राज्यभर में रोजगार के मौकों को बढ़ावा देना और महिलाओं को सशक्त बनाना है।

### बेटियों को मिलेगा पैकेज

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सूबे की बेटियां अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं क्योंकि सरकार उनके जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए एक पैकेज देगी। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए रोजगार सम्मान व विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक लाभ के वितरण कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं के लिए अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का विस्तार से जिक्र किया।

आज छात्राओं के ड्रॉपआउट रेट, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व आई गिरावट आई है। शिक्षा से रोजगार तक बेटियों को समान अवसर मिल रहा है। यूपी की नारी शक्ति आज स्वावलंबन का नया अध्याय रच रही है।

## तृणमूल को माफ नहीं करेगी पश्चिम बंगाल की जनता : प्रधानमंत्री मोदी

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला

### पश्चिम बंगाल में हुआ था प्रोटोकॉल का उल्लंघन

### प्रधानमंत्री ने किया कई परियोजनाओं का उद्घाटन

आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का अपमान करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि कल ही पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया।



### लोगों ने हमारे संकल्प पर संदेह जताया

प्रधानमंत्री ने कहा, उस समय कई लोगों ने हमारे संकल्प पर संदेह जताया और इसे एक राजनीतिक कदम करार दिया। हालांकि, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने अपना वादा पूरा कर लिया है, जिसके तहत तीन करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनने की उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार को आपदा सरकार करार देते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि उसने पिछले 10 वर्षों से राष्ट्रीय राजधानी में सभी विकास कार्यों को रोक रखा था।

---

### मौसम

मुंबई 34° 25°

सूर्यास्त सोमवार 6.46 बजे
सूर्योदय मंगलवार 6.51 बजे

आज का इफ्तार 6.49

कल की सेहरी 5.28

## बालेंद्र शाह की आरएसपी ने रचा इतिहास

### नेपाल चुनाव में दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**यशोभूमि/भाषा**

**काठमांडू।** रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे

### देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का हुआ सफाया

राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है। नेपाल के निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित इस पार्टी ने उन 165 सीट में से 117 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है।



निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है।

प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए के पी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

## ड्रोन हमले में विलवणीकरण संयंत्र को पहुंचा नुकसान

**यशोभूमि**

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के नौवें दिन इजराइल ने रविवार तड़के दक्षिणी लेबनान पर हमले तेज कर दिए और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध के अगले चरण में कई आश्चर्यजनक कदम उठाए जाने की चेतावनी दी। बहरीन ने

### अरब देशों को यहीं से होती है पानी की सप्लाई

रविवार को कहा कि ईरान के ड्रोन हमले से उसके एक विलवणीकरण (खारे पानी को पीने योग्य बनाना) संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। इस युद्ध के दौरान ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी अरब देश ने ईरान द्वारा विलवणीकरण संयंत्र को निशाना बनाने की घटना की जानकारी दी है। फारस की खाड़ी के तट पर सैकड़ों विलवणीकरण संयंत्र स्थित हैं और इस क्षेत्र के अरब देश पीने के पानी के लिए इन संयंत्रों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। लेबनान में हुए हालिया हमलों में 12 और लोग मारे गए, जिससे वहां मरने वालों की संख्या बढ़कर 300 से अधिक हो गई है। उसकी सेना ने कहा कि यह हमला ईरान समर्थित बलों को खत्म करने के उद्देश्य से किया गया था। इससे पहले इजराइल ने लेबनान के बड़े हिस्से को खाली करने का आदेश दिया था।



### संघर्ष में 394 की मौत

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री ने रविवार को कहा कि इजराइल और चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच पिछले सप्ताह शुरू हुए संघर्ष में अब तक 83 बच्चों सहित 394 लोगों की मौत हो चुकी है। हिजबुल्ला की ओर से संघर्ष के शुरुआती दिनों में उत्तरी इजराइल की ओर रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने पिछले सप्ताह अपने हमले फिर से शुरू कर दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### पुल का सांसद ने किया शिलान्यास

**यशोभूमि/एजेंसी**

**अररिया।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत पलासी से सोहंदर जाने वाली सड़क में 1.85 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने रविवार को एक समारोह में किया।मौके पर जोकीहाट के विधायक मुर्शीद आलम,जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा समेत बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

### बदमाशों ने एसबीआई का एटीएम काटा

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के करजा थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने शनिवार की रात एक एटीएम को निशाना बनाया। बदमाशों ने पुलिस को चुनौती देते हुए भारतीय स्टेट बैंक के एक एटीएम को काटकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना करजा थाना क्षेत्र की है, जहां मुजफ्फरपुर-छपरा मुख्य मार्ग पर स्थित मड़वन में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को शनिवार की देर रात अज्ञात चोर उखाड़कर ले गए। आशंका जताई जा रही है कि एटीएम को गैस कटर से काटा गया और फिर उसे उड़ा ले गए। बताया गया कि रविवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने एटीएम आवास के शटर और मशीन की स्थिति देखी, तो हड़कंप मच गया।

### ई-रिक्शा से दबकर 13 वर्षीय बच्ची की मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नालंदा, बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र के कचहरी मोड़ के समीप रविवार को सड़क हादसे में 13 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। अनियंत्रित ई-रिक्शा के पलटने से बच्ची उसके नीचे दब गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका नालंदा थाना क्षेत्र के मिर्चायगंज निवासी सूर्यभूषण पंडित की 13 वर्षीय पुत्री वंदना पंडित है। बताया जाता है कि वंदना को पेट दर्द की शिकायत होने पर परिजन उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ स्थित एक निजी क्लिनिक में लेकर आए थे। जांच के बाद डॉक्टर ने बच्ची को कुछ खाकर आने की सलाह दी। डॉक्टर की सलाह पर वंदना अपने परिजनों के साथ क्लिनिक से बाहर निकलकर नाश्ता करने जा रही थी।

### रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव

**यशोभूमि/एजेंसी**

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब पीरपैंती-अम्मापाली फोरलेन के पास रेलवे ट्रैक के समीप रविवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। शव मिलने की खबर आसपास के गांवों में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में मृतक की पहचान ओलापुर निवासी हुकुमचंद मंडल के पुत्र पिंकू मंडल के रूप में की गई। पहचान होने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव को देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे इलाके में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# पार्टी व जनता के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने रविवार को अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करते हुए जनता

### जदयू में शामिल हुए निशांत कुमार

दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण कर ली। पटना के जदयू कार्यालय में आयोजित एक समारोह में निशांत ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आपने जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, बिजेंद्र यादव, रामनाथ ठाकुर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। निशांत ने यह भी कहा कि मेरे पिताजी नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने का निर्णय लिया है, वह उनका निजी फैसला है और उस फैसले को स्वीकार करता हूं और आदर करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि हम सब पिताजी नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के अनुसार संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। पिताजी ने जो कार्य बिहार में किया है, उसे जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश करूंगा और जनता के दिल में घर बनाने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा, 'मेरे पिताजी ने जो 20 वर्षों में किया है, वह सबको याद रहेगा। उन्होंने जो 20 वर्षों में किया है, उस पर बिहार के लोगों को गर्व है। आप सभी अपना मनोबल बनाए रखें।' निशांत के राजनीति में आने के कयास काफी लंबे समय से चल रहे थे। जदयू के बड़े नेता से लेकर आम कार्यकर्ता तक निशांत के राजनीति में आने की मांग करते रहे थे। उनके राजनीति में आने को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इस दौरान कार्यकर्ता निशांत और नीतीश कुमार के समर्थन में जमकर नारे लगाते रहे।



### जमीनी स्तर पर बनाना है अपनी पहचान

कार्यालय के बाहर निशांत के समर्थन वाले कई पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। बताया जा रहा है कि निशांत जल्द ही पूरे बिहार की यात्रा शुरू करेंगे, जिसका उद्देश्य जनता से सीधा संवाद करना और जमीनी स्तर पर अपनी पहचान बनाना है। कार्यकर्ता पार्टी के भीतर से उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देने की मांग भी उठा रहे हैं। निशांत को मुख्यमंत्री बनाने की भी मांग की जा रही है। नीतीश कुमार के राज्यसभा नामांकन के बाद, निशांत का सक्रिय राजनीति में कदम रखना राज्य के सियासी भविष्य के लिए काफी अहम माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि निशांत नीतीश के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

# सीएम ने बिहार और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली सुरंग का किया कार्यारंभ

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 542 करोड़ रुपये की लागत से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली सुरंग का कार्यारंभ

### 542 करोड़ रुपए की आएगी लागत

किया। मुख्यमंत्री ने निर्माण करने वाली मशीन का बटन दबाकर कार्य की शुरुआत कराई। इस दौरान अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने सुरंग (टनल) के निर्माण कार्य की प्रक्रिया तथा इसे पूर्ण करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित निर्माणाधीन म्यूज़ियम सब-वे टनल के कार्यारंभ के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए इस निर्माण कार्य को बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके बन जाने से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शनों का लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर अवलोकन कर सकेंगे। पर्यटकों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने अधिकारियों से पार्किंग की भी उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय का परिभ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैम्पस तथा पार्क के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली और स्थल निरीक्षण किया। यहाँ निर्मित होने वाले भवन के नए परिसर में सोलर पार्किंग शेड, ओपेन पार्किंग, क्लब हाउस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नीतीश ने सभी काम समयावधि में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके बन जाने से लोगों को सुविधा होगी।



### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

मुख्यमंत्री ने इस दौरान बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली सुरंग के पटना संग्रहालय वाले छोर का भी स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार भी उपस्थित रहे। बता दें कि मुख्यमंत्री ने शनिवार को भी विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया था और जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे।

# निशांत के राजनीति में आने पर राजद ने साधा निशाना

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कई समसामयिक मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने नेपाल में हुए सत्ता परिवर्तन, निशांत कुमार के राजनीति में प्रवेश, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर विवाद और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले पर अपनी राय रखी। निशांत कुमार के राजनीति में आने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद प्रवक्ता ने कहा कि हर



### तेजस्वी की भविष्यवाणी सही साबित हुई

व्यक्ति को राजनीति में आने का अधिकार है।

यह जनता पर निर्भर करता है कि वह किसे स्वीकार करती है और किसे नकारती है। मृत्युंजय तिवारी ने बिहार की राजनीति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके नेतृत्व पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब चुनाव के समय 'फिर से नीतीश' के नाम पर वोट मांगे गए और 2025 से 2030 तक नेतृत्व की बात की गई, तो फिर कुछ ही महीनों में ऐसा क्या हो गया कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब कुर्सी की राजनीति का खेल है। जनता से किए गए वादों को पूरा करना सबसे महत्वपूर्ण होना चाहिए। तेजस्वी यादव ने पहले ही भविष्यवाणी की थी कि भारतीय जनता पार्टी और जदयू की राजनीति अंततः नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाने की ओर ले जाएगी। वहीं, नेपाल के चुनाव परिणामों और वहां हुए सत्ता परिवर्तन पर बोलते हुए मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव के दौरान हार-जीत होती रहती है और सत्ता परिवर्तन राजनीति का एक स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नेपाल की जनता ने जिसे चुना है, उसका सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत और नेपाल के बीच रिश्ते पहले की तरह मजबूत बने रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर हुए विवाद पर मृत्युंजय तिवारी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक हैं और हर व्यक्ति उनका सम्मान करता है।

# डीएम ने महिलाओं को किया सम्मानित

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं विकास निगम, कला एवं संस्कृति विभाग, जीविका एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण

### दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डीआरडीए सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य विषय 'गिव टू गेन' रखा गया है, जिसके माध्यम से समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थापित महिला कर्मी रजनी कुमारी को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए डीएम ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सहभागिता के बिना देश की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति संभव नहीं है। महिलाएँ परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किसी भी विकास योजना और रोजगार व्यवस्था की सफलता महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और रोजगार के क्षेत्र में कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सके।



# राजनीतिक विरासत को बनाए रखने में सफल होंगे निशांत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के जदयू में शामिल होने को लेकर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि हम तो बिहार के लोगों की ही बात करेंगे। अगर निशांत कुमार राजनीति में आते हैं तो वह जेडीयू को एकजुट रखेंगे और नीतीश कुमार की विरासत को बरकरार रखेंगे। उन्होंने कहा कि जदयू के नेतृत्व के लिए निशांत कुमार को बहुत पहले ले आना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सवाल जदयू या उसके कार्यकर्ताओं का नहीं है। पप्पू यादव ने कहा कि सवाल है कि नीतीश कुमार के प्रति बिहार की जनता का अटूट विश्वास रहा है। ऐसे में उनका इतनी जल्दी निर्णय लेना या फिर बिहार छोड़ना, ये बिहार के लोगों की पसंद नहीं हो सकती। नीतीश कुमार आज भी बिहार की जनता की पसंद है।



# ईशान के बहन-बहनोई की सड़क हादसे में हुई मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पटना/किशनगंज।** सिलीगुड़ी की वादियों में छुट्टियां बिताकर घर लौट रहे एक हंसते-खेलते परिवार

### सिलीगुड़ी से लौटते समय हुआ हादसा

की खुशियां शनिवार शाम मातम में बदल गईं। किशनगंज से महज 20 किलोमीटर दूर, पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर थाना क्षेत्र में एक बेकाबू ट्रक ने पटना हाईकोर्ट के दो होनहार वकीलों की जिंदगी छीन ली। इस हादसे में पटना के मशहूर वरीय अधिवक्ता अजय कुमार ठाकुर के पुत्र ऋत्विक ठाकुर और उनकी बहू वैष्णवी सिंह का निधन हो गया। वैष्णवी सिंह मशहूर क्रिकेटर ईशान किशन की चचेरी बहन थीं। हादसा शनिवार शाम करीब 7 बजे इस्लामपुर के बंगापुल इलाके में हुआ। ऋत्विक ठाकुर अपनी फॉर्च्यूनर कार से पूरे परिवार के साथ सिलीगुड़ी से पटना लौट रहे थे। ऋत्विक के भाई के अनुसार, एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को साइड से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैष्णवी सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ऋत्विक ठाकुर को गंभीर हालत में पूर्णिया के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक महकमे और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही ईशान किशन के बड़े भाई और पूर्णिया एसपी स्वीटी सहरावत तुरंत अस्पताल पहुंचे। ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पश्चिम बंगाल पुलिस छापेमारी कर रही है।



# बंगाल की जनता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का बदला लेगी: संजय जायसवाल

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पटना।** भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सीएम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान इसीलिए किया है क्योंकि

### जनता ममता बनर्जी को सिखाएगी सबक

वे आदिवासी समाज से आती हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल के बदलने को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद से भाजपा ममता बनर्जी पर हमलावर है।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि ममता बनर्जी राष्ट्रपति का अपमान सिर्फ इसलिए कर रही हैं क्योंकि वह आदिवासी समुदाय से आती हैं। ममता बनर्जी को बर्दाश्त नहीं है कि आदिवासी समाज की महिला कैसे राष्ट्रपति बनीं। उनके बारे में इस तरह की बयानबाजी करना और उनके प्रोटोकॉल में शामिल न होना उनकी मानसिकता का परिचय देता है। उनसे बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि ओडिशा की एक शिक्षिका कैसे राष्ट्रपति बनी। भारत की जनता राष्ट्रपति के अपमान का बदला ममता बनर्जी को जरूर सिखाएगी। उन्होंने एक्स पर किए गए पोस्ट में कहा कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और आदिवासी समाज की भावनाओं की अनदेखी बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है, इसकी गरिमा का सम्मान हर हाल में होना ही चाहिए। ममता बनर्जी ने निकृष्ट राजनीति पेश कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार कर दिया है। सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में प्रवेश पर भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि सभी को राजनीति में आने की छूट है। पढ़े-लिखे लोगों को राजनीति में आना चाहिए। इससे राजनीति का वैचारिक स्तर और अच्छा होता है। राजनीति में अच्छे लोगों का स्वागत है।



# युवती से सामूहिक दुष्कर्म, पांच गिरफ्तार

**यशोभूमि/भाषा**

**आरा।** भोजपुर जिला में कुछ लोगों द्वारा एक युवती से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। एक अधिकारी ने बताया कि 19 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भोजपुर के पुलिस अधीक्षक श्री राज ने रविवार को कहा, पीड़िता के भाई द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार यह घटना पांच मार्च की है, जब युवती को एक आरोपी के घर बुलाया गया था। आरोपी ने अपने कुछ दोस्तों को भी वहां बुला लिया और उन्होंने उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पीड़िता के भाई ने करनामेपुर थाना में नामजद शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# गूंगी महिला से छेड़खानी पर युवक का सिर मुंडवाकर ग्रामीणों ने पूरे गांव में घुमाया

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के औराई थाना क्षेत्र अन्तर्गत बसंत पंचायत में एक गूंगी महिला के साथ छेड़खानी करने के आरोप में ग्रामीणों ने युवक को पुलिस के हवाले करने

### सभा में युवक को दोषी करार दिया गया

के बजाय खुद ही सजा सुना दी। पंचायत के फरमान' के बाद युवक का आधा सिर मुंडवाया गया, चेहरे पर कालिख लगाई गई और फिर उसे पूरे गांव में घुमाया गया। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना बसंत पंचायत की है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक, जो मूल रूप से पड़ोसी जिले सीतामढ़ी का रहने वाला है लेकिन लंबे समय से औराई में ही बस गया है, उसने गांव की एक दिव्यांग (गूंगी) महिला के साथ बदसलूकी की थी। जब इसकी खबर महिला के परिजनों और ग्रामीणों को हुई, तो आक्रोश भड़क गया। आनन-फानन में पंचायत बुलाई गई। भरी सभा में युवक को दोषी करार देते हुए उस पर न केवल 5001 रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया, बल्कि उसे अपमानित करने के लिए क्रूर तरीका अपनाया गया। भीड़ का इंसाफ यहीं नहीं रुका। युवक का आधा सिर मुंडवा दिया गया और माथे पर कालिख पोत दी गई। इसके बाद गले में गमछा बांधकर उसे गांव की गलियों में घुमाया गया, ताकि 'नजीर' पेश की जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग तमाशबीन बने रहे और कुछ लोग इस कृत्य का समर्थन करते नजर आए।






# हिरासत से फरार आरोपी मामले में एक पुलिस अधिकारी निलंबित

**यशोभूमि/एजेंसी**

**सीवान।** सीवान जिले के सराय थाना से हिरासत में रखे गए आरोपी के फरार होने के मामले में सीवान एसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। कर्तव्य में लापरवाही

### दो गृह रक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित

बरतने के आरोप में एक पुलिस पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि दो गृह रक्षकों के विरुद्ध अनुबंध निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

एसपी पुरन कुमार झा के अनुसार सराय थाना कांड संख्या-80/26, दिनांक 06 मार्च 2026 में गिरफ्तार अभियुक्त बबलू तिवारी, पिता भृगुति तिवारी, निवासी पपौर, थाना सराय, जिला सिवान को थाना हाजत में रखा गया था। बताया गया कि 6 मार्च की रात आरोपी को बिना हथकड़ी लगाए थाना परिसर के शौचालय ले जाया गया, जहां से वह दीवार फांदकर फरार हो गया। घटना के समय सराय थाना में पुअनि अभिषेक कुमार की ओडी ड्यूटी लगी हुई थी, जबकि गृह रक्षक 5499 रविशंकर राय और गृह रक्षक 6217 विनोद सिंह संतरी ड्यूटी पर तैनात थे। प्राथमिक जांच में ड्यूटी के दौरान घोर लापरवाही, कर्तव्य के प्रति उदासीनता और अनुशासनहीनता सामने आने पर एसपी ने पुअनि अभिषेक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# बाल विवाह मुक्ति रथ ने लोगों तक पहुंचाया संदेश

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पटना।** राज्य के 9,542 गांवों के 1.77 करोड़ से अधिक लोगों तक 'बाल विवाह मुक्त बिहार' का संदेश पहुंचाने वाले अपनी तरह के

### रथ ने 81,864 किलोमीटर की यात्रा की

अनूठे अभियान 'बाल विवाह मुक्ति रथ' का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समापन हुआ। इस दौरान रथ ने राज्यभर में 81,864 किलोमीटर की यात्रा की। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान को मजबूती देने के लिए देशभर में 500 से अधिक ऐसे ही बाल विवाह मुक्ति रथ निकाले थे जिन्होंने देश के कोने-कोने में जाकर समुदायों को बाल विवाह के खिलाफ बने कानूनों के बारे में जागरूक और संवेदनशील बनाया। बिहार के सभी 38 जिलों में काम कर रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के 32 सहयोगी संगठनों के इस अभियान को पूरे राज्य में अभूतपूर्व समर्थन मिला। जाति, धर्म और विचारधारा के बंधन को तोड़ते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, महिला भुक्तभोगियों, नागरिक समाज संगठनों, पुलिस और धर्मगुरुओं ने एकजुट होकर बाल विवाह के खात्मे के सामूहिक संकल्प को दोहराया। राज्यभर में एक महीने तक चली इस यात्रा के दौरान बाल विवाह मुक्ति रथ स्कूलों, ग्राम सभाओं, धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचा व 4,664 कार्यक्रमों के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ संदेश पहुंचाया। इनमें रैलियां, नुक्कड़ नाटक, शपथ समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और महिला भुक्तभोगियों की कहानियां शामिल थीं।




### सरकार की मंशा वास्तविक सुरक्षा में तब्दील हो सके

देश में 40 प्रतिशत से अधिक की बाल विवाह की दर वाले 60 जिलों में 22 अकेले बिहार में हैं। अभियान की सफलता और भारत के बाल विवाह के खिलाफ दृढ़ संकल्प के बाबत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सीनियर एवडाइजर (पॉलिसी) ज्योति माथुर ने कहा, 'यह रथ केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि न्याय का वाहक है। यह जनसमुदाय तक कानून, संरक्षण और जवाबदेही का संदेश लेकर जाता है, ताकि सरकार की मंशा जमीन पर वास्तविक सुरक्षा में तब्दील हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### केबल चुराने के नौ आरोपी गिरफ्तार

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**मुंबई।** बांद्रा पश्चिम से के. सी. मार्ग क्षेत्र में टेलीफोन एक्सचेंज कार्यालय के सामने से करीब 200 किलो वजनी पुराने तांबे के केबल तार चोरी होने की घटना सामने आई है। 6 मार्च को सुबह करीब 2 लाख 70 हजार रुपये की केबल चोरी हो गई थी। इस मामले में बांद्रा पुलिस ने केस दर्ज कर नौ लोगों को हिरासत में लिया है।

### आवारा कुत्ते की मौत, मामला दर्ज

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**मुंबई।** बांद्रा पूर्व के बीकेसी इलाके में जीएसटी कार्यालय के पास एक वाहन की टक्कर से एक आवारा कुत्ते की मौत हो गई। इस मामले में एक सामाजिक संगठन की शिकायत के बाद बीकेसी पुलिस ने 6 मार्च को अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### तलवार लेकर घूमने वाले अब भी फरार

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** दो दिन पहले घाटकोपर पश्चिम के असल्फा गांव में दो युवक, जो हाथों में तलवार लेकर घूम रहे थे, वे अभी भी फरार हैं। अभी तक उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी साकीनाका इलाके के हैं और उनकी तलाश की जा रही है। असल्फा गांव इलाके में दो युवक हाथों में तलवारें लेकर सड़कों पर घूम रहे थे और लोगों को डराने की कोशिश कर रहे थे। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है और वीडियो वायरल हो गया है। बताया जाता है कि इनमें से दो लोगों ने यहां हनुमान मंदिर के पास असल्फा सब्जी मंडी में पैसे के विवाद के दौरान तलवार से लोगों को डराने की कोशिश की। शिकायतकर्ता सुधाकर रंगनाथ परदेशी ने धमकी देने वाले शख्स के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में घाटकोपर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### निवेश का लालच देकर 12 लाख की धोखाधड़ी

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**पुणे।** आभासी मुद्रा में निवेश का लालच देकर साइबर चैटर्स द्वारा 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला हाल ही में सामने आया है। इस संबंध में हड़पसर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता हड़पसर इलाके में रहता है। साइबर बदमाशों ने उनके मोबाइल नंबर पर एक लिंक भेजा। जालसाजों ने आभासी मुद्रा में निवेश करने पर अच्छा रिटर्न देने का वादा कर उन्हें जाल में फंसाया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने समय-समय पर ठगों के बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम से 12 लाख 11 हजार रुपए जमा करा दिए, हालांकि पैसे जमा करने के बाद उन्हें वापस नहीं किया गया। धोखाधड़ी का पता चलने के बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### पनवेल मनपा का टीकाकरण अभियान

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**पनवेल।** पनवेल मनपा ने 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर उप महापौर प्रमिला पाटिल, अतिरिक्त आयुक्त महेश कुमार मेघमले, मनपा सदस्य दर्शन भोईर, अजय बहिरा, प्रीति जॉर्ज, प्रतिभा भोईर की उपस्थिति में 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया। गांदेवी सिविल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र -1 में आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर को रोकना है। इस अवसर पर मातृ शिशु देखभाल अधिकारी डॉ. गणेश नायर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेहाना मुजावर, स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ, आशा सेविका उपस्थित थे। मनपा आयुक्त मंगेश चितले के मार्गदर्शन में यह अभियान अगले तीन महीनों तक सोमवार से शनिवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक पनवेल मनपा के सभी 15 नागरिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चलाया जाएगा। एचपीवी टीकाकरण 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी लड़िकयों और 15 वर्ष की आयु पूरी न करने वाली लड़कियों को दिया जाएगा। कुल जनसंख्या का 1 प्रतिशत अभियान के इच्छित लाभार्थी होंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद गोसावी ने अपील की है कि पनवेल मनपा द्वारा शुरू किये गये इस टीकाकरण का लाभ मनपा क्षेत्र की अधिक से अधिक लड़कियों को उठाना चाहिए।

# महाराष्ट्र में रद्द हो सकते हैं लाखों लोगों के राशन कार्ड

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** अगर आप राशन कार्ड धारक हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। केंद्र और राज्य सरकारों ने राशन कार्ड नियमों में बड़ा बदलाव किया है। हाल ही में सरकार ने राशन कार्ड पात्रता को लेकर नए और बेहद सख्त नियमों की घोषणा की है। 'वन नेशन, वन राशन कार्ड, की अवधारणा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 1 अप्रैल 2026 से राशन कार्ड नियमों में बड़े बदलाव होंगे। इन नए बदलावों से देश में लाखों नाम राशन सूची से हमेशा के लिए हटाए जाने की संभावना है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा राशन कार्ड के लिए नए और कड़े मानदंड पेश किए गए हैं। इसके लिए सरकार ने आय और संपत्ति की सीमा तय की है ताकि केवल जरूरतमंद और वास्तविक लाभार्थियों को ही मुफ्त अनाज का लाभ मिल सके। यदि इनमें से कोई भी मानदंड आपके राशन कार्ड पर लागू होता है, तो आपका राशन कार्ड रद्द किया जा सकता है। राशनकार्ड ई-केवाईसी अनिवार्य होने जा रही है। इसके लिए न सिर्फ नियम बदले गए हैं, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया भी सख्त कर दी गई है। सभी राशन कार्ड धारकों को अब ई-केवाईसी कराना जरूरी है। यदि आप अपने नजदीकी राशन की दुकान पर जाकर आधार सत्यापन पूरा नहीं करते हैं, तो आपका राशन कार्ड तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

**केवाईसी करवाना अनिवार्य**




**गलत जानकारी पर होगी कड़ी कार्रवाई**

प्रशासन ने उन लोगों को कड़ी चेतावनी दी है जो अपनी वास्तविक आर्थिक स्थिति छिपाकर राशन कार्ड का लाभ उठा रहे हैं। यदि जांच के दौरान कोई व्यक्ति गलत सूचना पर राशन लेते पाया गया तो न केवल उसका राशन कार्ड रद्द कर दिया जाएगा, बल्कि उससे प्राप्त खाद्यान्न की वसूली भी बाजार मूल्य के अनुसार की जाएगी, कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। सरकार के इस फैसले से गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले और जरूरतमंद परिवारों को खाद्य आपूर्ति सुचारु रूप से करने में मदद मिलेगी। मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक नई जांच से देशभर में करीब 70 लाख राशन कार्ड रद्द होने की उम्मीद है।

**नए मानदंड**

- **आय सीमा:** यदि शहरी क्षेत्रों में किसी परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक है और यदि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार की आय 2 लाख रुपये से अधिक है, तो परिवार अपात्र होगा।
- **चार पहिया वाहन:** चार पहिया वाहन (कार, ट्रैक्टर आदि) रखने वाले परिवार अब राशन का लाभ नहीं ले सकेंगे।
- **संपत्ति :** यदि किसी के पास 100 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का प्लॉट, फ्लैट या पक्का मकान है, तो वह योजना के लिए अपात्र है।
- **इनकम टैक्स:** अगर परिवार में कोई भी व्यक्ति इनकम टैक्स भर रहा है तो पूरे परिवार का राशन कार्ड रद्द कर दिया जाएगा।
- **घरेलू सुविधाएं:** जिनके घर में एसी या जनरेटर जैसी सुविधाएं हैं उन्हें भी इस सूची से बाहर रखा जाएगा।

# 9.84 लाख लड़कियों का होगा टीकाकरण, 'पिंक ओपीडी' शुरू

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की भावी पीढ़ी को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान का आगाज किया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में 'ऌढश वैक्सीनेशन' (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) और 'पिंक ओपीडी' मिशन को लॉन्च किया। इस अभियान के तहत राज्य की 9 से 14 वर्ष की आयु वाली लगभग 9 लाख 84 हजार लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगाया जाएगा। अभियान की शुरुआत करते हुए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वर्तमान की तनावपूर्ण जीवनशैली और खान-पान में आए बदलावों के कारण कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने 'प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर' (बचाव ही उपचार से बेहतर है) के सिद्धांत पर जोर देते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।

**सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ महाराष्ट्र की बड़ी पहल**



# नारियल की कीमतों में आई तेजी

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** गर्मी के पारे के साथ नारियल की कीमत में भी बढ़ोत्तरी हुई है। पारा चढ़ने से नागरिक असहनीय गर्मी से परेशान होने लगे हैं, इसलिए शरीर को गर्मी से राहत दिलाने के लिए लोग इस समय नारियल पानी पीना पसंद कर रहे हैं, इसलिए पिछले कुछ दिनों से शहर में नारियल पानी की भारी मांग के साथ-साथ नारियल पानी की कीमत में 20 से 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गर्मी बढ़ने और रमजान का महीना शुरू होने के कारण फलों की मांग भी बढ़ गयी है। बाजार में नारियल पानी की भी धूम है और शहर में जगह-जगह नारियल पानी के ठेले नजर आते हैं। दोपहर में सड़क पर चलते समय गन्ने का रस , नीरा, जूस की दुकानों पर नागरिकों की भीड़ नजर आती है। बहुत से लोग नारियल पानी पीना पसंद करते हैं क्योंकि यह बीमारी को निमंत्रण नहीं देता है। नारियल पानी सेहत के लिए फायदेमंद होता है और इसमें एंटीऑक्सीडेंट, वी कॉम्प्लेक्स विटामिन, विटामिन सी, अमीनो एसिड आदि मौजूद होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं, इसलिए नागरिकों में बाहर के शीतल पेय पीने की बजाय नारियल पानी पीने की प्रवृत्ति बढ़ी है। जैसे ही नारियल पानी की मांग बढ़ी है, देखा जा रहा है कि शहर के चौराहों और सड़कों के किनारे नारियल बेचने वालों की भीड़ लग गई है। फिलहाल नारियल पानी की कीमत 60 रुपये से लेकर 90 रुपये तक है, इसके मुताबिक कुछ ग्राहक पानी वाले नारियल का आनंद ले रहे हैं तो कुछ मलाईदार नारियल का।



### ओला ड्राइवर की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**ठाणे।** चार दिन से लापता ओला ड्राइवर का शव अहिल्यानगर जिले के ओटूर पुलिस थाना क्षेत्र में मिला। उसकी ओला कार कल्याण तालुका के गोविली जंगल में मिली थी। ठाणे ग्रामीण अपराध शाखा की टीम घटना की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज तथा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आदर्श चंद्रकांत भालेराव (निवासी टिटवाला) के रूप में हुई है, जबकि मृतक ओला ड्राइवर की पहचान नासिर अहमद के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक मृतक नसीर अहमद नवी मुंबई के रबाले का रहने वाला है। वह चार दिन से लापता था। रबाले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। घटना की पुलिस जांच चल ही रही थी कि शनिवार को ओटूर थाने की पुलिस को मालशेज घाट पर नासिर का शव मिला।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के तीन स्टेशनों का काम अगले साल तक हो जाएगा पूरा

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में महाराष्ट्र के चार स्टेशन शामिल हैं और तीन स्टेशनों का काम 2027 में पूरा हो जाएगा, मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बताया। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किमी है, जिसमें गुजरात और दादरा नगर हवेली 352 किमी, महाराष्ट्र 156 किमी शामिल है।

**महाराष्ट्र के चार स्टेशन शामिल**

महाराष्ट्र के स्टेशनों में बोईसर, विरार, ठाणे और बीकेसी शामिल हैं। वर्तमान में 508 किमी में से 332 किमी पुल और 415 किमी पियर्स पूरे हो चुके हैं और 17 नदी पुल, 05 पीएससी (प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट) और 12 स्टील पुल पूरे हो चुके हैं। 245 किमी की दूरी में 4.9 लाख से अधिक ध्वनि अवरोधक स्थापित किए गए हैं। आरसी ट्रैक बेड के 292 ट्रैक किमी (146 रूट किमी) का निर्माण पूरा हो गया है, लगभग 4800 ओएचई मस्तूल स्थापित किए गए हैं, जो मुख्य वायाडक्ट मार्ग के लगभग 111 रूट किमी को कवर करते हैं। महाराष्ट्र के पालघर जिले में सात पर्वत मार्ग सुरंगों में से पहली सुरंग में सफलता हासिल की गई है। छह अन्य पहाड़ी दर्रों में सुरंगों की खुदाई जारी है। बीकेसी से शिलफाटा (महाराष्ट्र) के बीच 21 किमी लंबी एनएटीएम सुरंग में से 5 किमी की खुदाई पूरी हो चुकी है और महाराष्ट्र में तीन एलिवेटेड स्टेशनों पर काम चल रहा है और मुंबई भूमिगत स्टेशन के बेस स्लैब कास्टिंग का काम जारी है।




### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

यशोभूमि /प्रतिनिधि


**पनवेल।** एक 28 वर्षीय युवक जिस घर में रह रहा था, उसी के हॉल में छत के पंखे से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पनवेल सिटी पुलिस स्टेशन में दी गई है। युवक का नाम अतुल वाघेला है और पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। अतुल वाघेला की आत्महत्या का सही कारण पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## अतिक्रमण के खिलाफ मनपा आयुक्त गगरानी ने दी चेतावनी

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** कांदिवली इलाके में अनधिकृत फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान महापालिका की टीम पर हुए हमले के मद्देनजर आयुक्त भूषण गगरानी ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया और सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान में किसी को नहीं बख्शा जाएगा। आयुक्त भूषण गगरानी ने 8 मार्च को कांदिवली में श्री विश्वकर्मण्ये चौक (लोखंडवाला सर्कल) क्षेत्र का निरीक्षण किया। जब आर (दक्षिण) विभाग द्वारा अनधिकृत फेरीवालों के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई चल रही थी, तो कुछ लोग इकट्ठा हो गए और अधिकारियों और कर्मचारियों पर हमला कर दिया। वाहनों और सामग्रियों में भी तोड़फोड़ की गई। आयुक्त ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सड़क पर खड़ी गाड़ियों और फुटपाथ पर लगे अवरोधों को तुरंत हटाने का आदेश दिया गया।

**महापालिका की टीम पर हमला मामला**



**कॉलेजों को नोटिस**

अनधिकृत फेरीवाले और फुटपाथों पर अतिक्रमण यातायात की भीड़ के साथ-साथ पैदल चलने वालों के लिए भी बाधा उत्पन्न करते हैं। गगरानी ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार कार्रवाई कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों पर हमला करना निंदनीय है और संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चूंकि कुछ स्थानीय कॉलेज के छात्र हमले में शामिल पाए गए हैं, इसलिए संबंधित कॉलेजों को सूचित करने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

## मनपा का 548 करोड़ बकाया, 34 संपत्तियों की ई-नीलामी की सूचना


यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** महापालिका ने भारी संपत्ति कर बकाया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 34 संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए दीर्घकालिक नोटिस जारी किया है। इन संपत्तियों पर कुल बकाया 548 करोड़ 69 लाख 82 हजार 487 रुपए है और इसमें खाली प्लॉट, व्यावसायिक भवन, होटल और मिश्रित उपयोग वाली संपत्तियां शामिल हैं। महापालिका के कर निर्धारण एवं संग्रहण विभाग ने यह कार्रवाई शुरू कर दी है। जिन 11 संपत्तियों की नोटिस अवधि समाप्त हो चुकी है, उनकी वास्तविक नीलामी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और इच्छुक खरीदारों से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। नीलामी प्रक्रिया शुरू होते ही प्रशासन ने बताया कि 5 प्रॉपर्टी मालिकों ने 10 करोड़ 45 लाख रुपए का बकाया चुका दिया है। महापालिका आयुक्त भूषण गगरानी एवं अतिरिक्त आयुक्त (शहर) डॉ. अश्विनी जोशी के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। महापालिका ने बताया कि संयुक्त आयुक्त (कराधान एवं संग्रहण) विश्वास शंकरवार के मार्गदर्शन में बकाया वसूली के लिए योजनाबद्ध कार्रवाई चल रही है। अपनी वित्तीय क्षमता के बावजूद जानबूझकर संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले बकाएदारों के खिलाफ जब्ती, नजरबंदी और नीलामी जैसी सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुंबई महापालिका अधिनियम 1888 की धारा 203 से 206 के अनुसार पहले संपत्ति को जब्त कर नीलाम किया जाएगा।

**दीर्घकालिक नोटिस जारी**

**21 दिन की दी गई सीमा**

महापालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी बकाएदारों को 21 दिन की समय सीमा दी गई है और यदि इस अवधि के भीतर कर का भुगतान नहीं किया जाता है, तो निर्धारित नियमों के अनुसार संपत्तियों की ई-नीलामी की जाएगी।



## नालासोपारा में मनपा की बड़ी कार्रवाई

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**नालासोपारा।** वसई-विरार शहर मनपा ने शनिवार दोपहर नालासोपारा पूर्व के आचोले इलाके में बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मनपा ने एक टेम्पो पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया। मनपा के मुताबिक इस कार्रवाई में करीब 1200 किलोग्राम प्लास्टिक स्टॉक जब्त किया गया है और संबंधित व्यक्ति पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध है और शहर के विभिन्न हिस्सों में प्लास्टिक का व्यापक उपयोग जारी है। मनपा द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील के बावजूद कई दुकानदार, फल विक्रेता और अन्य सामग्री विक्रेता प्लास्टिक बैग का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए देखा जा रहा है कि दैनिक कचरे में प्लास्टिक की मात्रा बढ़ती जा रही है। इसके लिए मनपा के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। शनिवार दोपहर मनपा को नालासोपारा पूर्व के आचोले इलाके में अनमोल बेकरी के पास एक टेम्पो से प्रतिबंधित प्लास्टिक के परिवहन की सूचना मिली।

**1200 किलो प्लास्टिक जब्त**

### ठगी के आरोप में चार पर मामला दर्ज

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** चार लोगों द्वारा ठगी करने की बात सामने आयी है। इस मामले में 6 मार्च को बांगुरनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। जलगांव के मोहम्मद नासिर अनवर हुसैन ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक जून 2022 में ट्रैवल एजेंट रेयान अब्दुल नबी जागीरदार ने कनाडा में नौकरी दिलाने का वादा किया। अप्रैल 2023 में उन्हें एरिस ओवरसीज के माध्यम से रेजिना, सस्केचेवान, कनाडा में उच्च वेतन वाली नौकरी की पेशकश की गई थी।

## भूमि घोटाले की जांच करेगी एसआईटी

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** छत्रपति संभाजीनगर के बृजवाड़ी में लगभग 54 एकड़ सरकारी जमीन, जिसकी कीमत लगभग 200 करोड़ है, को विभागीय आयुक्त और जिला अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और टिकटों का उपयोग करके हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए राजस्व मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले ने विधान परिषद में सीआईडी जांच की घोषणा की, साथ ही शहर में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने वाले एक बड़े रैकेट की आशंका जताते हुए बावनकुले ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री की मंजूरी से एक सप्ताह के भीतर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा और आर्थिक अपराध शाखा के माध्यम से सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक सतीश चव्हाण और विक्रम काले द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री बावनकुले ने कहा कि इस स्थिति को समय पर नोटिस करने के कारण वे 7/12 की हेराफेरी को रोकने में सक्षम हैं और यह जमीन अभी भी सरकार की है। विधायक सतेज पाटिल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित किया क्योंकि पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के 90 दिन बाद भी आरोपी अभी भी फरार है। बावनकुले ने आश्वासन दिया कि इस मामले में दोषी पाए जाने वाले राजस्व अधिकारियों की जांच की जाएगी और उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। विधायक प्रवीण दरेकर ने आक्रामक तरीके से मांग की है कि ऐसे घोटालों की न केवल जांच होनी चाहिए, बल्कि दोषियों को तुरंत जेल भेजा जाना चाहिए।

**बड़े रैकेट की आशंका**



### हाइवे पर दुर्घटना में युवक की मौत

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**मुंबई।** मुंबई-जरगोवा राजमार्ग पर भरणे शिंदेवाड़ी में एक तेज रफ्तार दोपहिया वाहन के नियंत्रण खो जाने से हुई दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है। अद्वैत प्रवीण गीते नाम का एक युवक अपने दोस्त के साथ रॉयल एनफील्ड पर सवार होकर मुंबई-जरागोवा राजमार्ग पर कलंबनी की ओर जा रहा था। भरणे गांव की सीमा के भीतर शिंदेवाड़ी क्षेत्र में दोपहिया वाहन तेज गति से चलाते समय चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया।

## अंतिम चरण में काला घोड़ा सौंदर्यीकरण परियोजना

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** मुंबई के ऐतिहासिक काला घोड़ा परिसर के सौंदर्यीकरण का काम अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और इस महीने के अंत तक सभी काम पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। पत्थर बिछाने, फुटपाथ और क्षेत्र के सौंदर्यीकरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। काला घोड़ा क्षेत्र में वीर भाऊराव गांधी मार्ग, दोरखंड गली, साईबाबा मार्ग, रदरफोर्ड मार्ग और बहरामजी भरूचा मार्ग का नवीनीकरण किया गया है। सप्ताह के अंत में इन सड़कों पर पैदल यात्री क्षेत्र लागू किया जाएगा और इसके लिए ऊंचे और नीचे लोहे के बैरियर लगाए गए हैं। भाजपा नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने कार्य का निरीक्षण कर यह जानकारी दी। चार सड़कों को पैदल यात्री मार्गों के रूप में विकसित किया गया है, जिन्हें स्कॉटलैंड में बुकानन वे और इंग्लैंड में कार्नबी वे के आधार पर तैयार किया गया है। भविष्य में सभी दिनों के लिए वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की भी योजना है। दूसरे चरण में भूमिगत पार्किंग प्रस्तावित है। यहां करीब 150 से 200 वाहनों को पार्क किया जाएगा। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि क्षेत्र में आने वाले नागरिकों और पर्यटकों को कला का आनंद लेने के साथ-साथ वाहनों की भीड़ न दिखे।

**नए लुक से पर्यटकों को करेगी आकर्षित**



**मुंबई का कला केंद्र है काला घोड़ा**

इस परियोजना का विशेष आकर्षण सर जे. जे. कला विद्यालय के कलाकारों द्वारा बनाई गई चार मूर्तियां हैं। इनका चयन स्थानीय निवासियों की भागीदारी से किया गया है। काला घोड़ा को मुंबई का कला केंद्र कहा जाता है। इस क्षेत्र की विरासत को संरक्षित करते हुए इसे और अधिक सुंदर और आकर्षक बनाने का प्रयास किया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही खुले आसमान के नीचे भोजन की सुविधा शुरू होगी और पर्यटकों को एक अलग अनुभव मिलेगा।

### दुर्लभ पक्षी 'ब्राह्मणी काइट' पाई गई

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** सिंगापुर में पाई जाने वाली दुर्लभ पक्षी 'ब्राह्मणी काइट' शहर के बैलघोड़ा पशु चिकित्सालय में घायल अवस्था में पाई गई है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि यह पक्षी पहली बार मुंबई में देखा गया था। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कर्मचारियों को पक्षी बैलघोड़ा अस्पताल के परिसर में घरेलू जानवरों के लिए विशेष सुविधा के पास पड़ा हुआ मिला। 'ब्राह्मणी काइट' होने के कारण सभी के मन में यह सवाल उठा कि यह पक्षी यहां कैसे आया। इस पक्षी के पंखों के कुछ हिस्से कटे हुए पाए गए, यह उड़ नहीं सकता था और थोड़ा कमजोर था। उसका तुरंत इलाज किया गया। वन्य जीव विभाग को भी इसकी सूचना दे दी गई है।






## श्रीकृष्ण उवाच

परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे ॥

यशोभूमि
# संपादकीय

## संकट में पश्चिम एशिया


पश्चिम एशिया लंबे समय से तनाव और टकराव की भूमि रहा है, परंतु हाल की घटनाओं ने इस क्षेत्र को अभूतपूर्व अस्थिरता की ओर धकेल दिया है। वर्षों तक गुप्त अभियानों, परोक्ष हमलों और सीमित टकराव के रूप में चलने वाला संघर्ष अब खुली जंग का रूप ले चुका है। इस परिवर्तन ने न केवल क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित किया है बल्कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को भी गंभीर संकट में डाल दिया है। फरवरी के अंतिम दिनों में हुए हवाई हमलों ने इस संघर्ष की दिशा पूरी तरह बदल दी। ईरान के भीतर हुए इन हमलों में केवल सैन्य ढांचे ही नहीं बल्कि सत्ता के शीर्ष स्तर को भी निशाना बनाया गया। जब किसी देश के नेतृत्व को सीधे लक्ष्य बनाया जाता है तो यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं रहती बल्कि पूरे क्षेत्र को अस्थिर करने वाला कदम बन जाती है। ऐसे हमले अक्सर प्रतिशोध और हिंसा के नए दौर को जन्म देते हैं। इस संघर्ष की सबसे चिंताजनक बात इसका विस्तार है। लेबनान में सक्रिय सशस्त्र समूहों की भागीदारी, इराक में समर्थक मिलिशिया की गतिविधियां और यमन में विद्रोही शक्तियों की सक्रियता ने इस टकराव को बहुस्तरीय बना दिया है। जब एक युद्ध कई देशों और समूहों को अपने घेरे में ले लेता है तो उसका प्रभाव सीमाओं से कहीं आगे तक फैल जाता है। यही कारण है कि यह संकट अब केवल क्षेत्रीय विवाद नहीं बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। समुद्री क्षेत्र में हुई एक घटना ने इस तनाव को और अधिक गंभीर बना दिया। अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक युद्धपोत पर हमला केवल सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि समुद्री नियमों और परंपराओं के लिए चुनौती है। समुद्र लंबे समय से व्यापार और संपर्क का सुरक्षित मार्ग माना जाता रहा है। यदि युद्ध वहां तक पहुंच जाए तो इसका असर पूरी विश्व अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इस घटना ने यह संकेत दे दिया है कि समुद्री मार्ग भी अब संघर्ष के प्रभाव से अछूते नहीं रहे। इस संकट का सबसे संवेदनशील पहलू ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। वह समुद्री मार्ग जिसके माध्यम से विश्व का बड़ा हिस्सा तेल और गैस प्राप्त करता है अब तनाव के केंद्र में आ गया है। यदि इस मार्ग में बाधा आती है तो उसके परिणाम दूरगामी होंगे। ऊर्जा की कीमतों में उछाल, आपूर्ति की अनिश्चितता और व्यापारिक गतिविधियों में व्यवधान कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकते हैं। यह स्थिति एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठाती है कि क्या सैन्य शक्ति के प्रयोग से राजनीतिक समस्याओं का समाधान संभव है। इतिहास बार-बार यह दिखाता रहा है कि किसी नेतृत्व को समाप्त कर देने से किसी संघर्ष का अंत नहीं होता। इसके विपरीत अक्सर ऐसे कदम प्रतिरोध को और मजबूत बना देते हैं। वर्तमान संकट भी उसी दिशा में बढ़ता दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया आज जिस मोड़ पर खड़ा है वह केवल क्षेत्रीय तनाव का संकेत नहीं बल्कि वैश्विक व्यवस्था की परीक्षा भी है। यदि यह युद्ध और फैलता है तो उसका प्रभाव व्यापार, ऊर्जा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर गहरा पड़ेगा। इसलिए आवश्यक है कि हथियारों की भाषा से आगे बढ़कर संवाद और कूटनीति का मार्ग खोजा जाए।

## प्रसंगत: संकल्प की ताकत

एक बालक परीक्षा में फेल हो गया। उसके साथियों ने इस पर उसका खूब मजाक उड़ाया। इससे उस लड़के को गहरा सदमा पहुंचा। उसके बाद से वह अत्यंत तनावग्रस्त रहने लगा। उसने पढ़ना-लिखना और यहां तक कि ढंग से खाना-पीना भी छोड़ दिया। वह हर समय एक कोने में गुमसुम बैठा रहता। बालक के माता-पिता ने उसे प्यार से समझाया, बेटा, एक बार फेल होना इतनी बड़ी असफलता नहीं है, जिससे तुम इस तरह परेशान हो जाओ। आखिर ऐसा कब तक चलेगा। जो हुआ उसे भूल जाओ और आगे की सोचो।' किंतु बालक को माता-पिता की बातों से संतुष्टि नहीं मिली। मानसिक अशांति और निराशा में उसे कुछ नहीं सूझा और वह एक रात आत्महत्या करने के लिए चल पड़ा। रास्ते में एक बौद्ध मठ मिला जहां से कुछ आवाजें आ रही थीं। बालक उत्सुकतावश उन आवाजों को सुनने के लिए मठ के अंदर चला गया। वहां उसने देखा कि एक भिक्षुक कह रहा था, पानी मैला क्यों नहीं होता, क्योंकि वह बहता रहता है। पानी के मार्ग में बाधाएं क्यों नहीं आतीं? क्योंकि वह बहता रहता है। पानी का एक बिंदु झरने से नदी, नदी से महानदी और महानदी से समुद्र क्यों बन जाता है? क्योंकि वह बहता रहता है। इसलिए मेरे जीवन! तुम रुको मत, बहते रहो। जीवन में कुछ असफलताएं आती हैं, लेकिन तुम उनसे घबराओ मत। उन्हें लांघकर दोगुनी मेहनत करते चलो। बहना और चलना ही जीवन है। एक असफलता से भी घबरा कर रुक गए तो उसी तरह सड़ जाओगे, जिस तरह ठहरा हुआ पानी सड़ जाता है।' बालक को ये बातें अच्छी लगीं। वह ठहरकर इस पर विचार करने लगा। उसका खोया हुआ आत्मविश्वास लौटा। उसने ठान लिया कि वह निराश नहीं होगा और जीवन में आगे बढ़ेगा।

## दैनिक पंचांग

**9 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.36 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 08.06 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.46 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.44 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.58 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.14 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.26 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.37 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.51 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.07 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.13 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.59 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 68 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 23.28 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 16.12 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 07.36 बजे को समाप्त।
**करण** गर 10.17 बजे तदनन्तर वणिज 23.28 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 35'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872643
**जूलियन दिन** 2461108.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 19
**विशेष** एकनाथ छठ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# उप्र में ग्रामीण महिलाओं के साथ गांव का विकास



**अशोक कुमार मिश्र**
चर्चित स्तंभकार, लखनऊ

दैनिक यशोभूमि आमंत्रित लेख

कहते हैं कि भारत गांव में बसता है। गांव के विकास से ही देश का विकास संभव है। इसी को ध्यान में रखते हुए यूपी में गांव व ग्रामीण महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गांव जहां उन्नत हो रहें हैं, वहीं महिला सशक्तिकरण की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। पहले जहां स्वयं सहायता समूहों की योजनाएं सीमित विकास खंडों तक सिमटी थीं, वहीं अब यह मिशन राज्य के हर कोने में पहुंच चुका है। वर्ष 2013-14 से लेकर 2016-17 तक यह योजना केवल 104 विकास खंडों तक सीमित रही थी। अब इसे प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों तक विस्तार मिला है। यानी दायरा आठ गुना तक बढ़ चुका है।

यूपी सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ रही है। इसके जरिए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ छह लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। कपड़ा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, सौंदर्य उत्पाद और ऑर्गेनिक खेती जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों का प्रशिक्षण पाकर महिलाएं अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई पहचान बन रही हैं। विभिन्न जिलों से जुड़े महिला समूह अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिये अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहे हैं।

यूपी सरकार द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को उनके स्वयं के भवनों में संचालित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चे आते हैं और ये केंद्र प्री-प्राइमरी के रूप में भी उपयोगी हैं। ऐसे में बच्चों की सुविधा, पठन-पाठन की उत्कृष्ट व्यवस्था तथा भवनों का आकर्षक स्वरूप सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। प्रदेश में 1.89 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें से लगभग 76 हजार केंद्र अभी अपने स्वयं के भवनों में नहीं चल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि इन भवनों के निर्माण में कॉरपोरेट-सोशल रिस्पांसिबिलिटी (CSR) का सहयोग लिया जा सकता है और आवश्यकतानुसार राज्य सरकार भी वित्तीय सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्री-फैब्रिकेटेड मॉडल अपनाया जा सकता है। जहां भी संभव हो, प्राथमिक विद्यालयों के प्रांगण में ही बाल-मित्र आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जाए, ताकि शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित एकीकृत सेवाएं एक ही स्थान पर सहजता से उपलब्ध हो सकें। बच्चों, गर्भवती माताओं और समुदाय को सुरक्षित, स्वच्छ तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आंगनबाड़ी केंद्र केवल भवन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों की बुनियाद हैं। आंगनबाड़ी भवनों का मॉडल समावेशी एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसमें पेयजल सुविधा, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, खेल-आधारित गतिविधियों हेतु पर्याप्त 'प्ले एरिया', किचन शेड, हॉट-कुक्ड मील की व्यवस्था, लो-हाइट वॉश यूनिट, बाल-मित्र शौचालय, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पृथक कक्ष तथा रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सहित पोषण वाटिका जैसी व्यवस्थाएं शामिल होंगी।



> “यूपी सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ रही है। इसके जरिए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ छह लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। कपड़ा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, सौंदर्य उत्पाद और ऑर्गेनिक खेती जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों का प्रशिक्षण पाकर महिलाएं अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई पहचान बन रही हैं। विभिन्न जिलों से जुड़े महिला समूह अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिये अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहे हैं।”

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी अब गांवों के विकास की नई पहचान बनती जा रही है। स्वयं सहायता समूहों, सरकारी योजनाओं और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि गांव के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आज गांव की महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कृषि और छोटे उद्योगों के क्षेत्र में सक्रिय होकर विकास की नई कहानी लिख रही हैं।

राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर लाखों महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। ये महिलाएं दुग्ध उत्पादन, सिलाई-कढ़ाई, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन और पशुपालन जैसे कार्यों से आय अर्जित कर रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रियता का प्रभाव गांव के सामाजिक ढांचे पर भी साफ दिखाई दे रहा है। महिलाएं अब पंचायतों में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। ग्राम प्रधान, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य के रूप में उनकी भागीदारी से गांव के विकास कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बढ़ी है। महिलाएं शिक्षा, पेयजल, सड़क, स्वच्छता और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देकर योजनाओं को जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं में भी ग्रामीण महिलाओं की भूमिका अहम है। गांवों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, शौचालय निर्माण को प्रोत्साहित करने और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के अभियान में महिलाएं सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं। इसके साथ ही आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता के रूप में महिलाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में भी योगदान दे रही हैं। कृषि क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। कई गांवों में महिलाएं समूह बनाकर जैविक खेती, सब्जी उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण के कार्य कर रही हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है।

डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में भी ग्रामीण महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। कई स्वयं सहायता समूह अब डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन विपणन और सरकारी पोर्टलों के उपयोग में दक्ष हो रहे हैं। इससे महिलाओं को बाजार तक सीधी पहुंच मिल रही है और उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ रही है। ग्रामीण विकास की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत किया जाए, तो गांवों का समग्र विकास और तेजी से संभव हो सकता है। उत्तर प्रदेश के गांवों में महिलाओं की बढ़ती सक्रियता यह संकेत देती है कि ग्रामीण विकास का भविष्य अब महिलाओं की शक्ति और सहभागिता से और सशक्त होगा। ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण से उत्तर प्रदेश के गांवों में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव की नई धारा प्रवाहित हो रही है। महिलाएं अब केवल घर तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि गांव के विकास की धुरी बनकर प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को नई दिशा दे रही हैं।

# उन्नीसवां पारा: प्रकृति, जीव और हम



**सैयद सलमान**
वरिष्ठ पत्रकार
व स्वतंत्र लेखक

दैनिक यशोभूमि मुस्लिम जगत

कुरआन का उन्नीसवां पारा धार्मिक उपदेशों का संग्रह तो है ही, साथ ही मनुष्य, प्रकृति और उसके सह-अस्तित्व का एक जीवंत दर्शन है। इसमें याद दिलाया गया है कि इंसान इस विशाल ब्रह्मांड में अकेले वास नहीं करता, बल्कि हर छोटे-बड़े जीव और प्राकृतिक तत्व एक साथ गहरे सूत्र में बंधे हैं। सूरह फुरकान, सूरह शुअरा और सूरह नम्ल के अंशों से बुना यह पारा जहां एक ओर सृष्टा की महानता के प्रमाण देता है, वहीं दूसरी ओर इंसान के अस्तित्व की सार्थकता को प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने में देखता है। यह हिस्सा सत्य और असत्य के उस शाश्वत संघर्ष की गाथा कहता है, जो सभ्यता के आरंभ से आज तक निरंतर जारी है।

इस पारे की एक बड़ी विशेषता उन ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख है, जो आज के सामाजिक ढांचे पर भी सटीक बैठते हैं। सूरह शुअरा में हजरत मूसा, हजरत इब्राहीम, हजरत नूह, हजरत हूद, हजरत सालेह, हजरत लूत और हजरत शोएब जैसे पैगंबरों के जीवन का चित्रण मिलता है। इन महापुरुषों के संघर्ष में एक बात समान थी, अपनी कौम की जड़ता के विरुद्ध आवाज उठाना। हर दौर में सुधारकों को इसी दलील का सामना करना पड़ा कि 'हम तो वही करेंगे जो हमारे पूर्वज करते आए हैं।' परंपरा के नाम पर कुरीतियों को थामे रखने की यही हठधर्मी आज भी आधुनिक समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। तर्क और विज्ञान के इस युग में भी इंसान अक्सर लकीर का फकीर बना रहना चाहता है, भले ही वह लकीर विनाश की ओर ले जा रही हो।

समकालीन समय में जब मानसिक अशांति और वैचारिक बिखराव चरम पर है, यह पारा एक संतुलित जीवनशैली का मार्ग प्रशस्त करता है। सूरह फुरकान में 'रहमान के बंदों' यानी आदर्श मनुष्यों के जो गुण गिनाए गए हैं, वे किसी भी सभ्य समाज की नींव हो सकते हैं। वे लोग जो धरती पर विनम्रता के साथ चलते हैं, जो अज्ञानता और विवाद का सामना होने पर अपशब्दों के बजाय 'सलाम' अर्थात 'शांति' कहकर शालीनता से आगे बढ़ जाते हैं। यह आचरण सिखाता है कि प्रतिक्रिया देना हमेशा जरूरी नहीं होता, कभी-कभी मौन और गरिमा सबसे बड़ा उत्तर होते हैं। आज की शोर-शराबे वाली दुनिया में यह धीर-गंभीर व्यवहार आत्मिक शांति का एकमात्र उपाय नजर आता है।

पारे का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू वैचारिक संघर्ष या 'जिहाद' की सही व्याख्या है। सूरह फुरकान की आयत संख्या 52 में सत्य को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। आज के सूचना तंत्र और सोशल मीडिया के युग में यह संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। यहां संघर्ष का अर्थ हथियारों से नहीं, बल्कि तर्क, प्रमाण और बेहतर संवाद से है। नकारात्मक विमर्श के बीच सत्य को मजबूती और खूबसूरती के साथ पेश करना ही वास्तविक वैचारिक विजय है।



रमजान-उन्नीसवां रोजा

इसी क्रम में साहित्य और कला की जिम्मेदारी पर भी गंभीर टिप्पणी की गई है। सूरह शुअरा स्पष्ट करती है कि वह रचनात्मकता व्यर्थ है जो समाज को भटकाव, अश्लील प्रदर्शन या अराजकता की ओर ले जाए। लेकिन उन रचनाकारों की सराहना की गई है जो नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को अपनी कला का आधार बनाते हैं। यह संदेश कला पर पाबंदी नहीं, बल्कि कलाकार की सामाजिक जवाबदेही तय करता है।

प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता इस पारे का एक और सुंदर पक्ष है। हजरत सुलेमान और चींटी का प्रसंग एक कथा के साथ-साथ पारिस्थितिकीय संतुलन का पाठ है। जब हजरत सुलेमान को पक्षियों और जीव-जंतुओं की भाषा समझने की शक्ति दी गई, तो यह इस बात का संकेत था कि मनुष्य का प्रकृति के साथ गहरा और संवेदनात्मक जुड़ाव होना चाहिए। छोटे से छोटे जीव के अस्तित्व का सम्मान करना और संसाधनों का दोहन न करना आज के वैश्विक पर्यावरण संकट का इकलौता समाधान है। उपभोक्तावादी संस्कृति और बेतहाशा खर्च की होड़ के बीच यह पारा मध्यम मार्ग का सिद्धांत देता है। आदर्श जीवन वह है जहां न तो फिजूलखर्ची हो और न ही कंजूसी। आर्थिक संतुलन का यह सूत्र व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक अर्थव्यवस्था तक के लिए संजीवनी है। साथ ही, यह समाज की उस उदासीनता पर भी प्रहार करता है जहां लोग अन्याय और संकट को देखकर भी आंखें मूंद लेते हैं। सत्य को सुनकर अनसुना कर देना या पीड़ित को देखकर अनदेखा कर देना आत्मिक पतन की निशानी बताई गई है। उन्नीसवां पारा मनुष्य को उसकी मौलिक पहचान से रूबरू कराता है और सिखाता है कि जीवन केवल अस्तित्व बचाए रखने का नाम नहीं, बल्कि मूल्यों के साथ जीने का नाम है। सामाजिक न्याय, आपसी भाईचारा, नैतिकता और प्रकृति के साथ सामंजस्य वगैरह वे आधार स्तंभ हैं, जिन पर एक स्वस्थ समाज की इमारत खड़ी हो सकती है। यह अध्ययन केवल शब्दों को दोहराने के लिए नहीं, बल्कि उन मूल्यों को व्यवहार में उतारने का आह्वान करता है जो आज के तनावपूर्ण जीवन में सुकून और सार्थकता भर सकते हैं।

> उन्नीसवां पारा मनुष्य को उसकी मौलिक पहचान से रूबरू कराता है और सिखाता है कि जीवन केवल अस्तित्व बचाए रखने का नाम नहीं, बल्कि मूल्यों के साथ जीने का नाम है। सामाजिक न्याय, आपसी भाईचारा, नैतिकता और प्रकृति के साथ सामंजस्य वगैरह वे आधार स्तंभ हैं, जिन पर एक स्वस्थ समाज की इमारत खड़ी हो सकती है। यह अध्ययन केवल शब्दों को दोहराने के लिए नहीं, बल्कि उन मूल्यों को व्यवहार में उतारने का आह्वान करता है जो आज के तनावपूर्ण जीवन में सुकून और सार्थकता भर सकते हैं।

# चैत्र माह में क्या करें और क्या नहीं

## जानें नवरात्रि के दौरान विशेष सावधानियां

**चैत्र मास हिंदू कैलेंडर का पहला महीना है, जिसमें नवरात्रि, रामनवमी, हनुमान जयंती और रंग पंचमी जैसे महत्वपूर्ण पर्व आते हैं। इस महीने में सूर्य की ऊर्जा और चंद्रमा की स्थिति विशेष प्रभाव डालती है। वेदों, पुराणों और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चैत्र में कुछ कार्य शुभ फल देते हैं, जबकि कुछ गलतियां जीवन में बाधाएं, आर्थिक हानि या स्वास्थ्य समस्याएं ला सकती हैं। आइए जानते हैं चैत्र माह में क्या करना चाहिए और क्या नहीं।**



### चैत्र माह में क्या करें

चैत्र माह नई शुरुआत का प्रतीक है। इस दौरान सुबह जल्दी उठकर सूर्य को अर्घ्य दें, क्योंकि सूर्य मेष में प्रवेश करता है। नवरात्रि में घटस्थापना, कलश पूजन और मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा अवश्य करें। गुढी पाड़वा पर गुढी लगाना, नए वस्त्र पहनना और मीठा भोजन करना शुभ माना जाता है। इस महीने में दान-पुण्य, तुलसी पूजा, विष्णु मंत्र जाप और रामायण पाठ विशेष फलदायी होते हैं। जौ बोना, नए संकल्प लेना और घर की सफाई करना भी शुभ है। इन कार्यों से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और वर्ष भर सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### चैत्र माह में क्या न करें

चैत्र मास में कुछ कार्यों से बचना चाहिए, क्योंकि ये ग्रहों की स्थिति के कारण प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

■ नए घर का निर्माण या भूमिपूजन न करें (चैत्र में निर्माण शुरू करना अशुभ माना जाता है)। विवाह या मुंडन जैसे संस्कार न करवाएं (चैत्र में विवाह वर्जित हैं)। नई दुकान या व्यवसाय की शुरुआत न करें।

■ बड़े-बड़े निवेश, शेयर खरीद या ऋण लेने से बचें। घर में झाड़ू-पोछा या सफाई का काम रात में न करें।

■ मांस-मदिरा, तामसिक भोजन और क्रोध से दूर रहें।

■ इन गलतियों से आर्थिक हानि, पारिवारिक तनाव या स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

### नवरात्रि के दौरान विशेष सावधानियां

चैत्र नवरात्रि में व्रत रखने वाले भक्तों को विशेष नियमों का पालन करना चाहिए। व्रत में फलाहार करें, लेकिन नमक कम लें। रात में जागरण करें, लेकिन झूठी नींद न लें। नवरात्रि में काले कपड़े न पहनें और घर में नकारात्मक बातें न करें। कन्या पूजन और अष्टमी-नवमी पर कन्याओं को भोजन अवश्य कराएं। यदि व्रत टूट जाए तो पुनः शुरू न करें, बल्कि अगले दिन से नियमित पूजा करें। इन नियमों का उल्लंघन करने से मां दुर्गा की कृपा कम हो सकती है।

**चैत्र माह में स्वास्थ्य और आहार से जुड़े नियम**

चैत्र में पित्त और वात दोष बढ़ने की संभावना रहती है।

इसलिए ठंडे, तीखे और ज्यादा मसालेदार भोजन से परहेज करें।

खट्टे फल (आंवला, नींबू) और हरी सब्जियां अधिक लें। रोजाना तुलसी का पानी पिएं और सूर्य नमस्कार करें।

## आपका राशिफल 09 मार्च

**मेष** – व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-8

**वृषभ** – सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** – प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

**कर्क** – शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** – शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-4-5-6

**कन्या** – परिश्रम-प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में न पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** – स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** – लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। शुभांक-3-6-7

**धनु** – सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। शुभांक-3-6-7

**मकर** – स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** – प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** – श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

यशोभूमि आपकी चिट्ठी

## फेरीवालों से परेशानी

आपकी चिट्ठी के माध्यम से ठाणे मनपा का ध्यान शहर में बढ़ते फेरीवालों की तरफ दिलाना चाहता हूं। सड़क किनारे सब्जियां और फल बेचनेवालों ने जगह-जगह अनधिकृत कब्जा कर लिया है। परिणामस्वरूप, नागरिकों के चलने के लिए कोई फुटपाथ उपलब्ध नहीं है। हिरानन्दानी क्षेत्र के पाटलीपाड़ा, कासरवडवली जैसे इलाकों में सब्जी, फल और खाने-पीने के स्टॉल फुटपाथों पर लगे हुए हैं। मनपा द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित फुटपाथ आखिर किसके लिए है? अतः मनपा से अनुरोध है कि उक्त इलाकों को अवैध फेरीवालों से मुक्त करवाएं। ■ **शेखर यादव, ठाणे**



## संक्षिप्त समाचार

### जहरीला पदार्थ खाकर विवाहिता ने दी जान

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के पूरामुकुंद गांव में एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। उक्त गांव निवासी इंद्रजीत की 22 वर्षीया विवाहिता पुत्री मनीषा ने दोपहर बाद उस समय जहरीला पदार्थ खा लिया, जब घर पर कोई मौजूद नहीं था। काफी देर बाद पता चलने पर लोग बेहोशी हालत में उसे सीएचसी ले गए, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ल ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने हेतु एक एसआई को जिला अस्पताल भेजा गया है।

### ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रतापगढ़।** लखनऊ से वाराणसी की ओर जा रही ट्रेन के धक्के से एक युवक की मौत हो गई। नगर कोतवाली के पूरेमाद निवासी सिराज अहमद का 26 वर्षीय बेटा जुबेर अहमद लखनऊ-वाराणसी रेल लाइन पर देहात कोतवाली के रामपुर गौरी के पास खड़ा था। ट्रेन रामपुर गौरी गांव के पास पहुंची तो वह अचानक रेल लाइन के बीच में आकर खड़ा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेन से धक्का लगने पर वह लाइन के बीच में गिर गया। ट्रेन आगे चली गई, लेकिन सिर में पत्थर लगने से उसकी मौत हो गई थी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे पृथ्वीगंज चौकी इंचार्ज अखिलेश प्रताप ने कांस्टेबल विजय बघेल के साथ उसे मेडिकल कॉलेज भेजा, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही परिजन भी पहुंचे और शव देखते ही कोहराम मच गया।

### खाई में गिरने से बाइक सवार युवक घायल

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सुल्तानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर एक बाइक अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार युवक मोहम्मद शकील पुत्र बंसी मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मलिकपुर भाखरा गांव का निवासी है। वह सुबह के समय बाइक से कहीं जाने के लिए निकला। इस दौरान दोस्तपुर थाना क्षेत्र के हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर एक निजी स्कूल के सामने स्थित तिराहे पर जैसे ही उसकी बाइक पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट नीचे खाई में जा गिरी। इस हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया।

### कड़ा धाम में 11 से लगेगा गर्दभ मेला

**यशोभूमि / एजेंसी**

**कौशांबी।** 51 शक्तिपीठों में शुमार प्रसिद्ध शक्तिपीठ कड़ा धाम में आदिशक्ति मां शीतला का दिव्य एवं प्रसिद्ध मंदिर है। यहां 11 मार्च से दो दिवसीय विशाल गर्दभ (गधा) मेले का आयोजन होने जा रहा है। मेला आदिकाल से लगने वाली एक अनोखी और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। हर वर्ष शीतला अष्टमी (गर्दभ अष्टमी) के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में जम्मू-कश्मीर तक के खरीदार आते हैं। मान्यता के अनुसार इस दिन हजारों श्रद्धालु शीतला माता के दरबार में दर्शन-पूजन करने के लिए कड़ा धाम पहुंचते हैं। श्रद्धालु मां शीतला के दर्शन के पश्चात मेले में जाकर मां के वाहन गर्दभ (गधे) को दूध पिलाते हैं तथा चना और घास खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### तापमान बढ़ते ही जलने लगे ट्रांसफार्मर

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सुल्तानपुर।** मार्च माह की शुरुआत में ही तापमान 30 डिग्री से अधिक पहुंच गया है, जिससे गर्मी की शुरुआती दौर में ही बिजली की खपत में 15 प्रतिशत इजाफा हो गया है। इससे विगत एक माह में 50 ट्रांसफार्मर खराब हो चुके हैं। खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराने में विभाग को लाखों रुपए खर्च करने पड़ रहें हैं। जिले में चार लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली मुहैया कराने के लिए 44 उपकेन्द्र संचालित हैं। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई की जाती है। ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र के कई ट्रांसफार्मर शुरुआती दौर में ही ओवरलोड हो गए हैं। दरियापुर वर्कशॉप में ट्रांसफार्मर की मरम्मत के लिए कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है।

# राज्यपाल ने सशक्त भूमिका के लिए महिलाओं को किया प्रेरित

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को जन भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा,

#### कहा, राष्ट्र के विकास में है महत्वपूर्ण भूमिका

ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठन, राजकीय बाल संरक्षण गृह, समाज सेवा व विविध उद्यमों से जुड़ी महिलाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 200 महिलाएं उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने-अपने उद्यम, तकनीक और नवाचारों को साझा किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय और नवाचार प्रारंभ करने वाली महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं की सराहना करते हुए उन्हें सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा उनकी शक्ति और संकल्प देश की प्रगति का आधार है। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिला उद्यमियों, शिक्षाविदों और अधिकारियों को एक-दूसरे से जुड़कर कार्य करना चाहिए। विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान**



**उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाएं रहीं उपस्थित**

कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा, ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठन, समाज सेवा व विविध उद्यमों से जुड़ी महिलाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 200 महिलाएं उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने-अपने उद्यम, तकनीक और नवाचारों को साझा किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय और नवाचार प्रारंभ करने वाली महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं की सराहना करते हुए उन्हें सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# कार सवार बदमाशों ने किया घर लौट रहे छात्र का अपहरण

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र से एलकेजी के छात्र को उसके दादा के सामने से कार सवार दो बदमाश खींचकर फरार हो गए। पुलिस टीम की कार्यप्रणाली से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने

- विभिन्न पहलुओं से की जा रही मामले की जांच
- पुलिस की कार्यप्रणाली से लोगों में आक्रोश

बताया कि बच्चे की बरामदगी के लिए टीमें लगी हुई हैं। विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। माण्डा थाना क्षेत्र के सरायकला गांव निवासी ओमप्रकाश मुम्बई में निजी सुरक्षाकर्मी के रूप में काम करता है। उसके दो बच्चे हैं, बड़ा 6 वर्षीय बेटा प्रतीक है जो घर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित स्कूल में स्कूल वैन से पढ़ने जाता है। शनिवार की शाम प्रतीक को उसके दादा लेने के लिए चौराहे पर गए, जहां से पता पूछने के बहाने कार सवार बदमाश पहुंचे और स्कूल वैन से उतरकर प्रतीक जैसे अपने दादा की ओर बढ़ा, इस बीच बदमाश प्रतीक को कार में खींचकर फरार हो गए। प्रतीक के दादा नागेश्वर ने इस संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना के बावजूद मांडा थाने की पुलिस की टीम मौके पर काफी देर से पहुंची, इस बीच कार सवार बदमाश फरार हो गए। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बच्चे की बरामदगी के लिए कई टीमों को लगाया गया है।



**मौके पर काफी देर से पहुंची पुलिस की टीम**

शनिवार की शाम प्रतीक को उसके दादा लेने के लिए चौराहे पर गए, जहां से पता पूछने के बहाने कार सवार बदमाश पहुंचे और स्कूल वैन से उतरकर प्रतीक जैसे अपने दादा की ओर बढ़ा, इस बीच बदमाश प्रतीक को कार में खींचकर फरार हो गए। प्रतीक के दादा नागेश्वर ने इस संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना के बावजूद मांडा थाने की पुलिस की टीम मौके पर काफी देर से पहुंची, इस बीच कार सवार बदमाश फरार हो गए। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# विवाहिता ने नहर के किनारे पेड़ से फंदा लगाकर की आत्महत्या

**यशोभूमि / भाषा**

**सुल्तानपुर।** जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र में रविवार को एक विवाहिता ने नहर के किनारे पेड़ से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह सूचना मिली कि मुंजेश नगर चौराहे के पास नहर के किनारे एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि महिला अपनी ही साड़ी से फंदा लगाकर पेड़ से लटकी हुई है, जिसका आधा शरीर नहर के पानी में तथा आधा पानी के ऊपर था। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि लगभग 26 वर्षीय महिला का विवाह करीब सात वर्ष पहले हुआ था और वह परिवार में किसी बात को लेकर नाराज होकर अपने ससुराल से निकल गई थी। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



# विभाग ने चालू किया नया सुपर आधार सेंटर

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** जिले में नगरवासियों के लिए आधार नामांकन और अपडेट अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। भारतीय डाक विभाग ने प्रधान डाकघर फतहां परिसर में नया सुपर

#### हर नागरिक को मिलेगी नजदीक डिजिटल सुविधा

आधार सेंटर चालू किया है, जिससे नगरवासियों को अपने डिजिटल पहचान दस्तावेज अपडेट करने में बड़ी सुविधा मिलेगी। पोस्टमास्टर ऋतुराज कुमार ने रविवार को बताया कि सुपर आधार सेंटर में तीन काउंटर संचालित किए गए हैं। यह सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा, जिससे लोग अपनी सुविधा अनुसार आधार सेवाओं का लाभ ले सकते हैं और लंबी कतारों की समस्या खत्म होगी। सेंटर पूरी तरह से तैयार है। अधीक्षक डाकघर मिर्जापुर अतुल कुमार ने कहा कि सुपर आधार सेंटर मिर्जापुर के लिए सिर्फ एक सेवा केंद्र नहीं, बल्कि सुविधा, सरलता और डिजिटल क्रांति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रधान डाकघर के अलावा, उपडाकघर इंडस्ट्रियल स्टेट और उपडाकघर कचहरी में भी आधार नामांकन और अपडेट की सुविधा उपलब्ध है। इससे नागरिकों को अपने नज़दीकी स्थान पर ही सेवाएं मिल सकेंगी। पोस्टमास्टर ऋतुराज कुमार ने नगरवासियों से अनुरोध किया कि वे आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं और अपने आधार को अपडेट करें। यह कदम नागरिकों को सरकारी और डिजिटल सेवाओं तक आसान पहुंच दिलाएगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि पहल से मिर्जापुर को डिजिटल इंडिया के मॉडल शहरों में शामिल करने में मदद करेगी।



# पोते ने की चरी काटने गए बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या

**यशोभूमि / एजेंसी**

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली के रामपुर धमांवा में चरी काटने गए बुजुर्ग को दिनदहाड़े पोते ने कुल्हाड़ी से काट डाला। बेरहमी से हत्या करने के बाद आरोपी भाग निकला। खेतों में मौजूद लोगों ने सनसनीखेज वारदात को देखा तो परिजनों को सूचना दी। जानकारी होने पर एसपी, एएसपी व सीओ घटनास्थल पहुंचे। मौका-ए-वारदात का मुआयना करने के बाद परिजनों से पूछताछ की। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। रामपुर धमांवा निवासी बाबूलाल सरोज (70) अपनी पत्नी गुलजारा के साथ इकलौते बेटे दिनेश सरोज से अलग रहते थे। बाबूलाल चरी काटने के लिए अपने खेत गए थे। वहीं पर उनके पोते नितिन सरोज ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार करके उनकी निर्मम हत्या कर दी। खेतों में मौजूद लोगों ने देखा तो शोर मचाया।



# पुलिस ने छह शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**देवरिया।** रुद्रपुर पुलिस ने रविवार को छह शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक अवैध पिस्टल, चार तमंचा, पांच जिंदा कारतूस, नकदी और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि रुद्रपुर थाना पुलिस ने एक सूचना पर रुद्रपुर-डाला मार्ग स्थित लखनाघाट मोड़ के पास से छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में गोलू यादव, राजन गुप्ता, राहुल साहनी, शिवम सिंह, रोशन यादव उर्फ छोटू और नितेश यादव शामिल हैं। ये सभी गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं। इन सभी के पास से नकदी, तमंचा मय कारतूस और पिस्टल के साथ दो मोटर साइकिल

#### अवैध पिस्टल, तमंचा और दो मोटरसाइकिल बरामद

बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकारा कि 3 दिसम्बर 2025 को करहकोल के पास एक युवक से उसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल लूटी थी। 28 फरवरी 2026 को डहरौली बुजुर्ग स्थित ओमकार नाथ साहनी पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के झोले से 8,440 रुपये लूटे थे।



# तीन दुकानों से हजारों की चोरी

**यशोभूमि / एजेंसी**

**कौशांबी।** स्थानीय कस्बा निवासी राजू व पप्पू ने कस्बे में पॉवर हाउस के समीप पान की गुमटी खोल रखी है। गत रात ताला तोड़कर चोर राजू की गुमटी से सिगरेट, गुटखा आदि सहित करीब 10 हजार रुपये कीमत का सामान उठा ले गए। इसके बाद चोरों ने पप्पू की गुमटी को निशाना बनाया। टीन काटकर उसकी गुमटी से भी दो हजार रुपये नकद व कुछ सामान पार कर दिया। पास में ही मनौरी निवासी महेंद्र कुमार की मिठाई की दुकान है। उसकी दुकान से दो हजार के आसपास का सामान समेट ले गए। दुकानदारों को घटना की जानकारी सुबह हुई।

# बस्ती वालों ने दो हमलावरों को पेड़ से बांधकर पीटा

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रतापगढ़।** फोन पर कहासुनी का बदला लेने के लिए बाइक सवार आधा दर्जन हमलावर युवक के घर पहुंच गए। उसके परिजनों को पीटने लगे तो बस्ती वालों ने दौड़ा लिया। चार भाग

#### मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है पुलिस

निकले, लेकिन दो हमलावरों को बस्ती वालों ने पेड़ से बांधकर पीटा। इसके बाद पुलिस बुलाकर उसे सौंप दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। आसपुर देवसरा क्षेत्र के परसद गांव की नई बस्ती में गुड्डू के बेटे से एक युवक की फोन पर गाली-गलौज हो गई थी। गुड्डू ने पुलिस को बताया कि हत्या करने की नीयत से आरोपी युवक दो बाइक से छह लोगों के साथ नई बस्ती आया। गुड्डू के घर में घुसकर उसके बेटे को खोजने लगे। उसके न मिलने पर गुड्डू की पिटाई शुरू कर दी। उसकी मां आशा देवी आईं तो उनको भी पीटा। गुड्डू के परिवार के लोगों ने गुहार लगाई तो बस्ती के लोगों ने लाठी लेकर हमलावरों को दौड़ा लिया। लोगों को लाठी लेकर आते देख हमलावर भागने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने दो युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि चार साथी मौके से भाग निकले। एक बाइक भी छूट गई। ग्रामीणों ने पकड़े गए दोनों युवकों को रस्सी से पेड़ में बांध दिया। जमकर उनकी पिटाई की। फिर इसके बाद पुलिस को बुलाया। पुलिस रस्सी से बांधे गए दोनों युवकों को अपने साथ थाने ले गई।



# जौनपुर : मनबढ़ों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर क्षेत्र के तरसंड गांव में गत रात कूड़ा फेंकने के विवाद को लेकर मनबढ़ों ने अनिल सोनकर पुत्र हीरा सोनकर को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, गत रात करीब आठ बजे वह गांव स्थित एक मीट दुकान के पास मौजूद था। आरोप है कि कूड़ा फेंकने की बात को लेकर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। युवकों ने गालियां देते हुए लात-घूंसों से मारपीट कर घायल दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस संबंध में एसओ प्रवीण कुमार यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल पंप के पास केरोसिन की बड़ी टंकी में लगी आग

**यशोभूमि / एजेंसी**

**अमेठी।** जिले की तिलोई तहसील क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में रविवार की सुबह 11 बजे के करीब पेट्रोल

#### आग के चलते मौके पर मच गई अफरा-तफरी

पंप के पास पुराने केरोसिन की बड़ी टंकी में अचानक आग लग गई। आग के चलते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया और मौके पर पहुंची मोहनगंज थाना पुलिस ने जांच की। जानकारी के अनुसार, मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तिलोई कस्बे में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप के बगल में रखी गई केरोसिन तेल की बड़ी टंकी में आज सुबह अचानक आग लग गई। आग की घटना देख लोग अपने घरों से बाहर आ गए और आग की जानकारी तत्काल फायर ब्रिगेड को कॉल कर दी गई।



# बसुही नदी में डूबने से युवक की मौत घटना से परिजनों में मच गया कोहराम

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** नेवढ़िया थाना क्षेत्र के अटरिया गांव निवासी एक युवक की बसुही नदी में नहाते समय अचानक डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के अटरिया गांव निवासी 42 वर्षीय पुष्कर सिंह उर्फ कल्लू पुत्र स्व. अमलधारी सिंह बसुही नदी में नहाने के लिए गए थे। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह पानी में समा चुके थे। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# प्रयागराज : आशुतोष ब्रह्मचारी पर ट्रेन में जानलेवा हमला

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** चलती ट्रेन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के मुख्य वादी आशुतोष ब्रह्मचारी पर धारदार हथियार से जानलेवा

#### जान बचाने के लिए बाथरूम में हो गए थे बंद

हमले का मामला सामने आया है। प्रयागराज जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान सिराथू रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावरों ने उनकी नाक पर वार करने की कोशिश की, जिससे उन्हें कई जगह गहरे घाव आए। बताया जाता है कि हमले के दौरान अपनी जान बचाने के लिए आशुतोष ब्रह्मचारी ट्रेन के बाथरूम में बंद हो गए, जिससे उनकी जान बच सकी। घटना के बाद उन्होंने प्रयागराज पहुंचकर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने में लिखित तहरीर दी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने अपनी तहरीर में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, मुकुंदानन्द समेत कुछ अन्य लोगों पर साजिश के तहत उनकी नाक काटने की योजना बनाने का आरोप लगाया है। इस मामले में जीआरपी ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जीआरपी प्रयागराज के पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने रविवार को बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि ट्रेन और संबंधित स्थानों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।



**पुलिस ने शुरू कर दी है मामले की जांच**

पुलिस का कहना है कि आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान सिराथू रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावरों ने उनकी नाक पर वार करने की कोशिश की, जिससे उन्हें कई जगह गहरे घाव आए। बताया जाता है कि हमले के दौरान अपनी जान बचाने के लिए आशुतोष ब्रह्मचारी ट्रेन के बाथरूम में बंद हो गए, जिससे उनकी जान बच सकी। घटना के बाद उन्होंने प्रयागराज पहुंचकर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने में लिखित तहरीर दी। जीआरपी ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# लॉकअप से भागे दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** जिले की शोहरतगढ़ थाना पुलिस की अभिरक्षा से भागे 25-25 हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को पुलिस ने दो घंटे के भीतर चौधरी मैरेज लॉन के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने रविवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि शोहरतगढ़ थाना मे गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था। इन लोगों ने पेट दर्द का बहाना बनाकर संतरी से बन्दी गृह का ताला खुलवाया। मौका पाकर धक्का-मुक्की करके संतरी का रायफल छीनने का प्रयास करते हुए नाटकीय अंदाज में चकमा देकर फरार होने का दुस्साहसिक प्रयास किया गया। संतरी और मुख्य आरक्षी ने इनका पीछा करते हुए घटना की सूचना दी। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में शोहरतगढ़ पुलिस और एसओजी की टीम सक्रिय हुई। क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**(जल अभियंता का विभाग)**

**नं. इइएचडब्ल्यू/२३२४/डब्ल्यू डब्ल्यू दिनांक : ०६.०३.२०२६**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए योग्य बोलीदाताओं से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है. बोली का प्रारंभ दिनांक एवं समय और बोली का समाप्ति दिनांक एवं समय महाटेंडर पोर्टल पर विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है.

**निविदा आईडी :** 2026_MCGM_1284421_1

**कार्य का नाम :** एईओसी (टी. एम.) प्रभाग अंतर्गत रावते कम्पाउंड, भांडुप में राजमाता जीजाऊ उद्यान के परिचालन एवं रखरखाव का कार्य.

इच्छुक निविदाकार निविदा के अधिक विवरण के लिए महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर अवलोकन करें.

**हस्ता/-**
**कार्यकारी अभियंता**
**(प्रमुख कार्य) जल कार्य**

**पीआरओ/३२०७/विज्ञा./२०२५-२६**

**जहां-जहां पानी जमा होता है, वहां-वहां मच्छरों की उत्पत्ति होती है.**

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस का बड़ा अभियान 25 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान चलाकर 12 घंटे के भीतर 25 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक ऐसा आरोपी भी शामिल है जो पिछले 8-9 वर्षों से फरार चल रहा था। सभी गिरफ्तार वारंटियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर (आईपीएस) के निर्देशन में लंबित स्थायी वारंटियों और गिरफ्तारी वारंटियों की तामिली के लिए व्यापक अभियान चलाया गया।

### महिला को कार से फेंकने वाला आरोपी गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**कांकेर।** जिले के कोरर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला को कार में लिफ्ट देने के बाद दो युवकों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने चलती कार से इसे फेंक दिया, जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद घायल महिला को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने सभी थानों को अलर्ट करते हुए घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को रविवार को सूचना मिली कि संदिग्ध कार हटकर्रा इलाके में देखी गई है। सूचना के आधार पर पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर कोरर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है।

### प्रेमी जोड़े ने खाया जहर, दोनों की हुई मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र में प्रेम -प्रसंग के मामले में प्रेमी-युगल ने जहर खा कर मौत को गले लगा लिया। रविवार को इलाज के दौरान दोनों ने अलग-अलग अस्पतालों में दम तोड़ दिया। युवती की मौत अनूपपुर जिला चिकित्सालय में एवं युवक ने जैतहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ा। घटना के बाद पुलिस ने दोनों के परिजनों के बयान दर्ज कर शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए गए। जैतहरी थाना प्रभारी अमर वर्मा के अनुसार, मृतक 18 वर्षीय माधुरी चौधरी निवासी अमगवां 3 मार्च की शाम को शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वह नहीं लौटी।

### महिला पुलिसकर्मियों का हुआ भव्य सम्मान

यशोभूमि/एजेंसी

**शिवपुरी।** जिले में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम शिवपुरी में महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्वालियर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण के संबंध में विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। इसका आशय है कि जब समाज महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सहयोग प्रदान करता है तो उसका लाभ पूरे समाज को मिलता है।

### तेंदुआ खाल के साथ दो आरोपी हुए गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**धमतरी ।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय वन्यप्राणी तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने तेंदुआ खाल की अवैध तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तेंदुआ खाल का आधा हिस्सा जब्त किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। एंटी पोचिंग टीम से मिली जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद की एंटी पोचिंग टीम को गोपनीय सूचना मिली थी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लखपति दीदियों से किया संवाद

यशोभूमि/एजेंसी

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'लखपति दीदी संवाद' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं और लखपति

**अभियान से महिलाएं बना रही हैं नई पहचान**

**10 लाख लखपति दीदी बनाने का है लक्ष्य**

दीदियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं आज मेहनत, आत्मविश्वास और नवाचार के बल पर नई पहचान बना रही हैं और राज्य सरकार उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई हजारों महिलाएं शामिल हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है और जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं घरों तक सीमित रहती थीं, लेकिन अब स्व-सहायता समूहों के माध्यम से वे आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में 10 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से करीब 8 लाख महिलाएं पहले ही इस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं। अब राज्य में 10 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।




**प्रदेश की लाखों महिलाएं बन रही है आत्मनिर्भर**

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 70 लाख माताओं-बहनों को 24 किश्तों में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है, जबकि इस वर्ष के बजट में इसके लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रदेश की लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं और अब लखपति दीदी भ्रमण योजना के तहत उन्हें देश-प्रदेश के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों और शक्ति पीठों का भ्रमण कराया जाएगा।

**रानी दुर्गावती योजना शुरू करने की घोषणा**

इसके अलावा पंचायत विभाग द्वारा 250 महतारी सदनों के निर्माण तथा आंगनबाड़ी और पोषण योजनाओं के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। बालिकाओं को आर्थिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से रानी दुर्गावती योजना शुरू करने की भी घोषणा की गई, जिसके तहत 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर 1.5 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लक्ष्य लखपति दीदियों को आगे बढ़ाकर करोड़पति दीदी बनाना है।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी आधारित कॉफी टेबल बुक और छत्तीसकला आधारित ब्रांड बुक का विमोचन किया तथा लखपति दीदी ग्राम पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कर उन्हें लखपति दीदी ग्राम घोषित किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं और लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया गया।

# सीहोर में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से दो नाबालिगों की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर शहर में शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो नाबालिगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यहां तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने एक

**दो अन्य युवक गंभीर रूप से हो गए घायल**

**घटना के बाद इलाके में मच गया हड़कंप**

ही बाइक पर सवार चार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराई और फिर एक घर में जा घुसी।

जानकारी के अनुसार हादसा शनिवार देर रात करीब 11 बजे शुगर फैक्ट्री चौराहा से लुनिया चौराहे के बीच मोती बाबा मंदिर के पास हुआ। बताया जा रहा है कि बोलेरो पर 'मप्र शासन' लिखा हुआ था, जिससे घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सीएसपी अभिनंदना शर्मा के मुताबिक हादसे के समय चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो पिकअप क्रमांक



एमपी-37-जी-1073 के चालक सुनील पुत्र रंजीत सिंह ठाकुर (48), निवासी हनुमान फाटक, सीहोर ने तेज गति और लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अमित चौहान (16), विवेक चौहान (13), धीरज चौहान (18) और विक्रम चौहान (18) घायल हो गए। चारों युवक सीहोर के लुनिया मोहल्ला के निवासी हैं।

**घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती**

दुर्घटना के बाद सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल सीहोर ले जाया गया। यहां जांच के बाद डाक्टरों ने अमित चौहान को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल विवेक चौहान को बेहतर इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया।

**ड्रिंक एंड ड्राइव की पुष्टि, चालक गिरफ्तार**

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक सुनील ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में ड्रिंक एंड ड्राइव की पुष्टि भी हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस और 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही उसका मेडिकल परीक्षण कर ब्लड सैंपल जांच के लिए भेजा गया है।

# किसानों के खातों में आएगी 13 मार्च को 22वीं किस्त

यशोभूमि/एजेंसी

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से शाम 5 बजे देश के पात्र किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करेंगे। उप संचालक कृषि ने रविवार को बताया कि जिले के लगभग एक लाख 24 हजार पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत देशभर के लगभग 9.32 करोड़ किसानों के खातों में 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जाएगी। जिले में इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर किसान बैठकों का आयोजन किया जाएगा तथा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि वे पीएम किसान पोर्टल पर अपना फार्मर आईडी बनाकर ई-केवाईसी और आधार सीडिंग की प्रक्रिया जल्द पूरी कर लें, ताकि किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की बाधा न हो। किसान फार्मर आईडी, ई-केवाईसी और आधार सीडिंग के लिए नजदीकी चॉइस सेंटर, सीएससी सेंटर या कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।


# कंटेनर की चपेट में आया बाइक सवार परिवार, युवक की हुई मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**बैतूल।** बैतूल-नागपुर नेशनल हाईवे पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कंटेनर अचानक अनियंत्रित

**हादसे में पत्नी और बेटा घायल**

होकर करीब 10 फीट चौड़ा डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा घुसा और सामने से आ रही बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और 6 साल का बेटा घायल हो गए। जानकारी



के अनुसार हादसा बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के झीटापाटी गांव के पास हुआ। नर्मदापुरम निवासी विकास राव पेशे से इलेक्ट्रिक मैकेनिक थे। रविवार को अपनी पत्नी और 6 साल के बेटे के साथ बाइक से मोहरखेड़ा में एक तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान मुलताई की ओर से आ रहा तेज रफ्तार कंटेनर अचानक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर तोड़कर विपरीत दिशा में पहुंच गया।

**राहगीरों ने किया रेस्क्यू**

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत रेस्क्यू कर ट्रक के नीचे दबे परिवार को बाहर निकाला। पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में पत्नी ने अपने सामने ही पति को दम तोड़ते देखा, जिससे वह गहरे सदमे में है। वहीं बच्चे को भी चोटें आई हैं।

# रंग लगाने के मामूली विवाद में दो युवकों की निर्मम हत्या

यशोभूमि/एजेंसी

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के थाना नगरनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलचा में आयोजित मेले के दौरान शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें 3 युवकों

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

और नाबालिग ने मिलकर धारदार हथियारों से 2 युवकों की निर्मम हत्या कर दी। नगरनार थाना प्रभारी संतोष सिंह से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार चार युवकों के बीच विवाद उस समय शुरू हुआ जब उनमें से एक युवक की प्रेमिका को बिना अनुमति रंग-गुलाल लगा दिया गया। इसी बात को लेकर कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते मामला



मारपीट में बदल गया। घटना में साड़गुड़ निवासी उमेश बघेल और रोहित बघेल को गंभीर चोटें आईं, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगरनार पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले को विवेचना में लिया।

# जुआ खेलते नौ जुआरी गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**धमतरी।** जिले में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए धमतरी पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

**58 हजार रुपए का सामान जब्त**

इसी कड़ी में थाना अर्जुनी पुलिस ने ग्राम आमदी में रविवार को कार्रवाई करते हुए शराब दुकान के पीछे जुआ खेल रहे 9 लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगद राशि, मोबाइल फोन और ताश पत्ती सहित कुल 58,100 रुपये का मशरूका जब्त किया है। पुलिस



से मिली जानकारी के अनुसार थाना अर्जुनी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आमदी स्थित शराब दुकान के पीछे कुछ लोग ताश पत्ती के माध्यम से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 9 लोग सार्वजनिक स्थान पर 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते हुए पाए गए।

## उपार्जित धान में मिलावट पर प्रशासन हुआ सख्त

यशोभूमि/एजेंसी

**बलौदाबाजार।** जिले के सिमगा विकासखंड अंतर्गत उपार्जन केन्द्र कामता एवं विकासखंड भाटापारा अंतर्गत उपार्जन केन्द्र निपानिया में उपार्जित धान में कंकड़, मिट्टी मिलाए जाने से सम्बंधित वीडियो का जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेकर कार्यवाही शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम रविवार को उपार्जन केन्द्र निपानिया और कामता जांच हेतु पहुंची है।

# पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने की पहल

यशोभूमि/एजेंसी

**रायपुर।** प्रदेश की पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन और जनभागीदारी को सुदृढ़ बनाने की दिशा

**विशेषज्ञों ने साझा किए विरासत संरक्षण के अनुभव**

में संस्कृति विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर संस्कृति विभाग अंतर्गत पुरातत्व, अभिलेखागार एवं



संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा 'जिला पुरातत्वीय संघों के निर्माण एवं कार्यविधियां' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यशाला महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, सिविल लाइन्स, रायपुर में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राज्य के विभिन्न जिलों में जिला पुरातत्वीय संघों के गठन, उनके कार्य एवं दायित्वों को स्पष्ट करना तथा पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है।

# पिकअप और मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**जांजगीर-चांपा।** जिले में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर



देखने को मिला, जहां रविवार सुबह पिकअप वाहन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा नवागढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा-अवरिद मार्ग पर हुआ। घटना के बाद पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसों मदनपुर निवासी 19 वर्षीय अभिषेक कश्यप अपनी मां को लेकर अवरीद गांव एक रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में गया था। मां को समारोह स्थल पर छोड़ने के बाद अभिषेक मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था।

# कंगोली में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

यशोभूमि/एजेंसी

**जगदलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय एवं श्रीवेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, कंगोली के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को

**शिक्षा व सशक्तिकरण का लिया संकल्प**

एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। आयोजन की शुरुआत



मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुपमा राजवाड़ी (प्राचार्य, शासकीय विद्यालय कोरबा) ने अपने संबोधन में कहा कि महिला समाज की आधारशिला है और बिना महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के किसी भी राष्ट्र की प्रगति अधूरी है।

# 'नारी शक्ति' इस देश के विकास की हैं धुरी : राज्यपाल रमेन डेका

यशोभूमि/एजेंसी

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रंग पंचमी के अवसर पर लोकभवन में महिला सम्मान समारोह और फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, उद्यम और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका अदा करने वाली महिलाएं शामिल हुईं। राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आई शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, आदिवासी विकास के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कार्य कर रही महिलाओं का सम्मान किया।




# धमतरी : घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

यशोभूमि/एजेंसी

**धमतरी।** घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में हालिया बढ़ोत्तरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस

**बढ़ती महंगाई के खिलाफ की नारेबाजी**

मुख्यालय में बड़ी संख्या में एकत्रित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गांधी मैदान पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के



निर्णय के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये और कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोत्तरी से आम जनता, खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

# ध्वज चल समारोह हमारे सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक

यशोभूमि/एजेंसी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि प्राचीन अवंतिका नगरी में सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल के दौरान परंपरागत रूप से सैनिक छावनियों से सैनिक विजयी पताका और चिन्ह लेकर चल

**विक्रमादित्य के काल में मनाया जाता था उत्सव**

समारोह के रूप में नगर में निकालकर उत्सव मनाते थे। बाद में इस उत्सव को गेर का नाम दे दिया। यह प्राचीन परंपरा आज भी कायम है। यह परंपरा हमारे सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डा. यादव ने यह बात रविवार को उज्जैन में रंगपंचमी



**मुख्यमंत्री ने भगवान महाकाल का किया पूजन**

रंगपंचमी के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर से परंपरागत रूप से निकलने वाले श्री महाकालेश्वर ध्वज चल समारोह (श्री वीरभद्र ध्वज चल समारोह) के पूर्व सुबह मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर गर्भगृह में भगवान श्री महाकाल का पूजन कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना भगवान महाकाल से की।

पर निकलने वाले परंपरागत चल समारोह के शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इस प्राचीन परंपरा को आगे भी बनाए रखना है, इसके लिए नगर में परंपरागत रूप से निकलने वाले चल समारोह (गेर) के लिए सवा-सवा लाख रुपये की राशि प्रदान करने के निर्देश कलेक्टर को दिए हैं। मुख्यमंत्री डा. यादव ने रविवार सुबह श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकाल का पूजन अभिषेक करने के बाद मंदिर के सभा मंडप में रंगपंचमी के अवसर पर ध्वज चल समारोह में निकलने वाले भगवान वीरभद्र जी के ध्वज और श्री महाकाल ध्वज के साथ ही शस्त्रों का विधि विधान पूर्वक पूजन किया।

# टी-20 वर्ल्डकप यहां के हम सिकंदर...

## सैमसन ने ली कोहली-अफरीदी के क्लब में एंट्री



**टी-20 विश्व कप में शानदार फॉर्म में संजू सैमसन**

संजू सैमसन टी-20 विश्व कप में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंद में 89 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और सात छक्के लगाए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी संजू के बल्ले से खूब रन निकले हैं। संजू सैमसन 33 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के साथ ही टी-20 विश्व कप में सेमीफाइल और फाइनल में 50 से अधिक स्कोर बनाने वाले तीसरे बैटर बने हैं। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने 2009 में सेमीफाइनल और फाइनल में अर्धशतकीय पारी खेली थी। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने टी-20 विश्व कप 2009 में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 34 गेंद में 51 रन बनाए थे। वहीं फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ अफरीदी ने 40 गेंद में 54 रन बनाए थे, वहीं भारत के दिग्गज विराट कोहली ने 2014 में खेले गए टी-20 विश्व कप में सेमीफाइनल और फिर फाइनल में अर्धशतक बनाया था। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने 2014 में सेमीफाइनल में अफ्रीका के खिलाफ 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाए थे और प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने 58 गेंद में 77 रन की पारी खेली थी। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 46 गेंद में 89 रन बनाकर पवेलियन लौटे। संजू ने अपनी पारी के दौरान 5 चौके और 8 छक्के लगाए। जेमी नीशम ने उन्हें आउट किया।

## 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा



संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 43 गेंद में 98 रन की साझेदारी हुई। रचिन रविंद्र ने उन्हें आउट किया।

संजू और अभिषेक ने टी-20 विश्व कप फाइनल के इतिहास की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले ये रिकॉर्ड 2009 में कामरान अकलम और हसन के नाम था। इस जोड़ी ने 2009 में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स में 48 रन बनाए थे। अभिषेक शर्मा इस टी-20 विश्व कप 2026 में खराब फॉर्म से गुजर रहे थे। फाइनल से पहले उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया था, हालांकि फाइनल में उन्होंने टीम को दमदार शुरुआत दिलाई। अभिषेक शर्मा नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 21 गेंद में 6 चौके और तीन छक्के की मदद से 52 रन की पारी खेली।

## पावरप्ले में ही टीम इंडिया ने रचा इतिहास



टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने पारी की शुरुआत की। दोनों ने पहले दो ओवर संभलकर बल्लेबाजी की, इसके बाद तो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन आउट ऑफ कंट्रोल हो गए। दोनों ने हर कीवी गेंदबाज को आड़े हाथों लिया।

टूर्नामेंट में अब तक आलोचनाओं का सामना करने वाले अभिषेक शर्मा ने अपने आप को साबित करने के लिए बड़ा मंच चुना। उन्होंने 12 गेंदों पर 30 रन और 18 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। भारतीय टीम ने पहले 6 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 92 रन जड़ दिए। यह टी-20 विश्व कप में पावरप्ले में संयुक्त रूप से सबसे बड़ा स्कोर है।

### टी-20 विश्व कप पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर

- 92/0 - भारत बनाम न्यूजीलैंड, अहमदाबाद, 2026 फाइनल
- 92/1 - वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, ब्रिजटाउन, 2024
- 91/1 - नीदरलैंड बनाम आयरलैंड, सिलहट, 2014
- 89/3 - इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, मुंबई विश्व कप, 2016
- 86/1 - भारत बनाम नामीबिया, दिल्ली, 2026

### नॉकआउट मैचों में सबसे तेज टीम शतक

- 7.2 ओवर - भारत बनाम न्यूजीलैंड, अहमदाबाद, 2026
- 7.5 ओवर - न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, कोलकाता, 2026
- 8.1 ओवर - इंग्लैंड बनाम भारत, मुंबई, 2026
- 8.3 ओवर - भारत बनाम इंग्लैंड, मुंबई, 2026

## हार मानने की बजाय खेल पर दिया ध्यान



टी-20 विश्व कप से ठीक पहले टीम से बाहर होना, न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में बल्ले का खामोश रहना और लगातार उठती आलोचनाओं के बीच कई खिलाड़ी टूट जाते हैं, लेकिन सैमसन ने हार नहीं मानी। उन्होंने शोर नहीं मचाया, बयान नहीं दिए बस चुपचाप अपने खेल पर काम करते रहे और सही मौके का इंतजार करते रहे। जब टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान भारतीय बल्लेबाज लड़खड़ाए, तब एक नाम बार-बार चर्चा में आने लगा, संजू सैमसन और जब उन्हें दोबारा मौका मिला, तो उन्होंने बल्ले से ऐसा जवाब दिया कि आलोचक भी तालियां बजाने को मजबूर हो गए। उनकी वापसी सिर्फ रन बनाने की कहानी नहीं थी, बल्कि यह आत्मविश्वास, संयम और साहस की जीत की कहानी बन गई।

**मुश्किल में पड़ गई थी जगह**

टी-20 विश्व कप से ठीक पहले ईशान किशन की टीम में वापसी ने सैमसन के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी थीं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में सैमसन का बल्ला खामोश रहा और इसी कारण टीम मैनेजमेंट ने विश्व कप में ओपनिंग की जिम्मेदारी ईशान किशन और अभिषेक शर्मा को सौंप दी। ऐसा लगने लगा था कि सैमसन के लिए टीम के दरवाजे लगभग बंद हो चुके हैं, लेकिन क्रिकेट में किस्मत कब करवट ले ले, यह कोई नहीं जानता। विश्व कप के पहले मैच में सैमसन बेंच पर बैठे रहे, इसके बाद नामीबिया के खिलाफ ग्रुप स्टेज मुकाबले में उन्हें खेलने का मौका मिला और उन्होंने सिर्फ 8 गेंदों में 22 रन बनाकर अपनी आक्रामक क्षमता की झलक दिखा दी, हालांकि इसके बाद फिर बदलाव हुआ और वह एक बार फिर प्लेइंग-11 से बाहर हो गए, तब टीम मैनेजमेंट ने जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्हें फिर मौका दिया। इस मैच में सैमसन ने भले ही 15 गेंदों में 24 रन बनाए, लेकिन अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

**दिखा असली सैमसन**

इसके बाद आया करो-या-मरो का मुकाबला। सामने थी वेस्टइंडीज, इस बार भी दांव बड़ा था, जो जीतेगा वही सेमीफाइनल में जाएगा। भारत को 196 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने जल्दी ही अभिषेक शर्मा और ईशान किशन के विकेट गंवा दिए। ऐसे में सैमसन ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। उन्होंने पहले सूर्यकुमार यादव, फिर तिलक वर्मा, फिर हार्दिक पांड्या और आखिर में शिवम दुबे के साथ साझेदारियां करते हुए टीम को जीत की राह पर पहुंचा दिया। सैमसन ने 50 गेंदों में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 194 रहा और इसी शानदार पारी के दम पर भारत ने सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

## ‘प्रिंस ऑफ भांगड़ा’ सुखबीर ने मचाई धूम

दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने ‘लिविन ला विदा लोका’ और ‘द कप ऑफ लाइफ’ से मंच पर धूम मचा दिया। मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। ‘प्रिंस ऑफ भांगड़ा’ के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत ‘ओ हो हो हो - ओ हो हो हो’ सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए, वहीं ‘डांडिया क्वीन’ के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने ‘मारिया’ और ‘ला कोपा डि ला विदा’ के साथ किया। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मौजूद दर्शक इन प्रस्तुतियों से झूम उठे।





## संक्षिप्त समाचार

### कटोरे से प्रहार कर पत्नी की हत्या

यशोभूमि / एजेंसी

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रेम नगर निवासी शिवानी (25) का पति विजय कोरी से विवाद हो गया। विवाद के चलते पति विजय कोरी ने कटोरे से पत्नी शिवानी के सिर पर प्रहार कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर गिर पडी। घटना के बाद विजय कोरी मौके से भाग गया। विजय कोरी के बडे भाई विकास कोरी बेहोशी की हालत में शिवानी को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए, जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा. जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर शिवानी को फर्रुखावाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में डा. प्रदीप राजपूत ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया।

### दीवार गिरने से दबकर वृद्धा की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के रामपुर 33 गांव में रविवार को पुराने मकान की दीवार गिराने के दौरान हुए हादसे में 60 वर्षीय वृद्धा की मलबे में दबकर मौके पर ही मौत हो गई। गांव निवासी रामचंद्र के घर में नया मकान बनाने का कार्य चल रहा था। रविवार दोपहर मजदूरों और परिजन की मदद से पुराने जर्जर मकान की दीवार गिराई जा रही थी। इसी दौरान रामचंद्र की पत्नी शांति देवी पास में ही बैठी थीं। दीवार गिराते समय उसका एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर शांति देवी के ऊपर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोग तुरंत मलबा हटाने में जुट गए, लेकिन जब तक उन्हें बाहर निकाला गया, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।

### ललिता घाट पर शुरू होगी गंगा आरती

यशोभूमि / एजेंसी

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी वाराणसी में स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गंगाद्वार ललिता घाट पर वासंतिक चैत्र नवरात्रि के पहले दिन 19 मार्च से भव्य गंगा आरती शुरू होगी। गंगा आरती प्रतिदिन सायं 6 बजे प्रारंभ होगी। सात आचार्य गंगा की आरती करेंगे। इस गंगा आरती का संचालन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से किया जाएगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. विश्वभूषण मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ललिता घाट पर गंगा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की अपेक्षा है। इससे काशी के अन्य घाटों पर होने वाले आयोजनों में भीड़ का दबाव भी कम होगा।

### 10 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

यशोभूमि / एजेंसी

**मिर्जापुर।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त बनाफल पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। रविवार को थाना अहरौरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त बनाफल पुत्र स्वर्गीय झगडू निवासी ग्राम बनइमिलिया थाना अहरौरा काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में रविवार को थाना अहरौरा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए छातो मोड़ के पास से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त गैंगस्टर एक्ट सहित तीन अन्य मुकदमों में भी वांछित बताया गया है।

### अपहरण के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

यशोभूमि / भाषा

**बलिया।** जिले के बांसडीह थानाक्षेत्र में एक मंदबुद्धि विवाहिता को कथित रूप से अगवा करके शील भंग करने के इरादे से हमला करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार बांसडीह थानाक्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की तहरीर पर सहतवार थानाक्षेत्र के एक गांव के दो भाइयों संतोष कुमार ठाकुर उर्फ मुन्ना ठाकुर व राजेश कुमार ठाकुर उर्फ गुड्डू ठाकुर के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उन्हें जेल भेज दिया।

# अपने दो बच्चों की हत्या करने के बाद युवक ने की आत्महत्या

यशोभूमि / भाषा

**महराजगंज।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक महिला कर्मी के पति ने रविवार को महराजगंज जिले में किराए के मकान में अपने दो नाबालिग बच्चों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह गांधीनगर इलाके में दोमुहान घाट पर एसएसबी की 66वीं बटालियन में तैनात महिला कांस्टेबल के पति अमरेश कुमार (45) ने कथित तौर पर अपनी चार साल की बेटी कंचन और तीन साल के बेटे अमरेंद्र कुमार की हत्या कर दी और फिर कमरे में पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और एसएसबी अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि कंचन का शव कमरे में ग्रिल से लटका पाया गया, जबकि अमरेंद्र का शव फर्श पर पड़ा था। नौतनवा के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकुर कुमार गौतम ने बताया कि अमरेश कुमार का शव पंखे पर लगे फंदे से लटका पाया गया। उन्होंने कहा कि पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि अमरेश ने दोनों बच्चों की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी गौतम ने बताया कि एक फोरेंसिक टीम ने मौके से सुबूत इकट्ठा किये हैं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस महिला एसएसबी जवान के बारे में भी जानकारी इकट्ठा कर रही है और आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना किन हालात में हुई।

**सशस्त्र सीमा बल में तैनात है मृतक की पत्नी**

**घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस अधिकारी**



**पंखे पर लगे फंदे से लटका पाया गया शव**

अधिकारियों ने बताया कि कंचन का शव कमरे में ग्रिल से लटका पाया गया, जबकि अमरेंद्र का शव फर्श पर पड़ा था। नौतनवा के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकुर कुमार गौतम ने बताया कि अमरेश कुमार का शव पंखे पर लगे फंदे से लटका पाया गया। उन्होंने कहा कि पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि अमरेश ने दोनों बच्चों की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। गौतम ने बताया कि एक फोरेंसिक टीम ने मौके से सुबूत इकट्ठा किये हैं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस महिला एसएसबी जवान के बारे में भी जानकारी इकट्ठा कर रही है।


# मेरठ : फेस-दो के सीवरेज प्लांट के कमरे में मिले पति-पत्नी के शव

यशोभूमि / भाषा

**मेरठ।** जिले के मोदीपुरम क्षेत्र स्थित पल्लवपुरम फेस-दो के सीवरेज प्लांट के एक कमरे में एक दंपति के शव मिले। पुलिस को आशंका है कि पति ने पहले पत्नी की हत्या की और उसके बाद खुद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार हरदोई जिले के घुरेना गांव निवासी प्रदीप (34) सीवरेज प्लांट में ऑपरेटर था। वह अपनी पत्नी मधु यादव (30) और बेटे यश के साथ पल्लवपुरम के एन पॉकेट क्षेत्र में किराए के एक मकान में रहता था। परिजनों के मुताबिक दंपति होली का त्योहार मनाने अपने गांव गए थे और शनिवार को ही मेरठ लौटे थे। बताया जाता है कि प्रदीप अपनी पत्नी के साथ सीधे प्लांट गया और कमरे में आराम करने की बात कही। उस समय उनका बेटा बच्चों के साथ खेल रहा था। पुलिस के अनुसार शाम को जब प्लांट का दूसरा ऑपरेटर रामकर्ण वहां पहुंचा तो उसने देखा कि प्रदीप का शव फंदे से लटका हुआ था, जबकि मधु का शव बेड पर था। उसने घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में मधु के भाई शिवशंकर ने बताया कि पिछले दो-तीन महीने से पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

**पुलिस को हत्या के बाद आत्महत्या की आशंका**

**अपने गांव से होली मनाकर लौटे थे दंपति**



**ऑपरेटर ने पुलिस को दी घटना की सूचना**

बताया जाता है कि प्रदीप अपनी पत्नी के साथ सीधे प्लांट गया और कमरे में आराम करने की बात कही। उस समय उनका बेटा बच्चों के साथ खेल रहा था। पुलिस के अनुसार शाम को जब प्लांट का दूसरा ऑपरेटर रामकर्ण वहां पहुंचा तो उसने देखा कि प्रदीप का शव फंदे से लटका हुआ था, जबकि मधु का शव बेड पर था। उसने घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

# एएनटीएफ की टीम ने पांच करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर को दबोचा

यशोभूमि / एजेंसी

**बरेली।** जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशे के गोरखधंधे से जड़े एक तस्कर को शनिवार रात को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 2.64 किलोग्राम स्मैक बरामद की गई है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब पांच करोड़ 30 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन और 560 रुपए नकद भी बरामद किए हैं। एएनटीएफ यूनिट बरेली के प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव ने बताया कि टीम को काफी समय से बरेली और आसपास के क्षेत्रों में स्मैक की तस्करी की सूचना मिल रही थी। शनिवार देर रात टीम को सूचना मिली कि एक तस्कर बड़ी मात्रा में स्मैक लेकर सप्लाई के लिए जा रहा है। इस पर एएनटीएफ टीम ने थाना सुभाषनगर क्षेत्र में बरेली-बदायूं रोड पर ग्राम रौंधी जाने वाले रास्ते के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से स्मैक बरामद हुई। आरोपित की पहचान स्मैक तस्कर शोभित गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता निवासी ग्राम सैंजनी, थाना मूसाझाग, जिला बदायूं के रूप में हुई। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपित स्मैक की सप्लाई पंजाब और उसके आसपास के क्षेत्रों तक करता था। शनिवार को भी वह स्मैक की खेप लेकर सप्लाई के लिए जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही एएनटीएफ टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपित के खिलाफ थाना सुभाषनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। बाद में उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

**मोबाइल और 560 रुपए नकद भी किए बरामद**



# जमीन हड़पने के लालच में दंपति व मासूम को बनाया बंधक

यशोभूमि / एजेंसी

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने के लालच में शातिरों ने शाहजहांपुर निवासी दंपति और उनकी मासूम बेटी को करीब एक महीने तक फ्लैट में बंधक बनाकर रखा। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का ताला खुलवाकर तीनों को सकुशल मुक्त कराया। पीड़िता की तहरीर पर प्रॉपर्टी डीलर, कारोबारी और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्नाव के बांगरमऊ की रहने वाली दिव्या गुप्ता की शादी शाहजहांपुर निवासी ओम गुप्ता से हुई है। दिव्या के अनुसार माता-पिता की मौत के बाद मायके की करीब दो करोड़ रुपये कीमत की जमीन उनके नाम है। करीब डेढ़ साल पहले एक परिचित ने जमीन बेचने के सिलसिले में उनकी मुलाकात कल्याणपुर के प्रॉपर्टी डीलर दीपक अग्रवाल से कराई थी। आरोप है कि दो फरवरी को जमीन से जुड़े काम के बहाने उन्हें परिवार समेत विजय नगर बुलाया गया, जहां पांच कारों से आए आरोपितों ने उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद उन्हें अलग-अलग होटलों में रखा गया और जमीन का नामांतरण व बैनामा कराने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर पति और बेटी को जान से मारने की धमकी दी जाती थी। बाद में आरोपितों ने कल्याणपुर स्थित मार्स इंक्लेव में एक फ्लैट किराए पर लेकर दंपति और उनकी बेटी को वहां बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। किसी तरह ओम गुप्ता ने मोबाइल हॉटस्पॉट की मदद से फेसबुक पर अपनी मां को संदेश भेजकर मदद मांगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का ताला खुलवाकर तीनों को मुक्त कराया।

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को कराया मुक्त**



# घर के अंदर मिला युवक का शव

यशोभूमि / एजेंसी

**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का शव उसके घर पर मृत अवस्था में पाया गया। रविवार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। क्षेत्राधिकारी (नगर) सौरभ सामंत ने रविवार को बताया कि विवेकनगर निवासी मुकेश शर्मा (42 ) शराब पीने का आदी था। परिजनों का कहना है कि शनिवार रात को भी वह शराब पीकर घर आया था। बिना कुछ कहे अपने कमरे में सोने चला गया। रविवार सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिवार के लोग उसे जगाने के लिए पहुंचे। यहां पर उन्होंने देखा कि मुकेश बेड के नीचे मृत अवस्था में पड़ा था।

# डेढ़ किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार


यशोभूमि / एजेंसी

**कानपुर।** फीलखाना पुलिस और क्राइम ब्रांच ने चरस की तस्करी करने वाले दो तस्करों को डेढ़ किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चरस की कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी गई है। पकड़े गये तस्कर चरस को नेपाल के रास्ते गोरखपुर और फिर कानपुर के अलग-अलग इलाकों में पुड़िया बनाकर सप्लाई करते थे। अपर पुलिस उपायुक्त एसओजी सुमित सुधाकर रामटेके ने रविवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि बीते काफी समय से शहर में चल रहे मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में फीलखाना पुलिस और क्राइम ब्रांच ने गोरखपुर निवासी नौशाद कुरेशी व फीलखाना के इटावा बाजार के रहने वाले आशु निगम को डेढ़ किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर नौशाद ने बताया कि वह नेपाल से बिहार और गोरखपुर के रास्ते होते हुए रोडवेज बस के जरिए चरस लाने के लिए पानी की बोतल के ऊपरी हिस्से में घी और नीचे के हिस्से में चार पैकेट चरस को फीलखाना निवासी आशु निगम को बेचने के लिए ला रहा था। तभी दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है।

**नेपाल के रास्ते कानपुर में की जाती थी सप्लाई**



# चंदौली: किसान की हत्या के आरोप में बड़ा भाई गिरफ्तार



यशोभूमि / भाषा

**चंदौली।** जिले के कंदवा थाना क्षेत्र में एक युवा किसान की कथित हत्या के आरोप में उसके सगे बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना चार दिन पहले कंदवा थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में हुई थी, जहां किसान विशाल सिंह (27) की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि पुलिस और अपराध शाखा की संयुक्त टीम की जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान विशाल सिंह के बड़े भाई विवेक सिंह (30) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्तौल और फार्महाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि चार महीने पहले एक जमीन 75 लाख रुपये में बेची गई थी, जिसमें से उसे जो धन मिला था, वह खर्च हो गया था और इसके बाद जरूरत पड़ने पर उसे अपने छोटे भाई विशाल से ही रुपये मांगने पड़ते थे। इसे लेकर विशाल उसे अक्सर अपमानित करता था।

**चार दिन पहले जमालपुर गांव में हुई थी घटना**

# दुधवा बफर जोन में पकड़ी गई मादा तेंदुआ

यशोभूमि / भाषा

**लखीमपुरखीरी।** जिले के दुधवा बफर जोन के दक्षिणी निघासन वन क्षेत्र में एक मादा तेंदुआ को पिंजरे में कैद कर लिया गया। निघासन के उप मंडलीय अधिकारी (एसडीओ) मनोज तिवारी ने बताया कि गोविंदनगर फार्म और बिहारीपुरवा के पास इस तेंदुए की गतिविधियों की खबर थी।

# लखीमपुरखीरी : बाघ के हमले में गन्ने के खेतों से गुजर रहे किसान की मौत

यशोभूमि / भाषा

**लखीमपुरखीरी।** जिले में दुधवा बफर जोन के संपूर्णानगर वन रेंज में बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गई। दुधवा बफर जोन की उपनिदेशक कीर्ति चौधरी ने बताया कि किसान परगट सिंह (50) का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि परगट सिंह अपने गन्ने के खेतों से गुजर रहे थे, तभी खेतों में छिपे एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। चौधरी ने बताया कि सिंह जब देर रात तक घर नहीं लौटे तो उनके परिजन ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने बताया कि दोबारा तलाश शुरू की गई तो गन्ने के खेत के पास उनकी पगड़ी और चप्पलें मिलीं। चौधरी ने कहा कि परिजन जब गन्ने के खेत के अंदर गए तो उन्हें परगट सिंह का क्षत-विक्षत शव पाया गया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर वन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने इलाके में बाढ़ लगाने और मानव भक्षी हो चुके बाघ को पकड़ने की मांग की। अधिकारियों ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौधरी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पीड़ित परिवार के सदस्यों को मुआवजा दिया जाएगा।

**नाराज ग्रामीणों ने की बाघ को पकड़ने की मांग**



# विवाद में अधिवक्ता को मारी गोली

यशोभूमि / भाषा

**बाराबंकी।** जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शुक्लाई में जमीन विवाद के मामले में एक अधिवक्ता को गोली मार दी गई। पुलिस ने बताया कि अधिवक्ता को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी (ईएमओ) पुष्पराज राणा ने बताया कि हालत नाजुक होने के कारण अधिवक्ता को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से थाना सफदरगंज क्षेत्र के वीर बलपुरवा के निवासी 32 वर्षीय चंद्रेश वर्मा कोतवाली नगर के मोहल्ला मोहरी पुरवा में रहते हैं। ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर होने से पहले उन्होंने बताया कि वह शौच के लिए मैदान में गए थे और तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे छह-सात लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने उनसे पहले हाथापाई की, फिर पेट में गोली मार दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीन के मामले में काफी समय पहले से वह रिश्तेदारों के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं और अदालत में मुकदमा लंबित है। उसी मामले में मुझपर हमला कराया गया है। गोली लगने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता जिला चिकित्सालय पहुंच गए। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है, ताकि दोषियों को पकड़ा जा सके।

**लखनऊ ट्रॉमा सेंटर कर दिया गया रेफर**

# ऑटो में सवार युवक को लूटने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

यशोभूमि / एजेंसी

**कानपुर।** नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। घटना में पुलिस ने दो बदमाशों के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया, जबकि तीसरे को दौड़ाकर दबोच लिया। इन बदमाशों ने गंगा बैराज पर ऑटो सवार युवक से दो लाख सत्तर हजार रुपये की लूट की थी। घायल बदमाशों को प्राथमिक उपचार के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त मध्य अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मूल रूप से जहानाबाद के खजुरिया गांव और वर्तमान में साकेत नगर में रहने वाले पीड़ित उमाकांत तिवारी ने बताया कि नवाबगंज थाने की पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की थी। डीसीपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शनिवार देर रात पुलिस फोर्स ने ख्योरा कटरी में लुटेरों की घेराबंदी की, तो शातिरों ने सीधे पुलिस पर फायर झोंक दिया। इसके बाद पुलिस ने भी घेराबंदी करते हुए जीतू उर्फ जितेंद्र निषाद और उसके साथी जितेंद्र निषाद उर्फ छोटू के पैर में गोली मारकर दबोच लिया, जबकि उनके तीसरे साथी सुमित कश्यप उर्फ कुद्धू को भी गिरफ्तार कर लिया। घायलों को हैलट में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। शातिरों से पूछताछ कर अन्य वारदातों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। डीसीपी ने बताया कि सर्विलांस की मदद से पुलिस को लुटेरों की लोकेशन मिली। इसी के सहारे पुलिस तीनों तक पहुंची और मुठभेड़ में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल**



# महिला दिवस पर महिलाओं ने की खुशियों की सैर

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महिलाओं के सम्मान में एक खास पहल की। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा संचालित लखनऊ दर्शन डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष सैर का आयोजन किया गया। इस विशेष यात्रा में 60 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। डॉक्टर, उद्यमी, प्राचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर से लेकर गृहणियों तक, समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं इस खास सफर का हिस्सा बनीं। नारी शक्ति ने रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से इतर लखनऊ को एक नए अंदाज में देखा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी की लखनऊ दर्शन बस सेवा अब सिर्फ पर्यटन तक सीमित नहीं रह गई है। यह धीरे-धीरे ऐसा मंच बनती जा रही है, जहां पर्यटन के साथ समाज जुड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पहल आधी आबादी को शक्ति, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का संदेश देती है। इस विशेष टूर के माध्यम से महिलाओं को उनके व्यस्त दिनचर्या से कुछ पल सुकून के देने का प्रयास किया गया, जो प्रतिदिन समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लखनऊ में महिलाओं के लिए आयोजित लखनऊ दर्शन यात्रा यादगार बन गई। रविवार सुबह 8:30 बजे बस रवाना हुई, जो दोपहर 12 बजे भ्रमण के पश्चात गंतव्य पर लौट आई।

**सशक्तिकरण का संदेश दे रही है बस सेवा**




**गाइड ने सुनाई महान योद्धा ऊदा देवी की कहानी**

इस दौरान अलग-अलग आयु वर्ग की महिलाओं ने डबल डेकर बस की ऊपरी मंजिल से शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा जाना और मुख्य सदन को देखना उनके लिए अविस्मरणीय रहा। रेजीडेंसी सहित अन्य स्थलों की सैर ने इतिहास से रूबरू कराया। यात्रा के दौरान गाइड ने यात्रियों को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महान योद्धा ऊदा देवी की वीरता की कहानी सुनाई। महिलाओं ने बताया कि रोजमर्रा की जिंदगी में जिन स्थानों के सामने से वे अक्सर गुजर जाती थीं, आज उन्हें ठहरकर देखने-समझने का मौका मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### समाज की प्रगति की मजबूत नींव हैं महिलाएं

**यशोभूमि/भाषा**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे समाज की प्रगति की एक मजबूत नींव हैं। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश की आधी आबादी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, हमारी माताएं और बहनें न केवल परिवार की शक्ति हैं,बल्कि समाज और राज्य की प्रगति की भी मजबूत नींव हैं। अपनी कड़ी मेहनत, साहस और दृढ़ संकल्प से वह हर क्षेत्र में नयी पहचान बना रही हैं। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की महिलाएं हमेशा संघर्ष, आत्म-सम्मान और गरिमा की प्रतीक रही हैं। उन्होंने कहा, राज्य सरकार उनके विकास, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि हमारी आधी आबादी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सके और अपने सपनों को साकार कर सके।

### प्रेमिका को घायल करने वाला छात्र गिरफ्तार

**यशोभूमि/भाषा**

**देहरादून।** देहरादून के क्लेमेंटाउन क्षेत्र में कथित रूप से प्रेमिका पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को एक छात्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यहां के एक निजी शिक्षण संस्थान में एमसीए प्रथम वर्ष के छात्र उदय सिंह उर्फ विशू (21) को दून अस्पताल परिसर से गिरफ्तार किया गया। घटना में घायल होने के बाद उसे तथा उसके साथ पढ़ने वाली 21 वर्षीय छात्रा को शनिवार को इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसने बताया कि घटना के संबंध में रायपुर रोड निवासी छात्रा के पिता कृष्ण चंद्र वर्मा ने क्लेमेंटाउन पुलिस थाने में उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी सिंह के खिलाफ तहरीर दी थी जिसमें आरोप लगाया कि सिंह ने उनकी बेटी पर चाकू से जानलेवा हमला किया।

### महिलाओं को किया गया सम्मानित

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पौड़ी गढ़वाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कांग्रेस नेता सुंदरलाल मुयाल ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शहर के सभी 11 वार्डों की 400 से अधिक महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। रविवार को श्रीनगर रोड पर आयोजित कार्यक्रम में कीर्तन मंडलियों ने कीर्तन भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान कवियत्री डा.ऋतु सिंह ने भी अपनी कविताओं से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम संयोजक कांग्रेस नेता सुंदरलाल मुयाल ने कहा कि 1975 से हर साल 8 मार्च को महिला दिवस मनाया जाता है। कहा कि आज महिलाएं पुरूषों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। कहा कि आज महिलाओं के अधिकार सुरक्षित हुए है।

### अपहरण व छेड़खानी मामले में दो गिरफ्तार

**यशोभूमि/एजेंसी**

**हरिद्वार।** कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाने और गलत नीयत से छेड़खानी करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीते रोज पीड़ित ने कोतवाली भगवानपुर में तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री और उसकी सहेली को आरोपी आस मोहम्मद और निखिल बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि दोनों आरोपी लड़कियों को गलत इरादे से चौली स्थित एक शोरूम में ले गए थे। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों नाबालिग लड़कियों की तलाश शुरू की और दोनों को सकुशल बरामद कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# महिला दिवस पर महिला दल ने किया यात्री ट्रेन का संचालन

**यशोभूमि/भाषा**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को रांची-इरगांव मार्ग पर एक यात्री ट्रेन

### विभिन्न क्षेत्रों में हासिल कर रही हैं सफलता

का संचालन पूरी तरह से महिला दल द्वारा किया गया। एक महिला अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दल में शामिल ट्रेन चालक, सहचालक, ट्रेन प्रबंधक और टिकट परीक्षक से लेकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की कर्मी तक सभी महिलाएं थीं।

दक्षिण पूर्व रेलवे की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सूची सिंह ने कहा, 'आज का दिन महिलाओं और रांची रेल मंडल के लिए बहुत खास है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए हमने एक यात्री ट्रेन का संचालन पूरी तरह से महिला दल द्वारा करने की विशेष पहल की है। ट्रेन चालक से लेकर टिकट परीक्षक और आरपीएफ कर्मियों तक, सभी महिलाएं थीं।' उन्होंने कहा कि ट्रेन इरगांव स्टेशन तक गई।



### अब महिलाएं कर सकती हैं सुरक्षित यात्रा

आरपीएफ की उप-निरीक्षक रीता कुमारी ने कहा कि दिन बदल गए हैं और अब महिलाएं ट्रेन में सुरक्षित रूप से अकेले यात्रा कर सकती हैं। उन्होंने कहा, उनकी सुरक्षा के लिए आरपीएफ ने महिला कर्मियों को नियुक्त किया है और उन्हें सुरक्षा प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। लोको पायलट दीपाली अमृत ने कहा कि रेलवे में महिलाओं की भूमिका और महत्व कई गुना बढ़ गया है। अमृत ने कहा, 'जब मैं 2007 में रेलवे में शामिल हुई थी तब मैं अकेली थी। धीरे-धीरे रेलवे में महिलाओं की रुचि बढ़ी। अब हटिया मंडल में तीन ट्रेन चालक और लगभग 10 सहायक ट्रेन चालक महिलाएं हैं।'

उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती जागरूकता और कई बदलावों के साथ, महिलाएं अब रेलवे जैसे उन क्षेत्रों में प्रवेश कर रही हैं जहां पहले पुरुषों का वर्चस्व था। वे इन क्षेत्रों में सफलता भी हासिल कर रही हैं। यह ट्रेन सुबह 9.13 बजे रांची स्टेशन से रवाना हुई और करीब डेढ़ घंटे की यात्रा के बाद सुबह 10.40 बजे इरगांव पहुंची। नौ ठहरावों के साथ इसने 58 किमी की दूरी तय की। इस ट्रेन में सैकड़ों यात्री सवार थे। रांची की मुख्य टिकट निरीक्षक मसीरा सुरीन ने कहा कि उन्हें गर्व महसूस हो रहा है कि वे ट्रेन का प्रबंधन कर महिला दिवस मना रही है। उन्होंने कहा, सरकार अब महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।


# रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में रेस्टोरेंट में घुसकर फायरिंग

**यशोभूमि/एजेंसी**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार रात करीब दो अपराधियों ने एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के टीटॉस रेस्टोरेंट के भीतर अंधाधुंध फायरिंग की। घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनीष गोप के रूप में हुई है, जो

### गैंगस्टर प्रिंस खान ने मांगी थी रंगदारी

रेस्टोरेंट में वेटर का काम करता था। बताया जा रहा है कि अपराधी रेस्टोरेंट मालिक राजकुमार गोप की हत्या के इरादे से पहुंचे थे। उन्हें 25 दिसंबर को गैंगस्टर प्रिंस खान ने एक करोड़ की रंगदारी के लिए धमकी दी थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि वारदात के पीछे प्रिंस खान गिरोह हो सकता है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। घटना को दो अपराधियों ने अंजाम दिया, जो बाइक से रात करीब 8.30 बजे रेस्टोरेंट पहुंचे थे। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि एक आरोपी बाइक स्टार्ट कर सड़क किनारे खड़ा रहा, जबकि दूसरा आरोपी रेस्टोरेंट के अंदर घुस गया और वहां फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हमलावर ने करीब चार राउंड गोलियां चलाईं। इसी दौरान एक गोली मनीष गोप के पेट में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग होते ही रेस्टोरेंट के अंदर अफरातफरी मच गई। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद तेजी से बाहर निकला और बाइक पर बैठे अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। घटना के बाद रेस्टोरेंट के कर्मचारी घायल मनीष गोप को राज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### पुलिस ने गोली के तीन खोखे बरामद किए

पुलिस ने जांच के दौरान वहां से गोली के तीन खोखे बरामद किए हैं। होटल सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर हमलावरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में चेकिंग अभियान भी तेज कर दिया है और संदिग्धों की तलाश में छापेमारी की जा रही है, हालांकि देर रात तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली थी। रेस्टोरेंट संचालक राज कुमार गोप ने आशंका जताई है कि हमलावर संभवतः उन्हें निशाना बनाने आए थे।

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति रहें जागरूक : सीएस

**यशोभूमि/एजेंसी**

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सदर अस्पताल खूंटी स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. शोभा किस्पोट्टा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके

### अस्पताल में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

पर सिविल सर्जन (सीएस) डॉ. शोभा किस्पोट्टा ने कहा कि आज की महिलाएं देश के सर्वांगीण विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं न केवल घर और परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कार्यक्रम प्रबंधक कानन बाला तिर्की के स्वागत भाषण से हुई। वहीं, उपाधीक्षक डॉ. आनंद किशोर उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं माउंट एवरेस्ट की चोटी तक भी पहुंचकर अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। लेबर रूम की इंचार्ज गीता कुमारी ने महिलाओं को मिले अधिकारों का सही उपयोग करने और शिक्षा के माध्यम से समाज व देश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने टीनएज प्रेग्नेंसी रोकने तथा कम उम्र में शादी जैसी सामाजिक समस्याओं के प्रति भी महिलाओं को जागरूक किया। जिला डाटा प्रबंधक श्वेता सिंह ने कहा कि महिला परिवार की महत्वपूर्ण आधार होती है।

# सिविल सर्जन के बिना बेपटरी हुई सदर अस्पताल की व्यवस्था : भाजपा

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले का सबसे बड़ा सरकारी स्वास्थ्य केंद्र चाईबासा

### मरीजों को सुविधाओं से जूझना पड़ रहा है

सदर अस्पताल इन दिनों बदहाल व्यवस्था का प्रतीक बन गया है। एक मार्च से सिविल सर्जन का पद खाली होने के बाद से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर इसका सीधा असर दिखाई देने लगा है। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जूझना पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री हेमंत कुमार केशरी ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की कई गंभीर खामियां सामने आईं। बताया गया कि ओपीडी को नए भवन में स्थानांतरित तो कर दिया गया है, लेकिन वहां पर्याप्त व्यवस्था और समुचित नियोजन नहीं किया गया है।



गई। कई मरीज सुबह से ही जांच के इंतजार में बैठे थे, लेकिन डॉक्टर दोपहर करीब एक बजे अस्पताल पहुंचे, जिससे मरीजों को भूखे-प्यासे घंटों इंतजार करना पड़ा। इमरजेंसी वार्ड की स्थिति भी चिंताजनक पाई गई। बेड की कमी के कारण कई मरीजों को जमीन पर लेटकर इलाज कराना पड़ रहा है। कुछ मरीजों को फर्श पर ही सलाइन चढ़ाया जा रहा था, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए यह भी सामने आया कि जिले के इस प्रमुख सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक में पिछले कई महीनों से रक्त उपलब्ध नहीं है। निबंधन की प्रक्रिया अटकी रहने के कारण मरीजों के परिजनों को खून के लिए जमशेदपुर जाना पड़ रहा है।

अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए सीढ़ियां चढ़कर पहले तल तक जाना पड़ रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा माना जाता है। अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी कतार देखी

# सीएम ममता बनर्जी का व्यवहार अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक

**यशोभूमि/एजेंसी**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बंगाल सरकार की ओर से राष्ट्रपति के साथ किए गए व्यवहार की कड़ी निंदा की है। मरांडी ने शनिवार रात सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि पश्चिम



### इस प्रकार का रवैया है प्रोटोकॉल का उल्लंघन

बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान संथाल आदिवासी समाज की बेटी एवं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ पश्चिम बंगाल सरकार का व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति इस प्रकार का रवैया न केवल प्रोटोकॉल का उल्लंघन है,बल्कि यह आदिवासी समाज की भावनाओं को भी आहत करता है। राष्ट्रपति के शब्दों में जो पीड़ा और असहजता झलक रही थी,वह पूरे देश ने महसूस की। उन्होंने कहा कि ममता दीदी,राजनीति अपनी जगह है,लेकिन राष्ट्र के सर्वोच्च पद और उससे जुड़े प्रोटोकॉल का सम्मान हर राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। आपसे अपेक्षा थी कि आप लोकतांत्रिक मर्यादाओं,संवैधानिक पदों के सम्मान और शिष्टाचार का पालन सुनिश्चित करेंगी,लेकिन आपने सत्ता के अहंकार में राष्ट्रपति पद की गरिमा और संथाल आदिवासी समाज को अपमानित करने का काम किया है।

# पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत का आधार है नारी

**यशोभूमि/एजेंसी**

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए),

### जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

खूंटी के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड सभागार तोरपा में जिला प्रशासन के सहयोग से विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के तहत लगभग एक करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए रसिकेश कुमार के अलावा अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा, एसडीजेएम




विद्यावती कुमारी, बीडीओ तोरपा नवीन कुमार झा, सीओ तोरपा पूजा बिंहा तथा डीएलएसए खूंटी के सचिव कमलेश बेहरा सहित जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ तोरपा नवीन कुमार झा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं के हित में इस प्रकार के विधिक जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### युवती से छिनैती की कोशिश

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के मोदी पार्क के पास शनिवार रात एक युवती से छिनैती की कोशिश की गई। घटना उस समय हुई जब युवती ऑटो से साकची से धतकीडीह की ओर जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार रास्ते में बाइक पर सवार तीन युवक -युवती के पास पहुंचे और उसका बैग छीनने का प्रयास करने लगे। युवती ने बैग को मजबूती से पकड़े रखा, जिस कारण बदमाश उसे ऑटो से घसीटते हुए नीचे गिराने लगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पश्चिमी सिंहभूम।** शहर के बोदरा चौक के पास शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आकाश सामड़ के रूप में हुई है। वह तांतनगर थाना क्षेत्र के गितीलआदेर गांव का रहने वाला था और इन दिनों अपने चाचा अजबन सामड़ के साथ बोदरा चौक स्थित उनके गैरेज में रहकर काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार, आकाश सामड़ प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात सब्जी लेने के लिए तांबो चौक स्थित एक होटल की ओर जा रहा था। इसी दौरान तांबो चौक से लगभग 500 मीटर दूर बोदरा चौक के पास बायपास रोड से झींकपानी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार छोटी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर मुफस्सिल थाना को भी सूचित किया गया। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल आकाश सामड़ को तुरंत सदर अस्पताल चाईबासा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं पुष्पा देवी

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नैनीताल।** जनपद नैनीताल के रामनगर क्षेत्र की निवासी पुष्पा देवी ने कठिन परिस्थितियों के बीच आत्मनिर्भर बनकर साहस और

### पति के असमय निधन के बाद निभाई जिम्मेदारी

संघर्ष की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की है। पति के असमय निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी और भविष्य की चिंता उनके सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हो गयी थी, लेकिन उन्होंने परिस्थितियों से हार मानने के बजाय मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया और आज वह अन्य महिलाओं के लिये भी प्रेरणा बन गयी हैं। पुष्पा देवी के अनुसार पति के निधन के बाद परेशानियों से जूझने के दौरान उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी मिली और उन्होंने रीप परियोजना से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दी। परियोजना के अंतर्गत उन्हें 30 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने अपने घर से ही 'मेघा बुटीक सेंटर' नाम से सिलाई और बुटीक का कार्य प्रारंभ किया। प्रारंभिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने धैर्य और लगन से अपने कार्य को आगे बढ़ाया। समय के साथ उनके कार्य की पहचान बनने लगी और वर्तमान में वह इस कार्य से प्रतिवर्ष लगभग 60 से 70 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। पुष्पा देवी अब न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गयी हैं।



### महिलाएं कर सकती है किसी भी चुनौती का सामना

पुष्पा देवी का कहना है कि यदि उन्हें सरकारी योजना और रीप परियोजना का सहयोग नहीं मिला होता तो कठिन परिस्थितियों से उबरना उनके लिए आसान नहीं होता। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उनकी यह कहानी यह संदेश देती है कि अवसर और आत्मविश्वास के साथ महिलाएं किसी भी चुनौती का सामना कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।


## दैनिक यशोभूमि CLASSIFIED

क्लासीफाइड के लिए ई-मेल आईडी adambika@gmail.com • आज ही संपर्क करें - 8108110772

''यशोभूमि - विज्ञापन का विश्वसनीय सहयोगी'' जरूरत आपकी विज्ञापन हमारा

चाहिए | शैक्षणिक | व्यवसाय | विवाह | जगह संबंधी | ट्रैवल | ऑटो मोबाइल

### चाहिए

परेलस्थित प्रिंटिंग प्रेसमें डिलिवरी एवं हेल्पर लडका चाहिए। संपर्क सुबह 11 से शाम 5 (9819197227) LAL2026-03S.55-008197

सेफ सिक्यूरिटी वसई के लिए गार्ड चाहिए रहने खाने कि सुविधा 9967766651 LAL2026-03S.55-008093

हाऊसकीपिंग, पँट्री बॉय, रहनेकी सुविधा, सीप्झ, अंधेरी (पू), पगार +ओटी, रु.18000, + PF + बोनस + छुट्टी , मो :9821492139 LAL2026-03S.55-008236

इलेक्ट्रॉनिक फॅक्ट्रीमें सोल्डरींग / एसेम्बलींग काम केलिए भायदंर में स्टाफ चाहिए व्हाट्सएप 8879956050 LAL2026-03S.55-008356

ठाणे हॉटेल के लिए चाहिए। अनुभवी वेटर, क्लिनर, मोरीवाला. 9892232200 LAL2026-03Y.5-007992

अंधेरी पूर्व के लिए हेल्पर्स चाहिए। ड्युटी 9 घंटा, हप्ते में 1 छुट्टी। वेतन 15,500/- + इसेंटिव संपर्क- 9619291288/ 9930487961 LAL2026-03S.55-008326

कॉफी मशीन ऑपरेटर लड़के चाहिए। तनखा - 15000 से 18000 संपर्क - 9702294646 LAL2026-03S.55-008239

ठाणे केलिये वायरमन हेल्पर चाहिए 9172807896/ 8369100448 LAL2026-03S.55-008117

शादीमें काम केलिये लड़के चाहिऐ पगार-1100 रहनेकी सुविधाः 9833214489 LAL2026-03Y.5-008113

ऑफिस और पँट्री काम के लिए लड़कियाँ और लड़के चाहिए वेतन 15000 से 18000 संपर्क : 9702294646 LAL2026-03S.55-008237

Waiter cum Delivery Boy for Restaurant in DADAR : 8928302615 LAL2026-03S.55-007998

अंधेरीमें लोडर कामके लिए लडके चाहिए। पगार, विमा,बोनस। संपर्कः 9870502626/ 8652004141 LAL2026-03Y.5-008207

5 स्टार हॉटेल केलिए किचन युटिलिटि बॉईज, हाऊसकिपिंग चाहिए। प.16 k -9082285519 LAL2026-03Y.5-007989

सिक्युरिटीगार्ड, सिक्युरिटी सुपरवायझर्स, राऊंडर चाहिए। 115- रिना कॉम्प्लेक्स,नाथानी स्टील सामने, विद्याविहार (वे)9867202170 / 9920633611 LAL2026-02S.127-006697

दैनिक यशोभूमि नया तेवर, नया कलेवर
जन्मदिन का धमाका
छोटे बच्चों के लिए जन्मदिन की शुभकामनाएं
विशेष उम्र सीमा 12 वर्ष
साइज 4 X 6
रुपये 250/-
वार्षिक अंशदान ग्राहकों को मुफ्त विज्ञापन
संपर्क : विश्वजीत चव्हाण 7720898111 8108110772
LAL2026-03S.55-008095

### सौंदर्यप्रसाधने

FRESHER / EXP. BEAUTICIAN URGENTLY REQD AT LADIESSALON, LOKHANDWALA KANDIVALI (EAST), CALL - 9167598525 LAL2026-03S.55-008196

### सिक्युरिटी गार्ड

फ्री नोकरी ! सुमित सेफ सक्यूरीटी प्रा. लि. ( www. sumitsafesecurity.com ) गार्ड / सुपरवायझर्स चाहिए। रहने की सोय. (ऑफिस- 02240097308 / 9594933933), (सेंट्रल- 9223290004 / 9930064005), (ठाणे- 9223290006), (वेस्टर्न- 9223293555), (नवी मुंबई- 9223490002), (पुणे- 9223290222 / 9930064008), (नागपूर- 9223292777), (गुजरात- 9324515759). LAL2026-02S.55-007089

क्लासिफाईड के लिए ई-मेल आयडी adambika@gmail.com

एक प्रसिद्ध सुरक्षा एजन्सी को जरूरत है। अनुभवी सुरक्षा बांऊसर, गाडर्स और सुपरवाईजर की। संपर्क करें: 7021871385, 8879946861, 8828747168 साईट: भेंडी बाजार और वर्ली मुंबई LAL2026-03Y.5-008194

### कर्ज

### पाठकों हेतु नियम सूचना

''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक **जवाबदार नहीं होंगे,** इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.

WAL2026-01SA0-000066

नियमित पढ़ें यशोभूमि

### पाठकों को सूचना

**विशेष सूचना**

विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.

- प्रबंधक

AUR2025SA002605983

दैनिक यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
Smart maharashtra
मुंबई। सोमवार, 9 मार्च 2026



## न्यायालय ने मंत्री पंकजा मुंडे को जारी किया नोटिस

**यशोभूमि / भाषा** **जालना।** जालना जिला योजना समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर मुंबई उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की मंत्री पंकजा मुंडे और अन्य सरकारी अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। जालना जिला योजना समिति का गठन महाराष्ट्र सरकार ने ही किया था। पंकजा मुंडे जालना जिले की प्रभारी मंत्री हैं। स्थानीय कार्यकर्ता भाऊसाहेब गोरे की ओर से दायर एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की औरंगाबाद खंडपीठ ने चार मार्च को राज्य सरकार और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। खंडपीठ में न्यायमूर्ति विभा कंकनवाड़ी और न्यायमूर्ति हितेन वेनेगावकर शामिल हैं। याचिकाकर्ता के अनुसार जिला योजना समिति का गठन कथित तौर पर कानून का उल्लंघन करते हुए किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अवैध रूप से धन का आवंटन हुआ और इस धनराशि का इस्तेमाल निर्धारित उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज पेश होगा पुणे मनपा का बजट

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**पुणे।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पुणे मनपा का बजट सोमवार (9 मार्च) को पेश किया जाएगा। मनपा आयुक्त नवल किशोर राम इस बजट को स्थायी समिति के समक्ष पेश करेंगे। 9 मार्च को दोपहर में स्थायी समिति की विशेष बैठक में बजट पेश किया जाएगा। मनपा शासन काल के बाद यह पहला बजट है। पिछले साल बजट 12.5 हजार करोड़ रुपये था। इस साल के बजट में क्या नई योजनाएं आ रही हैं, इस पर पुणेवासियों की नजर है। मनपा आयुक्त नवल किशोर राम अपराह्न तीन बजे मनपा के नये भवन के तीसरी मंजिल पर छत्रपति शिवाजी महाराज सभागार में वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगे और बजट पेश करने के बाद चौथी मंजिल आयुक्त कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जायेगा।

### दमन से तस्करी करके लाई गई शराब जब्त

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**पालघर।** दमन से तस्करी कर लाई गई 57 लाख रुपये की भारत निर्मित विदेशी शराब पालघर जिले में जब्त की गई। राज्य शराब विभाग के पालघर अधीक्षक गणेश बागराजे ने कहा कि मखमली वॉलपेपर के पीछे छिपाकर ट्रकों में बड़ी मात्रा में व्हिस्की और बीयर सहित प्रमुख ब्रांडों की शराब की तस्करी की जा रही थी। यह कार्रवाई उस समय की गई, जब टीम ने तालासारी इलाके में ट्रक को रोका और जांच की। शराब केवल दमन और दादरा-नगर हवेली में बिक्री के लिए थी, लेकिन महाराष्ट्र में तस्करी की जा रही थी। जब्त की गई शराब की कीमत 57,12,000 रुपये है। ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है और तालासारी पुलिस स्टेशन में महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महिलाओं को सौंपी गई एक्वा लाइन की कमान

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) ने एक खास पहल शुरू की है। मुंबई मेट्रो लाइन 3 (एक्वा लाइन) पर दो महत्वपूर्ण मेट्रो स्टेशन, मरोल नाका और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस का संचालन आज सभी महिला टीमों द्वारा किया गया। इस पहल ने मेट्रो परिचालन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व पर प्रकाश डाला। पूरे दिन इन स्टेशनों पर टिकटिंग, सुरक्षा, यात्री सहायता, स्टेशन प्रबंधन और हाउसकीपिंग सहित सभी कार्यों को महिला कर्मचारियों द्वारा संभाला गया। यात्रियों को सुरक्षित और सुचारु सेवा प्रदान करने के लिए महिला स्टाफ ने समन्वय से काम किया। महिला दिवस के अवसर पर लागू की गई यह पहल सिर्फ त्योहार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण के प्रति एमएमआरसी की प्रतिबद्धता है और महिला नेतृत्व के माध्यम से शहरी परिवहन प्रणाली को एक नई दिशा देने का एमएमआरसी का प्रयास है।

### बीएसई ने बीकेसी में विस्तार करने की योजना बनाई

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में कार्यालय स्थान की बढ़ती मांग को देखते हुए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने विस्तार करने का फैसला किया है। इस उद्देश्य के लिए बीएसई ने मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) से भूमि आवंटन का अनुरोध किया है, ताकि वह मुंबई में अपने परिचालन का विस्तार कर सके। इस संबंध में बीएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदररामन राममूर्ति और मुख्य नियामक अधिकारी कमला कंठराज ने एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी (आईएएस) से मुलाकात की। बैठक में बीएसई के प्रस्तावित विस्तार के लिए उपयुक्त भूमि का चयन कैसे किया जाए।

# नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग पर 2025 में दुर्घटनाओं में वृद्धि


### 'इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' किया जा रहा है लागू

**यशोभूमि / भाषा**

**मुंबई।** नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग पर 2025 में दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों में तेजी से वृद्धि हुई, जबकि मुंबई-पुणे

#### मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर स्थिति बेहतर

एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाओं में मामूली वृद्धि देखी गई, हालांकि कुल दुर्घटनाओं में मामूली गिरावट आई है। अधिकारियों ने रविवार को महाराष्ट्र राजमार्ग पुलिस के अनंतिम आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। राजमार्ग पुलिस के आंकड़ों के अनुसार समृद्धि महामार्ग पर 2025 में 185 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जो 2024 के आंकड़े 137 की तुलना में 35 प्रतिशत की वृद्धि है।



#### मामूली चोट का कारण बनने वाली दुर्घटनाओं में वृद्धि

महाराष्ट्र परिवहन आयुक्त के कार्यालय ने इस वर्ष 22 जनवरी को जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में समृद्धि महामार्ग पर दुर्घटनाओं और मौतों में वृद्धि का उल्लेख नहीं किया, हालांकि उसने देश के पहले 'एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर' मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर गंभीर दुर्घटनाओं और मौतों में कमी को उजागर किया। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 2025 में 187 दुर्घटनाएं हुईं, जो 2024 में हुई 191 दुर्घटनाओं से थोड़ी कम हैं, हालांकि मामूली चोट का कारण बनने वाली दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 25 से बढ़कर 28 हो गई।

विदर्भ के सबसे बड़े शहर को देश की वित्तीय राजधानी से जोड़ने वाले कॉरिडोर पर जानलेवा दुर्घटनाओं की संख्या 2024 के 96 से बढ़कर 2025 में 128 हो गई, जबकि मौतों की संख्या 126 से बढ़कर 152 हो गई, जो क्रमशः 33 प्रतिशत और 21 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। आंकड़ों से पता चला कि गंभीर चोट का कारण बनने वाली दुर्घटनाओं की संख्या भी दोगुनी होकर 23 से बढ़कर 46 हो गई। ऐसी दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों की संख्या 50 से बढ़कर 140 हो गई। छह लेन वाला 'एक्सेस-कंट्रोल्ड समृद्धि कॉरिडोर' दिसंबर 2022 से चरणबद्ध तरीके से यातायात के लिए खोला गया था और इसका पूरा हिस्सा पिछले साल चालू हो गया था। वर्तमान में निगरानी में सुधार और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक 'इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' (आईटीएमएस) लागू किया जा रहा है।

# वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए 300 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे: देवेंद्र फडणवीस

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** राज्य के वन क्षेत्र को 33 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र 300 करोड़ पौधे लगाएगा और पौधों के संरक्षण के लिए सरकार की नीति में वृक्ष संरक्षण को शामिल करेगा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को 'वृक्षवर्धनः द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय वृक्ष संरक्षण सम्मेलन

#### वृक्षवर्धन मूल रूप से 'पेड़ों के लिए डॉक्टर' प्रदान करता है

2026' में बोलते हुए कहा। वृक्षवर्धन मूल रूप से 'पेड़ों के लिए डॉक्टर' प्रदान करता है, जो विशेषज्ञों को उन्नत तकनीक की मदद से पेड़ों के स्वास्थ्य का आंकलन करने और संरक्षण उपायों को लागू करने में सक्षम बनाता है। आधुनिक उपकरण अब शहरों को स्कैन करना और वैज्ञानिक रूप से वृक्षारोपण की योजना बनाने के लिए डिजिटल योजना बनाना संभव बनाते हैं। फडणवीस ने कहा कि प्रौद्योगिकी यह निर्धारित करने में मदद कर सकती है कि क्या किसी पेड़ के गिरने की संभावना है, क्या उसे सुरक्षा की आवश्यकता है और क्या उसकी शाखाएं कोई खतरा पैदा करती हैं। फडणवीस ने कहा कि सरकार अब राज्य में 33 प्रतिशत वन क्षेत्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 300 करोड़ पौधे लगाने की योजना बना रही है। कृषि-जलवायु परिस्थितियों, मिट्टी के प्रकार और विभिन्न क्षेत्रों के लिए विभिन्न वृक्ष प्रजातियों की उपयुक्तता को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक डेटा का उपयोग करके नए वृक्षारोपण किए जाएंगे। मैंग्रोव को काटने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट की अनुमति आवश्यक है, हालांकि कुछ मैंग्रोव को विकास परियोजनाओं के लिए साफ कर दिया गया है, क्षतिपूर्ति के लिए मैंग्रोव पार्क बनाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का ध्यान विकास के साथ-साथ हरित आवरण को कम करने की बजाय बढ़ाने पर होना चाहिए।



#### राष्ट्रीय वन नीति बेंचमार्क से काफी कम

महाराष्ट्र आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार राज्य का कुल वन क्षेत्र इसके 3,07,713 वर्ग किमी भौगोलिक क्षेत्र का 16.5 प्रतिशत है। यह राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के तहत निर्धारित 33 प्रतिशत बेंचमार्क से काफी कम है।

# वीर सावरकर कट्टर देशभक्त थे, हिंदुत्व पर उनकी व्याख्या आज भी प्रासंगिक: गडकरी

**यशोभूमि / भाषा**

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि विनायक दामोदर सावरकर वैज्ञानिक वैचारिक

#### अगर सावरकर महान नहीं हैं, तो देश में कोई भी महान नहीं

दृष्टिकोण वाले एक कट्टर देशभक्त थे और हिंदुत्व पर उनकी व्याख्या आज भी प्रासंगिक एवं उपयोगी है। कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा कि उन्होंने एक बार सावरकर की आलोचना करने वाले एक 'बड़े नेता' से कहा था कि अगर सावरकर महान नहीं हैं, तो देश में कोई भी महान नहीं है। शनिवार को स्वातंत्र्य वीर



सावरकर स्मारक समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि सावरकर सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को सम्मानित किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि वह न केवल एक कट्टर देशभक्त थे, बल्कि एक उत्कृष्ट कवि, दार्शनिक और इतिहासकार भी थे, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह एक आदर्श समाज सुधारक थे। सावरकर का वैचारिक दृष्टिकोण वैज्ञानिक था। हिंदुत्व के बारे में उन्होंने जो व्याख्या दी, वह आज भी बहुत उपयोगी और प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि सावरकर की यह स्पष्ट राय थी कि हिंदू समाज में मौजूद जाति व्यवस्था और उसके विभाजन के साथ-साथ अस्पृश्यता को पूरी तरह से नष्ट कर देना चाहिए।

## जज को साइबर ठगों ने लगाया 6 लाख का चूना

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** मुंबई में साइबर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे कानून के संरक्षकों को भी अपना निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट के एक मौजूदा जज के साथ क्रेडिट कार्ड पॉइंट्स रिडीम करने के बहाने 6 लाख रुपये की बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। यह घटना दर्शाती है कि डिजिटल दुनिया में थोड़ी सी चूक किसी के लिए भी भारी पड़ सकती है। ठगों ने बड़ी चतुराई से बैंक प्रतिनिधि बनकर जज को अपने जाल में फंसाया और चार अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 6,02,566 रुपये उनके खाते से उड़ा लिए।


# पुणे का नया डबल-डेकर फ्लाईओवर खुला

**यशोभूमि / भाषा**

**पुणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'डबल-डेकर ब्रिज' कहे जानेवाले पुणे के नये फ्लाईओवर का रविवार को वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। पुणे में उद्घटन समारोह में उपस्थित

#### यातायात सुगम होने की उम्मीद

उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने याद दिलाया कि उनके दिवंगत पति और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार को पुराने पुल को तोड़ने का आदेश देने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नये फ्लाईओवर से लोगों को यातायात संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। गणेशखिंड रोड पर स्थित फ्लाईओवर का मुख्यमंत्री फडणवीस ने 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के माध्यम से उद्घाटन किया जिसके बाद इसे जनता के लिए खोल दिया गया। पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (पीएमआरडीए) द्वारा निर्मित इस संरचना में एक डबल-डेकर डिजाइन है, जिसमें पहले स्तर पर एक रोड फ्लाईओवर और उसके ऊपर एक मेट्रो लाइन का निर्माण किया गया है। इससे बानेर, पाषाण, शिवाजीनगर और औंध सहित कई क्षेत्रों में यातायात सुचारु होने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि अजित पवार ने पुराने पुल को तोड़ने का साहसिक निर्णय लिया था।



# कार की ट्रक और कंटेनर से टक्कर, चार लोगों की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**लातूर।** लातूर जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा लातूर-तुलजापुर हाइवे पर तीन वाहनों के बीच टक्कर के कारण हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार यह दर्दनाक दुर्घटना लातूर-तुलजापुर महामार्ग पर औसा के पास देर रात हुई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने आगे चल रहे लकड़ी से भरे ट्रक और एक कंटेनर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। यह बीएमडब्ल्यू कार संगली जिले की थी और किसी काम के सिलसिले में लातूर आई हुई थी। काम खत्म करने के बाद कार में सवार लोग शिवली इलाके में खाना खाने के बाद औसा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हाइवे पर एक होटल के सामने यह भयानक हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि लकड़ी से लदा ट्रक करीब 100 फीट दूर जाकर पलट गया, जबकि बीएमडब्ल्यू कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे की भीषणता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद सड़क पर खून बिखर गया और कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।






अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नागपुर में रविवार को पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने बाइक रैली में भाग लिया। यशोभूमि/ पीटीआई

# पाक को खुफिया जानकारी देने वाले इंजीनियर को नहीं मिली जमानत

**यशोभूमि / भाषा**

**मुंबई।** ठाणे की एक अदालत ने युद्धपोतों और पनडुब्बियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी नागरिकों को देने के आरोपी जूनियर सर्विस इंजीनियर की जमानत याचिका

#### इंजीनियर का यह अपराध गंभीर प्रकृति का है

खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि नौसेना के प्रतिष्ठानों से संबंधित इंजीनियर का यह अपराध गंभीर प्रकृति का है। इस महीने की शुरुआत में पारित आदेश में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी. जी. मोहिते ने कहा कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों में 14 साल तक की कारावास की सजा हो सकती है। आरोपी रवि वर्मा नौसेना, तटरक्षक बल और मुंबई बंदरगाह ट्रस्ट को सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी क्रासनी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत था। उसे 28 मई, 2025 को गिरफ्तार किया गया था। ठाणे



निवासी रवि वर्मा फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि नवंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच वर्मा ने भारतीय नौसेना के जहाजों और नौकाओं के नाम तथा स्थानों के बारे में गुप्त और संवेदनशील जानकारी दो पाकिस्तानी नागरिकों को मुहैया कराई थी।

# अमित शाह का निजी सचिव बताकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव बताकर पुलिस अधिकारियों को फोन करता था और विभिन्न मामलों को प्रभावित करने की कोशिश करता था। आरोपी लोगों से मामलों में मदद

#### मामलों को प्रभावित करने की करता था कोशिश

दिलाने के नाम पर कथित तौर पर पैसे भी वसूलता था। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान 41 वर्षीय मोहम्मद तारिक पठान के रूप में हुई है, जो खेड़ का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच ने उसे एपीएमसी मार्केट वाशी के पास स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया। क्राइम ब्रांच की ओर से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पठान खुद को केंद्रीय



गृह मंत्री के निजी सचिव पवन कुमार यादव के रूप में पेश करता था। वह पुलिस अधिकारियों को फोन कर विभिन्न मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता था। कभी वह किसी मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए दबाव बनाता था, तो कभी आरोपियों को राहत दिलाने के नाम पर अधिकारियों से संपर्क करता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी कॉल को असली दिखाने के लिए अलग-अलग सिम कार्ड खरीदता था और दूसरे मोबाइल फोन में नंबर को पीएस टू एमएचए के नाम से सेव कर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कॉल करता था।

#### वह लगातार अपने मोबाइल फोन बदलता रहता था

क्राइम ब्रांच को शक है कि आरोपी ने इसी तरह कई मामलों में फोन कॉल कर पुलिस कार्रवाई को प्रभावित करने की कोशिश की और इसके बदले लोगों से पैसे भी वसूले। वह लगातार अपने मोबाइल फोन बदलता रहता था और अलग-अलग राज्यों में अन्य लोगों के नाम पर सिम कार्ड खरीदता था। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने अब तक कितने मामलों में हस्तक्षेप किया है और कितने लोगों से पैसे वसूले हैं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मानवता शर्मसार

### वसई में बैग में मिली नवजात बच्ची

### महिला पुलिसकर्मी की सतर्कता से बची बच्ची की जान

**यशोभूमि / एजेंसी**

**वसई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश-दुनिया में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर तमाम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसी बीच वसई से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। वसई पूर्व के वसंतनगरी सिग्नल इलाके में करीब 15 से 20 दिन की एक नवजात बच्ची को बैग में डालकर सड़क किनारे छोड़ दिया गया, हालांकि समय रहते पुलिस की तत्परता और एक महिला पुलिसकर्मी की सतर्कता से बच्ची की जान बचा ली गई। जानकारी के अनुसार मानिकपुर पुलिस स्टेशन में तैनात महिला पुलिस सिपाही पल्लवी संजय नरवाडे 7 मार्च की रात 9 बजे से 8 मार्च की सुबह 9 बजे तक सीसीटीएनएस ड्यूटी पर थीं। इसी दौरान 8 मार्च की सुबह करीब 7:50 बजे ड्यूटी अधिकारी सागर साबले ने उन्हें सूचना दी कि वसई पूर्व के वसंतनगरी सिग्नल के पास एक बैग में नवजात शिशु मिला है और तुरंत मौके पर पहुंचकर



सहायता करने के निर्देश दिए। सूचना मिलते ही पल्लवी नरवाडे एक अन्य पुलिसकर्मी के साथ डायल-112 के सरकारी वाहन से घटनास्थल पर पहुंचीं। वहां पहुंचने पर देखा गया कि बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा थे। जांच के दौरान पता चला कि 'हरा पत्ता वॉशिंग पाउडर' लिखे हरे-सफेद-लाल रंग के बैग में एक नवजात बच्ची रखी हुई थी, जिसे वहां मौजूद महिलाओं ने बैग से बाहर निकाला था। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से बच्ची के बारे में पूछताछ की, लेकिन किसी को भी उसके माता-पिता या उसे वहां छोड़ने वाले व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसके बाद पुलिस ने बिना देर किए बच्ची को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों द्वारा की गई प्राथमिक जांच में बच्ची की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि उसके संरक्षण और देखभाल की उचित व्यवस्था की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची की देखभाल की जिम्मेदारी होने के बावजूद उसे जानबूझकर खुले स्थान पर छोड़ दिया, जो कि एक गंभीर अपराध है। इस संबंध में माणिकपुर पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

#### पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर रही जांच

पुलिस आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जांच कर रही है। महिला दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिन पर सामने आई इस घटना ने समाज के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आज भी कहीं-न-कहीं बेटियों के प्रति भेदभाव और संवेदनहीनता मौजूद है। हालांकि पुलिस की तत्परता और महिला पुलिसकर्मी की सतर्कता के कारण इस मासूम बच्ची की जान बच गई, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।


# क्लासिक आउटफिट में नजर आईं ऐश्वर्या राय

मशहूर कॉस्ट्यूम डिजाइनर मनीष मल्होत्रा अपनी बेहतरीन कारीगरी और टाइमलेस डिजाइन को लेकर जाने जाते हैं। उनके बनाए कपड़े काफी समय तक लोगों के दिलों में खास जगह बनाए हुए हैं। हाल ही में मनीष ने एक नया आउटफिट तैयार किया। यह लुक उनकी बेहतरीन कारीगरी और क्लासिक स्टाइल का शानदार उदाहरण है। मनीष ने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक तस्वीर शेयर की और इस आउटफिट की खूबसूरती के बारे में बताया। उन्होंने इस आउटफिट को ऐश्वर्या की खूबसूरती के साथ जोड़ा और बताया कि यह डिजाइन टाइमलेस है। उन्होंने लिखा, ऐश्वर्या राय ने ऑफ-व्हाइट चिकनकारी कुर्ता पहना हुआ है। कुर्ते पर एंटीक जरदोजी और डोरी कढ़ाई का काम किया गया है। हर जरी धागे की चमक ऐसी की गई है कि मानो कोई कविता लिखी गई हो। यह कढ़ाई इतनी बारीक और शानदार है कि देखते ही दिल खुश हो जाता है। कुर्ते का सिल्हूट बहुत खूबसूरत है, जो इजहार पैंट्स के साथ मिलकर एक सुंदर फ्लो देता है। साथ में शाही दुपट्टा लुक को और भी राजसी बना रहा है। मनीष ने आगे बताया कि इस पूरे आउटफिट का आकर्षण एमराल्ड के अनकट गहने हैं, जो मानो शाही विरासत के टुकड़ों की तरह लगते हैं। गहरे, चमकदार और हमेशा के लिए याद रहने वाले। मनीष के आउटफिट्स हमेशा से ही भारतीय कारीगरी को आधुनिक तरीके से पेश करते हैं। चिकनकारी, जरदोजी और एमराल्ड का मेल ऐश्वर्या के लुक को और भी खास बना रहा है।



# आईएएस और आईपीएस बनने की राह है 'यूपीएससी' परीक्षा

## संकल्प, साधना और सफलता से सम्बन्ध है ऊंची उड़ान का




हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के परिणाम घोषित हुए हैं। देश के विभिन्न कोनों से आए अनेक युवाओं ने वर्षों की मेहनत, धैर्य और अनुशासन के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS), भारतीय पुलिस सेवा (IPS) तथा अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में स्थान प्राप्त किया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इन परिणामों ने देश के लाखों विद्यार्थियों को एक नया संदेश दिया है। सपने यदि बड़े हों और प्रयास निरंतर हो, तो सफलता अवश्य मिलती है।


UPSC की परीक्षा केवल एक नौकरी पाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र सेवा के लिए योग्य नेतृत्व तैयार करने की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है। यही कारण है कि देश का हर जागरूक और महत्वाकांक्षी युवा इस परीक्षा को अपने जीवन के एक बड़े लक्ष्य के रूप में देखता है। यह परीक्षा केवल प्रतिभा ही नहीं, बल्कि दृष्टि, संवेदनशीलता और सामाजिक समझ की भी परीक्षा होती है।

बहुत से विद्यार्थियों के मन में यह भ्रम रहता है कि केवल इंजीनियरिंग या किसी विशेष विषय के विद्यार्थी ही इस परीक्षा में सफल हो सकते हैं। वास्तविकता इससे बिल्कुल भिन्न है। इस परीक्षा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि देश का कोई भी विद्यार्थी जिसने स्नातक (Graduation) की डिग्री प्राप्त की है, वह इसमें बैठ सकता है। यही कारण है कि हर वर्ष डॉक्टर, इंजीनियर, विज्ञान और वाणिज्य के विद्यार्थी, साहित्य और इतिहास के विद्यार्थी, यहां तक कि विभिन्न पेशों में कार्य कर रहे युवा भी इस परीक्षा में भाग लेते हैं। वास्तव में प्रशासनिक सेवा के लिए केवल विषय विशेष का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि व्यापक दृष्टिकोण और समाज की समझ अधिक महत्वपूर्ण होती है। एक डॉक्टर समाज की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर समझ सकता है, एक इंजीनियर विकास और आधारभूत संरचना के विषयों को गहराई से देख सकता है, वहीं साहित्य या सामाजिक विज्ञान का विद्यार्थी समाज की संवेदनाओं और समस्याओं को अधिक निकटता से समझ सकता है। इस प्रकार विभिन्न विषयों से आए विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं को अधिक समृद्ध बनाते हैं।



UPSC की परीक्षा तीन चरणों में आयोजित होती है जैसे प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और व्यक्तित्व परीक्षण। इन तीनों चरणों के माध्यम से अभ्यर्थी के ज्ञान, विश्लेषण क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल और व्यक्तित्व का समग्र मूल्यांकन किया जाता है। इसलिए इस परीक्षा की तैयारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह व्यक्ति के दृष्टिकोण और सोच को भी विकसित करती है। आज के समय में तैयारी के साधन पहले की अपेक्षा अधिक उपलब्ध हैं। पुस्तकें, समाचार पत्र, डिजिटल माध्यम, ऑनलाइन व्याख्यान और विभिन्न मार्गदर्शन संस्थान विद्यार्थियों को बेहतर दिशा प्रदान कर रहे हैं। लेकिन इन सभी साधनों के बीच सबसे महत्वपूर्ण है। जरूरी है निरंतर अध्ययन, अनुशासन और धैर्य। UPSC की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को सबसे पहले अपने बुनियादी विषयों को मजबूत बनाना चाहिए। देश-दुनिया की घटनाओं को समझना, भारतीय संविधान और शासन व्यवस्था का अध्ययन करना, इतिहास, भूगोल, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण जैसे विषयों की जानकारी रखना आवश्यक है। साथ ही विचारों को स्पष्ट और संतुलित रूप में प्रस्तुत करने की क्षमता भी इस परीक्षा में सफलता की कुंजी होती है।

इस परीक्षा की सबसे प्रेरक बात यह है कि इसमें सफल होने वाले अनेक विद्यार्थी साधारण परिवारों से आते हैं। किसी के माता-पिता किसान होते हैं, किसी के शिक्षक, तो किसी के छोटे व्यापारी। सीमित संसाधनों के बावजूद उनका आत्मविश्वास और परिश्रम उन्हें देश की सर्वोच्च सेवाओं तक पहुंचा देता है।



यह युवाओं के लिए एक बड़ा संदेश है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और संकल्प मजबूत हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। आज के युवाओं के लिए यह समझना आवश्यक है कि प्रशासनिक सेवाएं केवल व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं हैं, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर भी प्रदान करती हैं। एक संवेदनशील और सक्षम अधिकारी लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। इसलिए जो विद्यार्थी समाज के लिए कुछ करना चाहते हैं, उनके लिए यह सेवा एक उत्कृष्ट मार्ग है। अंततः यही कहा जा सकता है कि UPSC की परीक्षा देश के हर उस युवा के लिए खुला मंच है जो अपने ज्ञान, परिश्रम और संकल्प के बल पर आगे बढ़ना चाहता है। विषय कोई भी हो, पृष्ठभूमि कैसी भी हो—यदि लक्ष्य स्पष्ट है और प्रयास सच्चा है, तो प्रशासनिक सेवा का द्वार हर स्नातक के लिए खुला है।

❑❑❑



दैनिक यशोभूमि मार्गदर्शन

प्रो. डॉ. दयानंद तिवारी

### मेरा मन कहता है कि युवाओं से कहूं…

मेहनत की राह कठिन सही, पर मंजिल दूर नहीं होती,
जो सपनों को सच मानें, उनकी हार कभी नहीं होती।
ज्ञान, धैर्य और साहस से जो अपने पथ पर चलता है,
एक दिन वही युवा देश का नेतृत्व भी करता है।
न डॉक्टर होना बाधा है, न इंजीनियर होना रुकावट,
संकल्प अगर दृढ़ हो मन में, तो हर सपना बनता हकीकत।
उठो युवा, अपने सपनों को साकार करने का समय है,
सेवा, श्रम और विश्वास से ही राष्ट्र निर्माण का क्रम है।



# कंगना ने शेयर किया महिलाओं के नाम संदेश

अपने बेबाक बयानों के लिए प्रसिद्ध मंडी सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि हर दिन महिलाओं का होता है और नारी महाशक्ति का स्वरूप है। कंगना रनौत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए सभी महिलाओं के नाम प्यारा संदेश लिखा। अभिनेत्री का कहना है कि महिलाओं के लिए अपनी शक्तियों को पहचानना बहुत जरूरी है और उनका सही उपयोग करना भी आना चाहिए। उन्होंने लिखा, हर दिन आपका दिन है। नारी होना एक महाशक्ति है। अपनी शक्तियों को पहचानें और समझें कि उनका उपयोग अपने लाभ के लिए कैसे करें, न कि कभी अपने ही विरुद्ध। उदार होने पर कभी पछतावा न करें, जो आप देते हैं वही आपको मिलता है, लेकिन यह शायद आपकी अपेक्षा के अनुसार न हो, इसलिए आगे बढ़ते रहें, मूर्ख बनने की चिंता न करें। उन्होंने आगे लिखा, हमेशा आशा रखें कि आप कभी किसी को मूर्ख न बनाएं या लोगों या परिस्थितियों का लाभ न उठाएं। खुशी की कुंजी यह है कि आप अपना सब कुछ अपने काम, अपने परिवार, अपने दोस्तों को दें, लेकिन याद रखें कि जो आप चाहते हैं वह किसी के पास नहीं है, आप केवल कृतज्ञता चाहते हैं और केवल आप ही खुद को इससे भर सकते हैं।



# विद्या की फिल्मों ने तापसी को किया प्रेरित

हिंदी सिनेमा में हर कलाकार को किसी न किसी से प्रेरणा मिलती है, जिसकी मेहनत और काम देखकर वह आगे बढ़ने की हिम्मत पाता है। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू के लिए ऐसी ही प्रेरणा विद्या बालन हैं। तापसी ने बताया कि विद्या बालन की फिल्मों ने उनके सोचने का तरीका बदल दिया। उन्होंने कहा कि जब वह हिंदी फिल्मों में अपना कैरियर शुरू कर रही थीं, तब विद्या बालन की कुछ फिल्मों ने उन्हें यह भरोसा दिया कि महिला कलाकार भी मजबूत कहानियों के साथ लंबे समय तक इंडस्ट्री में टिक सकती हैं। तापसी ने कहा कि विद्या बालन ने सिर्फ फिल्मों में अभिनय नहीं किया, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि एक अभिनेत्री अपने दम पर कहानी को आगे बढ़ा सकती है। मेरे लिए विद्या बालन एक हीरो हैं। उनकी फिल्मों ने मुझे प्रेरित किया। जब मैंने द डर्टी पिक्चर और कहानी जैसी फिल्में देखीं, तो महसूस हुआ कि सिनेमा में महिलाओं के लिए भी मजबूत और अलग तरह की कहानियां बन सकती हैं। अगर ये फिल्में उस समय नहीं आई होतीं, तो शायद मेरे जैसे कई कलाकारों को यह विश्वास ही नहीं होता कि वे भी लंबे समय तक इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उस समय मैं हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी और अक्सर यह सवाल मन में आता था कि एक अभिनेत्री का करियर कितने समय तक चल सकता है, पर विद्या बालन की फिल्मों को सफल होते देख मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उनकी फिल्मों ने बताया कि कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा में अभिनेत्री भी मुख्य भूमिका निभा सकती हैं और फिल्म की सफलता का केंद्र बन सकती हैं। दरअसल, विद्या बालन को हिंदी सिनेमा में महिला प्रधान फिल्मों के लिए जाना जाता है।

# मूंगफली के छिलकों से चमकाएं फटी एड़ियां, जानें कैसे बनाएं मैजिक फुट मास्क

सर्दियों का मौसम आते ही ठंडी हवा त्वचा की नमी को सोखकर उसे रूखा, बेजान, फटा और खुजलीदार बनाने लगता है। त्वचा अपनी नमी खोने लगती है और फटी एड़ियां तो मानो मुसीबत ही बन जाती हैं। अगर हर साल सर्दियों में आप यह समस्या झेलते हैं तो इस बार धूप में बैठकर मूंगफली खाते समय उसके छिलकों को फेंकने की गलती ना करें। आप सोच रहे होंगे भला फटी एड़ियों का मूंगफली के छिलकों से क्या संबंध। तो आपको बता दें,अकसर बेकार समझकर फेंक दिए जाने वाले मूंगफली के छिलके एंटीऑक्सीडेंट्स और नेचुरल ऑयल्स से भरपूर होते हैं, जो ड्राई स्किन को अंदर से रिपेयर करके हील करते हैं। अगर आप भी मूंगफली के छिलकों से अपने फटी एड़ियों को खूबसूरत बनाना चाहते हैं तो इस तरह बनाकर लगाएं मूंगफली के छिलकों से बना मैजिक फुट मास्क।



### मूंगफली के छिलकों से बनाएं 'मैजिक फुट मास्क'

**आवश्यक सामग्री**

- एक कटोरी मूंगफली के छिलके (धोकर सुखाए हुए)
- 1 चम्मच शहद
- 2 चम्मच नारियल तेल
- कच्चा दूध जरूरत अनुसार

### मैजिक फुट मास्क बनाने की विधि

मैजिक फुट मास्क बनाने के लिए सबसे पहले सूखे हुए मूंगफली के छिलकों को मिक्सी में पीसकर उसका दरदरा पाउडर बनाकर तैयार कर लें। अगर आप इन छिलकों से स्क्रब बनाकर तैयार करना चाहते हैं तो थोड़ा दरदरा रखें, वरना मास्क के लिए बारीक पीसें। अब एक बाउल में 2 चम्मच मूंगफली के छिलकों का पाउडर निकालकर उसमें नारियल तेल और शहद डालकर अच्छी तरह सभी चीजों को मिलाएं। ये चीजें फटी एड़ियों के घावों को भरने में मदद करती हैं। इसके बाद इसमें थोड़ा सा कच्चा दूध मिलाते हुए एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। आपका मैजिक फुट मास्क बनकर तैयार है। आइए जानते हैं इसे लगाने का सही तरीका।

मैजिक फुट मास्क को इस्तेमाल करने का सही तरीका

**क्लींजिंग-** सबसे पहले पैरों को 5 मिनट गुनगुने पानी में भिगोकर रखने के बाद फिर पोंछ लें।

**मसाज-** तैयार पेस्ट को अपनी एड़ियों और पैरों पर लगाएं। 5-7 मिनट तक हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें। ऐसा करने से पैरों की डेड स्किन निकल जाती है।

**पैक की तरह लगाएं-** स्क्रब के बाद इस पेस्ट की एक मोटी परत एड़ियों पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें।

वॉश- 20 मिनट बाद पैरों को सादे पानी से धोकर तुरंत वैसलीन लगाकर मोजे पहन लें। बेहतर परिणाम के लिए इस प्रक्रिया को हफ्ते में दो बार रात को सोने से पहले दोहराएं।





### क्यों है मूंगफली के छिलकों का नुस्खा इतना खास?

**1. नेचुरल एक्सफोलिएटर**

मूंगफली के छिलकों का दरदरा पाउडर बेहतरीन प्राकृतिक स्क्रब की तरह काम करता है। यह एड़ियों पर जमा सख्त और डेड स्किन सेल्स को बिना किसी जलन के धीरे-धीरे हटा देता है।

**2. एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर**

इन छिलकों में पॉलीफेनोल्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। ये त्वचा की कोशिकाओं को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं और सर्दियों की ठंडी हवा से होने वाले नुकसान को अंदर से रिपेयर करते हैं।

**3. सूजन और दर्द में राहत**

फटी एड़ियों में कभी-कभी दरारें इतनी गहरी हो जाती हैं कि उनमें दर्द और सूजन होने लगती है। मूंगफली के छिलकों में मौजूद गुण त्वचा को शांत करते हैं और घावों को जल्दी भरने में मदद करते हैं।

**नोट -** यह जानकारी सामान्य घरेलू नुस्खों पर आधारित है और इसे पेशेवर चिकित्सा सलाह के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। हर किसी की त्वचा अलग होती है, इसलिए इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से पहले एक 'पैच टेस्ट' जरूर करें। यदि आपकी एड़ियों में गहरे घाव हैं, खून आ रहा है या संक्रमण के लक्षण दिख रहे हैं, तो किसी त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना उचित है।

# अंडे के फायदे डबल करने के लिए साथ में खाएं ये 6 चीजें, जानिए क्या है बेस्ट कॉम्बिनेशन

अंडा एक 'सुपरफूड' है, जो प्रोटीन का सबसे सस्ता और बेहतरीन स्रोत माना जाता है। लेकिन कई बार स्वाद के चक्कर में लोग अंडे को गलत तरीके से पकाते हैं या गलत चीजों के साथ खाते हैं, जिससे शरीर को इसके पूरे पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। इसके विपरीत क्या आप जानते हैं अंडे को कुछ खास चीजों के साथ मिलाकर खाने से सेहत को मिलने वाले फायदे डबल हो सकते हैं। जी हां, अंडे का असली जादू तब शुरू होता है जब इसे सही 'फूड कॉम्बिनेशन' के साथ खाया जाता है। यह न केवल मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, बल्कि विटामिन और मिनरल्स के अवशोषण को भी आसान बना देता है।

अंडे में अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन, जरूरी अमीनो एसिड, विटामिन बी१२ और डी, दिमाग की सेहत के लिए कोलीन, और आंखों के लिए फायदेमंद एंटीऑक्सीडेंट जैसे ल्यूटिन और जीएक्सैंथिन होते हैं। अगर अंडों को सही चीजों के साथ खाया जाए, तो उनकी पोषण क्षमता और बढ़ जाती है। डाइटिशियन दीपाली शर्मा से जानते हैं किन चीजों के साथ अंडे का सेवन सेहत के लिए उसके फायदे बढ़ा देता है।



### सब्जियां

(खासकर हरी पत्तेदार सब्जियां)

पालक, केल, टमाटर, शिमला मिर्च, प्याज और मशरूम जैसी सब्जियों के साथ अंडे खाने से विटामिन, मिनरल और फाइबर की मात्रा बढ़ जाती है। अंडे सब्जियों में मौजूद फैट-सॉल्युबल विटामिन (ए, डी, ई और के) और एंटीऑक्सीडेंट को शरीर में अच्छे से एब्जॉर्ब करने में मदद करते हैं। जैसे, पालक के साथ अंडे खाने से ल्यूटिन और बीटा-कैरोटीन बेहतर तरीके से शरीर में जाता है, जो आंखों और त्वचा के लिए अच्छा है।

### साबुत अनाज

होले व्हीट ब्रेड, ओट्स, क्विनोआ या ब्राउन राइस जैसे साबुत अनाज अंडों के साथ अच्छे लगते हैं। ये कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट और फाइबर देते हैं, जिससे लंबे समय तक एनर्जी बनी रहती है, पाचन ठीक रहता है और ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल में रहता है। अंडों के साथ ब्राउन ब्रेड टोस्ट या एक पूरा क्विनोआ-एग बाउल पेट भरने वाला नाश्ता है।

### हेल्दी फैट

अंडों में मौजूद हेल्दी फैट की मात्रा एवोकाडो, ऑलिव ऑयल, नट्स या बीजों के साथ खाने पर बढ़ जाती है। ये दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। ये फैट अंडों और सब्जियों से मिलने वाले पोषक तत्वों को शरीर में अच्छे से लेने में मदद करती हैं। एग-एवोकाडो टोस्ट या ऑलिव ऑयल में बना अंडा दिल के लिए बढ़िया ऑप्शन है।

### डेयरी या फर्मेंटेड फूड

अंडे प्रोटीन से भरपूर होते हैं, और इन्हें दही या योगर्ट जैसे फर्मेंटेड फूड के साथ खाने से पाचन क्रिया बेहतर होती है। प्रोबायोटिक्स आंतों के बैक्टीरिया को पोषण देते हैं, जबकि प्रोटीन मांसपेशियों की मरम्मत में सहायक होता है। इससे पेट फूलने की समस्या कम होती है और पोषक तत्वों का बेहतर उपयोग होता है।

### दालें और बीन्स

अंडों को दाल, चना, राजमा या स्प्राउट्स के साथ मिलाने से खाने में प्लांट-बेस्ड प्रोटीन और फाइबर की मात्रा बढ़ जाती है। इससे पेट ज्यादा देर तक भरा रहता है, आंतों की सेहत सुधरती है और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। जैसे अंडा भुर्जी के साथ स्प्राउट्स या अंडे के साथ हमस एक संतुलित और पौष्टिक कॉम्बिनेशन है।

### हर्ब्स और मसाले

हल्दी, काली मिर्च, लहसुन, धनिया और पार्सले जैसे हर्ब्स और मसाले स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट और सूजन कम करने वाले फायदे भी देते हैं, जिससे अंडे से बनी डिश और हेल्दी हो जाती है।

**सलाह-** अंडे तब और ज्यादा फायदेमंद हो जाते हैं जब उन्हें सब्जियों, साबुत अनाज, हेल्दी फैट और फाइबर वाली चीजों के साथ खाया जाए। ऐसे कॉम्बिनेशन से खाना संतुलित बनता है, एनर्जी मिलती है, पाचन अच्छा रहता है, दिल की सेहत सुधरती है और ओवरऑल सेहत बेहतर होती है।

## यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 41

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| | ■ | 10 | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | 12 | | | 13 | ■ | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | |

**बाएं से दाएं :** 1. करीब-करीब 5. नित, प्रतिदिन 7. मादा का विलोम 8. पल्लू से चिपके रहने वाला 11. कर्तव्यनिष्ठ एवं सच्चा 14. मकान, सदन 15. कड़ा, गधा 16. वायुयान, हवाई जहाज 18. सम्मान, इज्जत 19. प्रश्न 21. कटि, शरीर का मध्यभाग 22. मदिरा, सहित 23. फूल खिलने से पहले की अवस्था 24. पति की बहन

**ऊपर से नीचे :** 1. अकेलापन 2. हाथ, टैक्स 3. भाग्य, नसीब 4. गीला, आर्द्र 5. मरीज, बीमार 6. अब तब में गिरने वाला, बूढ़ा 9. सरिता, तटिनी 10. कपि, मर्कट 12. नवनीत, मक्खन 13. छुट्टी का दिन, इतवार 14. बड़ा हथौड़ा 17. कीमती वस्तु या सम्मान 18. नशीला, मद उत्पन्न करने वाला 19. युद्ध, लड़ाई 20. कदाचित 22. तौल की एक इकाई, आत्मा

## मध्यम सुडोकू

खाने में 1 से 6 तक की संख्याएं और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएं किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 4 | | | 6 |
| | 5 | | 1 | 4 | |
| 4 | | | 3 | | |
| | | 5 | | | 2 |
| | 6 | 1 | | 3 | |
| 2 | | | 6 | | 1 |

## छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएं और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएं किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 1 | | |
| 4 | | | 2 |
| | | | |
| 3 | | 2 | |

### कल के छोटों सुडोकू का जवाब

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 1 | 4 |
| 1 | 4 | 2 | 3 |
| 4 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 4 | 1 |

### कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 6 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 2 | 6 |

## सूडोकु नवताल- 41

★★★★★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 9 | 2 | | | 6 | 5 | 4 |
| 3 | | | 6 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| 5 | | 7 | | 9 | | | 6 | |
| | 6 | | | 1 | | | 3 | |
| | 3 | | | 7 | 6 | 8 | | 5 |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | 7 | | 5 | | | 6 |
| 8 | 7 | 5 | | | 4 | 3 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

▸ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

### वर्ग पहेली क्र. 40 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सि | ल | सि | ला | ■ | रा | ह | त |
| प | ता | ■ | य | का | य | क | ■ |
| ह | ■ | म | क | र | ■ | ला | भ |
| सा | ग | र | ■ | गु | ल | ■ | र |
| ला | ज | ■ | गं | जा | ■ | प | त |
| र | ब | र | ■ | री | त | ना | ■ |
| ■ | द | वा | त | ■ | प | ह | रा |
| मौ | न | ■ | ना | च | ना | ■ | स्ता |

### सूडोकु नवताल- 40 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बढ़ रहा महिलाओं का निवेश

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिलाओं के द्वारा इक्विटी म्यूचुअल फंड में आवंटन पांच वर्षों में कुल पोर्टफोलियो का लगभग 10 प्रतिशत से बढ़कर 32 प्रतिशत हो गया है, जबकि फिक्स्ड डिपॉजिट का हिस्सा लगभग 45 प्रतिशत से घटकर

### बीते पांच वर्षों में 32 प्रतिशत तक पहुंचा आवंटन

### 45 % से घटकर 20 % हुआ फिक्स्ड डिपॉजिट का हिस्सा

20 प्रतिशत हो गया है। पीएमएस और एआईएफ जैसी वैकल्पिक संपत्तियों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई है। लगभग 75-90 प्रतिशत महिलाएं अब बाजार में गिरावट के दौरान घबराकर अपनी एसेट्स बेचने के बजाय उसे अपने पास रखती हैं। लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं बाजार में गिरावट के दौरान चुनिंदा रूप से पूंजी निवेश करती हैं, जो उनके बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। लगभग 35-50 प्रतिशत महिला निवेशक या तो एआई टूल्स का उपयोग नहीं करती हैं या उनका उपयोग केवल सीखने और निगरानी के लिए करती हैं।

महिला निवेशक फिक्स्ड डिपॉजिट, सोना और संपत्ति में निवेश करने के बजाय दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों पर आधारित विविध और आवंटन-संचालित पोर्टफोलियो की ओर रुख कर रही हैं।

भारतीय महिला निवेशक अपने वित्तीय भविष्य को आकार देने में अधिक जागरूक, आत्मविश्वासी और रणनीतिक बन रही हैं। एआई सीखने और रिसर्च प्रक्रिया में भूमिका निभाना शुरू कर चुका है, लेकिन अनुशासित ढांचे और मानवीय विवेक निवेश निर्णयों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।



### निवेशक अपना रहे हैं बकेट थिंकिंग

निवेशक तेजी से बकेट थिंकिंग को अपना रहे हैं – व्यक्तिगत उत्पादों के बजाय सुरक्षा, वृद्धि, तरलता और विरासत जैसे जीवन लक्ष्यों के आधार पर पोर्टफोलियो बना रहे हैं। महिला निवेशकों ने जोखिम की परिभाषा को पांच साल पहले के मूलधन की हानि से बदलकर मुद्रास्फीति के कारण होने वाली गिरावट, वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में विफलता, पोर्टफोलियो से पैसे निकालने और वसूली में लगने वाले समय के साथ-साथ पारिवारिक संपत्ति संरचनाओं के भीतर शासन संबंधी जोखिमों को भी शामिल कर लिया है।

## एफपीआई ने निकाले 21,000 करोड़ रुपए

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय इक्विटी से 21,000 करोड़ रुपए निकाले हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा फरवरी में भारतीय इक्विटी में 22,615 करोड़ रुपए के निवेश के बाद यह ताजा बिकवाली हुई है। फरवरी का निवेश पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक लिवाली थी। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन महीनों तक शुद्ध विक्रेता रहे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपए, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपए और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपए निकाले थे। ताजा निकासी 2-6 मार्च के दौरान हुई, जब एफपीआई ने 'कैश मार्केट' में लगभग 21,000 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। उल्लेखनीय है कि तीन मार्च को होली के उपलक्ष्य में बाजार बंद थे। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को बताया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के डर ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया, जिससे वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा पैदा हुई।

# कच्चे तेल के लिए वैकल्पिक स्रोतों की ओर बढ़ रहा भारत

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को

### 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होती थी आधी आपूर्ति

### 30 दिन की छूट से खुली नई राह

पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस रणनीतिक मार्ग के टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया, हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं।




### 92 डॉलर तक पहुंची तेल की कीमत

28 फरवरी के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतें भी दोगुनी से अधिक बढ़कर 24–25 डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट तक पहुंच गई हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है और अपनी कुल जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से प्राप्त करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात बाधित होने से देश की आपूर्ति शृंखला पर भारी दबाव पड़ा है।

# 2.81 लाख करोड़ तक घटा बाजार पूंजीकरण

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में गिरावट के रुख के चलते देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2,81,581.53 करोड़ रुपए की कमी आई है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना

### एसबीआई को उठाना पड़ा सबसे अधिक नुकसान

पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,368.29 अंक यानी 2.91 प्रतिशत टूट गया। शीर्ष 10 की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस ही ऐसी कंपनियां रहीं, जिनके मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 53,952.96 करोड़ रुपए घटकर 10,55,567.27 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 46,936.82 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 9,40,049.82 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 46,552.3 करोड़ रुपए घटकर 13,19,107.08 करोड़ रुपए रह गया। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में 45,629.03 करोड़ रुपए की कमी आई और यह 5,43,208.36 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,934.56 करोड़ रुपए घटकर 5,91,136.03 करोड़ रुपे पर आ गया। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 14,750.39 करोड़ रुपए बढ़कर 19,01,583.05 करोड़ रुपए हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन भी 3,459.99 करोड़ रुपए चढ़कर 5,30,546.54 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।



## प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बढ़ रहीं महिलाएं

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** युवा महिलाएं कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों को आकार देने के लिए अभूतपूर्व आत्मविश्वास के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं, लेकिन उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं तक पहुंचाने के लिए कॉरपोरेट भारत को कार्यस्थल प्रणालियों को तत्काल फिर से डिजाइन करना चाहिए। देश की शीर्ष महिला अधिकारियों ने यह बात कही। उन्होंने मध्यम स्तर पर महिलाओं के करियर को खत्म होने से रोकने की जरूरत पर भी जोर दिया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी और कॉरपोरेट जगत की दिग्गज महिलाओं के बीच एक आम सहमति बनी है कि अब ध्यान केवल भागीदारी बढ़ाने से हटकर निरंतर नेतृत्व और जवाबदेही पर होना चाहिए। वे (महिलाएं) नया नियम लिख रही हैं।

# खाड़ी युद्ध तय करेगा शेयर बाजार की चाल

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध से जुड़े घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान

### विदेशी निवेशकों के रुख से प्रभावित होगी धारणा

### वर्तमान घटनाक्रम बनेगा कारक

और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की दिशा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही, कुछ प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जो निकट भविष्य की धारणा को आकार दे सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 8.52 प्रतिशत उछलकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। आने वाला सप्ताह अस्थिर रहने की संभावना है, क्योंकि बाजार की धारणा काफी हद तक पश्चिम एशिया में लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित होगी। निवेशक वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों पर नजर रखेंगे क्योंकि ऊर्जा बाजार जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,368.29 अंक या 2.91 प्रतिशत टूट गया, जबकि निफ्टी में 728.2 अंक या 2.89 प्रतिशत की गिरावट आई।



### गिरावट से बढ़ी एफआईआई की बिकवाली

पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता, बाजार में लगातार गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता और रुपये की तेज गिरावट ने एफआईआई की बिकवाली को बढ़ाया। जब तक संघर्ष के परिणाम पर कुछ स्पष्टता नहीं आती और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नहीं होती, तब तक एफपीआई के खरीदार के रूप में बाजार में लौटने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड का 90 डॉलर से ऊपर होना भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजारों के लिए बुरी खबर है।

## संक्षिप्त समाचार

### चार लोगों ने 'कलेक्शन एजेंट' से लूटी नकदी

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर 27 वर्षीय एक 'कलेक्शन एजेंट' से नकदी से भरा बैग लूट लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पीड़ित अविनाश ओल्ड सीलमपुर का निवासी है और चांदनी चौक क्षेत्र में एक कबाड़ व्यवसायी के लिए 'कलेक्शन एजेंट' के रूप में काम करता है। उन्होंने बताया कि यह घटना इलाके में एक बैंक एटीएम के पास हुई। एक अधिकारी ने बयान में कहा, अविनाश अपने स्कूटर पर नकदी ले जा रहा था, तभी एटीएम के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों ने उसे रोक लिया। हमलावरों ने कथित तौर पर उसे हथियार दिखाकर धमकाया, नकदी से भरा उसका बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एक फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत एकत्र किए।

### 10 वर्षों में कटे एक लाख से ज्यादा पेड़

यशोभूमि/भाषा

**गुवाहाटी।** असम में मई 2016 में भाजपा की पहली बार सरकार बनने के बाद से अब तक राज्य भर में विभिन्न सार्वजनिक और निजी परियोजनाओं के लिए एक लाख से अधिक पेड़ काटे गए हैं। वहीं दूसरी ओर, असम सरकार ने कहा कि ये सभी पेड़ परियोजनाओं के विकास की 'अत्यधिक आवश्यकता' के कारण काटे गए थे जबकि इसकी भरपाई के लिए पिछले केवल दो वर्षों के दौरान 3.5 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। हालांकि, विभिन्न सरकारी संस्थानों के विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी तादाद में पेड़ों को काटने से 'अत्यधिक पारिस्थितिक नुकसान' हुआ है। आरटीआई अधिनियम के तहत पूछे गए सवालों के जवाब में असम के 44 वन्यजीव और क्षेत्रीय प्रभागों में से 15 ने बताया है कि मई 2016 से अब तक 1,06,896 पेड़ काटे गए हैं, 12 अन्य ने जवाब तो दिया लेकिन पेड़ काटने से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी।

# बाल विवाह मुक्ति रथ ने की 66,344 गांवों की यात्रा

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकले 'बाल विवाह मुक्ति रथ' की 28 राज्यों में यात्रा का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर समापन हुआ। पिछले एक महीने में इस रथ ने 6,79,077 किलोमीटर की यात्रा कर 28 राज्यों, 439 जिलों और 66,344 गांवों से होते हुए कुल

### 28 राज्यों के 439 जिलों में पहुंचाया संदेश

### दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

5,22,68,033 लोगों तक बाल विवाह मुक्त भारत का संदेश पहुंचाया। बाल विवाह के खिलाफ केंद्र सरकार के 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान को मजबूती देने के लिए बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत नागरिक समाज संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने देशभर में 500 से अधिक बाल विवाह मुक्ति रथ सड़कों पर उतारे। इन रथों ने देश के कोने-कोने में जाकर बाल विवाह से जुड़े कानूनों और खास तौर से लड़कियों पर इसके दुष्प्रभावों के बारे में जनसमुदाय को जागरूक किया।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के अनुसार, यह रथ केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि न्याय का वाहक है। यह जनसमुदाय तक कानून, संरक्षण और जवाबदेही का संदेश लेकर जाता है, ताकि सरकार की मंशा जमीन पर वास्तविक सुरक्षा में तब्दील हो सके। इस अभियान में शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर शिक्षाविदों और महिला भुक्तभोगियों तक सभी ने उत्साह से भागीदारी की। खास तौर पर जमीनी स्तर के महिला नेतृत्व का अग्रिम मोर्चे से इस संदेश को आगे ले जाते देखना बेहद प्रेरक रहा।

ऐसी व्यापक भागीदारी और तात्कालिकता के साथ हमें विश्वास है कि भारत 2030 की वैश्विक समयसीमा से पहले ही बाल विवाह जैसे अपराध से मुक्त हो जाएगा।



### मोटरसाइकिल और साइकिल से पहुंचाया संदेश

'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के साल भर पूरा होने के अवसर पर केंद्र सरकार के 100 दिवसीय गहन अभियान को सफल बनाने के लिए जेआरसी 'बाल विवाह मुक्ति रथ' यात्रा की शुरुआत की थी। पोस्टरों, प्रभावशाली नारों, लाउडस्पीकर और बाल विवाह के खिलाफ शपथ के लिए बोर्ड से सुसज्जित यह रथ उन दूरदराज और हाशिए पर रहने वाले समुदायों तक पहुंचने के लिए तैयार किया गया था। जहां बेहतर सड़कों वाले इलाकों में चार पहिया वाहनों के माध्यम से यह अभियान पहुंचा, वहीं दूरदराज के गांवों तक मोटरसाइकिल और साइकिल कारवां के जरिए संदेश पहुंचाया गया। इस यात्रा के दौरान बाल विवाह मुक्ति रथ ने पंचायतों, जिला प्रशासन, बाल विवाह निषेध अधिकारियों और प्रशासनिक अमले के साथ मिलकर जनता को जागरूक किया और बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।

# एनएएक्यूएस की हो तत्काल समीक्षा:जयराम रमेश

यशोभूमि/भाषा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए 2009 के 'नेशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स' (एनएएक्यूएस) की तत्काल समीक्षा और उन्नयन किए जाने की रविवार को मांग की

### एनएएक्यूएस की समीक्षा पर दिया जोर

### मृत्युदर में होती है 8.6 प्रतिशत की वृद्धि

और जोर देकर कहा कि इन्हें अधिक प्रभावी तरीके से लागू करना चाहिए। कांग्रेस के संचार मामलों के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा, पीएम 56 इंच का पर्दाफाश हो गया है, पीएम 2.5 अब सच है। रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, पीएम2.5, यानी 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाला कण पदार्थ पूरे देश में गंभीर पर्यावरण-स्वास्थ्य संकट का कारण बन चुका है। उन्होंने दिसंबर 2024 में प्रकाशित एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें 2009-2019 के बीच 655 जिलों के आंकड़ों के आधार पर यह पाया गया कि पीएम2.5 सांद्रता में हर 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के इजाफे से मृत्युदर में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि 2025 के 'लैंसेट काउंटडाउन' के अनुमान के अनुसार, हर साल लगभग 17.2 लाख भारतीयों की पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मौत हो जाती है, जो 2010 की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। रमेश ने यह भी कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 2024, 2025 और 2026 में संसद को यह बताया था कि वायु प्रदूषण के कारण होने वाली मौतों का कोई सटीक आंकड़ा प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संचालित परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों से प्राप्त आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया है।



### 204 शहरों में स्तर से ऊपर है सांद्रता

कांग्रेस महासचिव ने कहा, 238 में से 204 शहरों में पीएम2.5 सांद्रता 2009 में एनएएक्यूएस द्वारा निर्धारित स्तरों से ऊपर है। इसके बाद, डब्ल्यूएचओ ने सितंबर 2021 में अपने अद्यतन सुरक्षित मानक की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'नेशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स, 2009' की तत्काल समीक्षा और उन्नयन की आवश्यकता है। इन्हें हर जगह प्रभावी ढंग से लागू करने के बाद निगरानी की जानी चाहिए। इसके अलावा, एनसीएपी को खुद पीएम2.5 पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करना चाहिए।


# 28 करोड़ से अधिक जनधन खाते महिलाओं के पास

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय

### नए भारत में बढ़ रही भागीदारी : सीतारमण

सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जनधन खाता और 'लखपति दीदियों' जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं और पूरे भारत में घरों और समुदायों को नया आकार दे रही हैं। जन धन योजना की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, देश में अब तक 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं। इनमें से महिलाओं के पास अब 28 करोड़ से अधिक जन धन खाते हैं, जो पूरे भारत में घरों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचा रहे हैं और उनकी वित्तीय स्वतंत्रता को मजबूत कर रहे हैं। वहीं, लखपति दीदी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं को ट्रेनिंग, फाइनेंस और अन्य संसाधनों की मदद दी जाती है। इसका लक्ष्य महिलाओं को इतना सक्षम बनाना है कि वे सालाना एक लाख रुपए या उससे ज्यादा की आय अर्जित कर सकें। इससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलता है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, जब महिलाओं को वित्तीय सहायता मिलती है, तो उन्हें स्वतंत्रता मिलती है। इसी प्रकार, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान की सराहना की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति' नए भारत के निर्माण का आधार है और देश के विकास के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है।



## पश्चिम एशिया में तेजी से बढ़ रहे तनाव के बीच

# बावन हजार से अधिक भारतीय लौटे स्वदेश

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए कई कदम उठाए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र में बदलती स्थिति पर लगातार नजर रखी जा

### खाड़ी संकट के बीच सतर्क है भारत सरकार

रही है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार पिछले कुछ दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद कई वाणिज्यिक और विशेष उड़ानें संचालित की जा रही हैं। इन उड़ानों के माध्यम से 01 से 07 मार्च के बीच 52,000 से अधिक भारतीय नागरिक खाड़ी देशों से सुरक्षित भारत लौट चुके हैं।

सरकार ने क्षेत्र में मौजूद भारतीयों को स्थानीय प्रशासन के निर्देशों और भारतीय दूतावासों द्वारा जारी सलाह का पालन करने को कहा है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों ने 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन भी शुरू की है, जिससे जरूरतमंद लोगों को सहायता मिल रही है। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में एक विशेष नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों की ओर से आने वाले प्रश्नों और सहायता अनुरोधों की निगरानी कर रहा है।



### दूतावास से संपर्क की सलाह

सरकार ने कहा कि जहां वाणिज्यिक उड़ानें उपलब्ध नहीं हैं, वहां भारतीय नागरिकों को अपने नजदीकी भारतीय दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क कर जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी गई है। भारत सरकार ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर क्षेत्रीय सरकारों के साथ समन्वय कर अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, इनमें से 32,000 से ज्यादा यात्रियों ने भारतीय एयरलाइनों की उड़ानों का उपयोग किया। आने वाले दिनों में और उड़ानों की योजना बनाई जा रही है।

## मुर्मू ने की ममता से इस्तीफे की मांग

यशोभूमि/भाषा

**कोलकाता।** भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। राष्ट्रपति ने शनिवार को सिलीगुड़ी के पास आयोजित अपने कार्यक्रम के स्थान में बदलाव किए जाने और उसमें मुख्यमंत्री या किसी वरिष्ठ मंत्री की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई थी। आदिवासी समुदाय से आने वाले मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने कहा, आदिवासियों की गरिमा का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल माफी मांगना पर्याप्त नहीं होगा और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल के 'बादशाह' की तरह व्यवहार कर रही हैं।

## 3.25 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त

यशोभूमि/भाषा

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में शनिवार को पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3.25 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यह जानकारी दी। यह बरामदगी दो वाहनों से की गई। सीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने सिलचर-कालाइन मार्ग पर दो वाहनों को रोका। सीएमओ ने बताया कि जब्त की गई 538 ग्राम हेरोइन की कीमत 3.25 करोड़ रुपए है। कार्यालय ने कहा, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने टीम की व्यवस्थित और कुशल कार्रवाई की सराहना की है तथा कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ असम की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक हमारा राज्य पूरी तरह से नशामुक्त नहीं हो जाता।

दैनिक
# यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
Smart maharashtra



## ढाई लाख की कोकिन के साथ नाइजीरियन गिरफ्तार

**यशोभूमि/संवाददाता, नवी मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस उपायुक्त परिमंडल -1 तथा सहायक पुलिस आयुक्त वाशी के मार्गदर्शन में अपराध पर लगाम लगाने के लिए 7 फरवरी के दिन शाम 7 बजे एपीएमसी पुलिस थाने की पुलिस ने अपने कार्यक्षेत्र में कॉम्बिंग ऑपरेशन का अभियान चलाया। पुलिस की इस कार्रवाई में 2 लाख 50 हजार रुपए कीमत के 10.24 ग्राम नशीला पदार्थ (कोकिन) सहित एक नाइजीरियन नागरिक को पकड़ा गया। इसी क्रम में 3 बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लेकर उन पर कानूनी कार्रवाई की गई। एपीएमसी में बने कोल्ड स्टोरेज और झोपड़पट्टी भाग में भी चेकिंग की गई। 20 वांछित आरोपियों की खोज में 4 आरोपी पाए गए। कोटपा के अंतर्गत 5 कार्रवाई की गई। तथा पांच जगहों पर नाकाबंदी करते हुए 337 वाहनों की जांच पड़ताल की गई, जिसमें 67 वाहनों पर मोटर वाहन एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



# ‘मार्च’ में ही ‘मई’ जैसी तपिश
## ठाणे और पालघर समेत कोंकण में दो दिनों का येलो अलर्ट

**यशोभूमि/संवाददाता**
**मुंबई।** आर्थिक राजधानी मुंबई सहित पूरा महाराष्ट्र इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। मार्च की शुरुआत में ही सूरज के तेवर इतने तल्ख हो गए हैं कि लोगों को मई के महीने जैसी तपिश का

### उमस बढ़ने से नागरिकों की बेचैनी बढ़ी

अहसास होने लगा है। भारतीय मौसम विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुंबई के पड़ोसी जिलों ठाणे, पालघर और रायगढ़ सहित पूरे कोंकण क्षेत्र के लिए अगले दो दिनों का 'येलो अलर्ट' जारी किया है। मुंबई और आसपास के तटीय इलाकों में तापमान बढ़ने के साथ-साथ उमस ने नागरिकों की बेचैनी बढ़ा दी है। सोमवार को मुंबई में अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान भी 24 से 26 डिग्री तक पहुंच सकता है। ठाणे और पालघर में पारा सामान्य से 4 से 8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है। राज्य के अन्य हिस्सों की बात करें तो विदर्भ में गर्मी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। नागपुर और आसपास के जिलों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव और नाशिक में भी पारा 39 डिग्री के करीब है, जबकि मराठवाड़ा के छत्रपति संभाजीनगर और लातूर जैसे जिलों में तापमान 40 डिग्री को छू रहा है। पश्चिम महाराष्ट्र के पुणे और सोलापुर में भी लू जैसे हालात बनने लगे हैं।



### बारिश की कोई संभावना नहीं

मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल राज्य में कहीं भी बारिश की कोई संभावना नहीं है। आने वाले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है। विशेषज्ञों ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे दोपहर 12 से 4 बजे के बीच सीधे धूप में निकलने से बचें और शरीर में पानी की कमी न होने दें।

# भिवंडी : तीन दिनों से गायब 15 वर्षीय छात्रा का मिला शव

**यशोभूमि/संवाददाता**
**भिवंडी।** भिवंडी शहर में 3 दिनों से गायब एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा का शव पुलिस ने बरामद किया है। हैरान करने वाली बात यह है कि शव के हाथ कटे हुए

- परिवार के सदस्यों ने लगाया हत्या का आरोप
- न्याय की मांग को लेकर निकाला गया मोर्चा



और चेहरा जला हुआ था। परिजनों ने छात्रा की हत्या किए जाने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। आक्रोशित परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने अजमेर नगर से नारपोली पुलिस स्टेशन तक मोर्चा निकाला और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के अनुसार, नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थित अजमेर नगर इलाके में परिवार वालों के साथ रहने वाली कक्षा 10 में पढ़ने वाली 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा 1 मार्च को बाथरूम जाने का बहाना बनाकर घर से निकली थी। वह देर रात तक घर नहीं लौटी। रिश्तेदारों ने पूरे दिन खोजबीन की, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिवार ने रात करीब 11 बजे नारपोली पुलिस स्टेशन में उसके अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी बीच, 4 मार्च की शाम को पुलिस को कैलाश नगर पहाड़ी के पास एक नाबालिग लड़की का शव मिला। मृतक छात्रा के परिवार ने शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में की। परिवार का आरोप है कि लड़की के शव की हालत बेहद दयनीय है। परिवार वालों ने बताया कि उसका एक हाथ कटा हुआ है और चेहरे पर तेजाब फेंका गया है। शरीर पर चोट के भी निशान हैं, सिर के बाल नोचे गए हैं और शरीर दयनीय अवस्था में है। परिवार का आरोप है कि छात्रा ने आत्महत्या नहीं बल्कि किसी ने उनकी बेटी की निर्मम हत्या की है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग की है।

### पुलिस को है पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय काडबाने ने बताया कि पुलिस हत्या की हर पहलू की जांच कर रही है। छात्रा की हत्या हुई है अथवा उसने आत्महत्या की है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होंगे। फिलहाल, पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। बता दें कि भिवंडी में इन दिनों नाबालिगों के अपहरण की वारदात में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, जिससे अभिभावकों में दहशत बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रणरागिनी साइकिल राइड का भव्य आयोजन

**यशोभूमि/संवाददाता**
**ठाणे।** मनपा और 'आमी सायकल प्रेमी फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'रणरागिनी साइकिल राइड' को महिलाओं का शानदार प्रतिसाद मिला। मेयर शर्मिला पिंपलोलकर और डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल ने हरी झंडी दिखाकर 3.5 और 5.5 किमी की इस राइड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 68 वर्षीय मंगला पाई को 'जीवन गौरव' और दृष्टिबाधित एथलीट अपर्णा अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों और प्रेरक संदेशों के साथ साइकिल चलाकर महिला सशक्तिकरण, फिटनेस और आत्मनिर्भरता का एक सशक्त संदेश समाज को दिया।

### विधि-विधान से की गई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**यशोभूमि/संवाददाता**
**उल्हासनगर।** उल्हासनगर के कांबा गांव के पाचवा मेल क्षेत्र में स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में पुंडलिक मंदिर मूर्ति का विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान शिव के दर्शन किये और पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान विधायक कुमार आयलानी समेत अन्य मौजूद थे। उन्होंने मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र के नागरिकों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, कार्यक्रम का आयोजन भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ।

### दलवई ने किया राहुल गांधी का समर्थन

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**मुंबई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ‘द केरल स्टोरी 2’ पर दी गई टिप्पणी के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता और पूर्व सांसद हुसैन दलवई ने राहुल गांधी के बयान का पुरजोर समर्थन किया है। दलवई ने कहा कि वर्तमान समय में सिनेमा और मीडिया का उपयोग समाज में नफरत फैलाने और समुदायों के बीच दरार पैदा करने के लिए एक ‘हथियार’ के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने राहुल गांधी के उस तर्क को सही ठहराया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ऐसी फिल्मों का न देखा जाना देश की एकता के लिए एक ‘शुभ संकेत’ है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने केरल में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि यह अच्छी खबर है कि ‘द केरल स्टोरी 2‘ को देखने के लिए थिएटरों में भीड़ नहीं जुट रही है। जो यह दर्शाता है कि जनता अब प्रोपेगेंडा और नफरत वाली राजनीति को नकार रही है। दलवई ने आरोप लगाया कि कुछ खास विचारधारा वाले लोग फिल्मों के माध्यम से समाज का ताना-बाना बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

### तीन लोग हुए साइबर ठगी के शिकार

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**मुंबई।** मुंबई में सामने आए तीन अलग-अलग मामलों में स्कैमर्स ने एक डॉक्टर, एक बुजुर्ग महिला और एक सरकारी अधिकारी को निशाना बनाकर कुल 4.89 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। विलेपार्ले में रहने वाले एक डॉक्टर इंडिया-इंग्लैंड क्रिकेट मैच के टिकट खरीदने के चक्कर में साइबर ठगों के जाल में फंस गए। डॉक्टर ने टिकट खरीदने के लिए इंस्टाग्राम पर एक अकाउंट से संपर्क किया। आरोपी ने भुगतान के लिए एक यूपीआई क्यूआर कोड भेजा। डॉक्टर ने अलग-अलग किस्तों में कुल 2,98,300 रुपये की रकम स्कैमर्स के खाते में चली गई। बाद में जब टिकट नहीं मिले, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

# महिला अखबार विक्रेताओं का हुआ सम्मान

**यशोभूमि/संवाददाता**
**ठाणे।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ठाणे जिला अखबार विक्रेता संघ की ओर से रविवार को सुबह तड़के 5:30 बजे ठाणे स्टेशन परिसर में एक अनोखे ‘महिला सम्मान

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम

समारोह’ का आयोजन किया गया। गर्मी हो, बारिश हो या कड़ाके की ठंड-सुबह अंधेरे में घर से निकलकर घर-घर तक खबरें और ज्ञान पहुंचाने वाली महिला अखबार विक्रेताओं के परिश्रम को सम्मानित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला अखबार विक्रेताओं को पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सुबह के उस समय जब पूरा शहर सो रहा होता है, तब अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देने वाली इन महिलाओं के उत्साह को देखकर उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ उनका अभिनंदन किया। ठाणे जिला अखबार विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने इस छोटे लेकिन अत्यंत प्रभावशाली कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन किया। इस समारोह में संगठन के कार्याध्यक्ष राजेश मोरे, ‘शब्दमुद्रा’ समाचारपत्र के संपादक प्रफुल वाघुले, ठाणे जिला अखबार विक्रेता संघ के महासचिव अजित पाटील, शहर प्रमुख नंदू देशपांडे, ठाणे स्टेशन विभाग प्रमुख संदीप आवारे, चंद्रकांत पवार, राजू शेलार, नंदू करले, सखाराम चव्हाण, संजय भुजबल, शंकर पाटील तथा वरिष्ठ विक्रेता विठ्ठल गांगुर्डे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और विक्रेता उपस्थित थे।



### शहर की प्रगति में बहनों का योगदान महत्वपूर्ण

इस कार्यक्रम में ठाणे के उपमहापौर कृष्णा पाटील विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने महिला अखबार विक्रेताओं की मेहनत और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहर की प्रगति और लोगों तक जानकारी पहुंचाने के कार्य में इन बहनों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### मुंब्रा गोलीकांड: 11 मार्च तक पुलिस कस्टडी

**यशोभूमि/संवाददाता**
**ठाणे।** मुंब्रा में एक जाने-माने बिल्डर से कहासुनी के बाद मिली धमकी से डरकर, आरोपी शाहबाद उर्फ शब्बू मुन्ना शमशाद कुरैशी (28) ने शनिवार सुबह बिल्डर के घर और गाड़ी पर फायरिंग कर दी। आरोपी कुरैशी को मुंब्रा पुलिस ने सिर्फ 1 घंटे में अरेस्ट कर लिया। रविवार को जब उसे ठाणे कोर्ट ले जाया गया, तो कोर्ट ने उसे 11 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने बताया कि बिल्डर एक यूट्यूबर है और उसी जरिए से उसे सीधे चैलेंज कर रहा है, इसलिए कुरैशी ने उसे जान से मारने के डर से गोली चलाई। मुंब्रा पुलिस द्वारा अरेस्ट किया गया आरोपी शाहबाद उर्फ शब्बू मुन्ना शमशाद कुरैशी पुलिस रिकॉर्ड में एक क्रिमिनल है और दिल्ली के एक मशहूर गैंग का सदस्य है।

# ‘लाडका भाऊ’ पद से बड़ा कोई सम्मान नहीं: एकनाथ शिंदे

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को मुंबई के ऐतिहासिक षण्मुखानंद हॉल में शिवसेना द्वारा ‘शिवदुर्गा सम्मान’ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया

### ‘शिवदुर्गा सम्मान’ कार्यक्रम का आयोजन

गया। इस समारोह में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत और संकल्प से सफलता की नई ऊंचाइयां छूने वाली महिलाओं को सम्मानित किया और कहा कि ‘लाडका भाऊ’ पद से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शिंदे भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि इस संसार में ‘माउली’ (मां) के स्थान से बड़ा कुछ भी नहीं हो सकता। उन्होंने अपने कठिन दौर को याद करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी मां और पत्नी के संघर्ष को बहुत करीब से देखा है।



### खरत ने सुनील तटकरे पर साधा निशाना

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**मुंबई।** म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एम्प्लॉइज ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष गौतम खरात ने पार्टी की प्राइमरी मेंबरशिप और अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। खरत ने सुनील तटकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी में सिर्फ कुछ खास लोगों और उनके रिश्तेदारों को ही ये सम्मान और पद दिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वफादार कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और राज्य स्तर से जिस तरह के सहयोग की उम्मीद थी, वह नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा कि उन्होंने सालों तक पार्टी की वफादारी से सेवा की, लेकिन राज्य नेतृत्व से न तो उन्हें सही गाइडेंस मिली और न ही सम्मान।

## दुनिया की सबसे बड़ी दुरबीन का मनपा छात्रों ने लिया अनुभव

**यशोभूमि/संवाददाता**
**ठाणे।** मनपा शिक्षण विभाग की ओर से साल 2025-26 में साइंस के विद्यार्थियों के लिए एक खास एजुकेशनल विजिट ऑर्गनाइज की गई थी। इसका मकसद विद्यार्थियों में



### मनपा ने कराया एजुकेशनल विजिट

साइंस सब्जेक्ट के बारे में जिज्ञासा और साइंटिफिक सोच पैदा करना था। नेशनल साइंस डे के मौके पर, साइंस फोरम के 40 विद्यार्थी और 7 टीचर्स ने पुणे जिले के नारायणगांव के खोडाड का दौरा किया। यह एजुकेशनल विजिट जायंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप में ऑर्गनाइज की गई थी, जो दुनिया के सबसे बड़े रेडियो टेलीस्कोप में से एक है। इस एजुकेशनल विजिट के दौरान छात्रों को टेलीस्कोप के स्ट्रक्चर और काम करने के तरीकों के साथ-साथ स्पेस में ग्रहों, तारों, गैलेक्सी और रेडियो तरंगों के जरिए की जाने वाली रिसर्च के बारे में डिटेल में जानकारी दी गई। उपायुक्त डॉ. मिताली संचेती ने स्पेस रिसर्च में भारत के योगदान के बारे में समझाया।

## आध्यात्मिक प्रदर्शनी में ‘स्वर्णिम भारत’ की झलक

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**मुंबई।** मुंबई के वर्ली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में ब्रह्माकुमारीज आदर्श नगर सेवा केंद्र द्वारा आयोजित ‘‘स्वर्णिम भारत दिव्य दर्शन मेले’’

### संतोष दीदी के हाथों हुआ उद्घाटन

का भव्य उद्घाटन किया गया। इस आध्यात्मिक महोत्सव का शुभारंभ ब्रह्माकुमारीज की संयुक्त मुख्य प्रशासिका आदरणीय संतोष दीदी जी के कर-कमलों द्वारा हुआ। इस मेले में विशेष आध्यात्मिक प्रदर्शनी के माध्यम से 'स्वर्णिम भारत' की दिव्य झलक प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की कई जानी-मानी हस्तियां उपस्थित रहीं। मिसेज वर्ल्ड 2022, सरगम कौशल ने इस मौके पर कहा, ‘‘यहां आकर मुझे शांति का अनुभव हो रहा है। मैं बचपन से ही ब्रह्माकुमारीज संस्थान के बारे में जानती हूँ। मैंने यहां सीखा है कि ध्यान के माध्यम से जीवन में संतुलन कैसे लाया जाता है।’’ समारोह में अन्य प्रमुख अतिथियों के रूप में स्नेहल तेंदुलकर, सनी सनप और मोहन टांकसले की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अनूठी प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उमड़ रहे हैं। उपस्थित लोगों ने संस्थान के प्रयास की सराहना करते हुए इसे मन को शांति प्रदान करने वाला अनुभव बताया।



## व्हाट्सऐप पर मिलेगी पानी के सप्लाई की जानकारी

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**
**उल्हासनगर।** शहर के नागरिकों के लिए जल आपूर्ति विभाग से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त करना अब और भी आसान हो गया है। उल्हासनगर मनपा

### आयुक्त की संकल्पना से शुरू की गई योजना

ने नागरिकों की सुविधा के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है, जिससे अब पानी की किल्लत या सप्लाई के समय से जुड़ी खबरों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले की संकल्पना से शुरू की गई इस विशेष व्हाट्सऐप सेवा का उद्देश्य नागरिकों तक पानी की सप्लाई की सटीक जानकारी समय पर पहुंचाना है। इस नई पहल के माध्यम से जल आपूर्ति विभाग की हर छोटी-बड़ी अपडेट अब सीधे लोगों के मोबाइल तक पहुंचेगी। इससे न केवल शिकायतों में कमी आएगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

## कम पैदावार और युद्ध से हापुस आम का निर्यात संकट गहराया

**यशोभूमि/संवाददाता**
***अलीबाग।*** *प्रतिकूल मौसम के कारण इस साल कोंकण में हापुस आम के उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका के बीच अब खाड़ी देशों में युद्ध की स्थिति ने आम उत्पादकों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों को डर है कि यदि युद्ध के हालात नहीं सुधरे, तो हापुस के निर्यात पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। कोंकण का विश्वप्रसिद्ध हापुस आम हर साल फरवरी के महीने में मुंबई के बाजारों में दाखिल होता है और यहीं से इसका बड़े पैमाने पर निर्यात किया जाता है। विशेष रूप से खाड़ी देशों में हापुस की भारी मांग रहती है और मुंबई की वाशी कृषि उपज मंडी से इसकी बड़ी खेप भेजी जाती है। हालांकि, इस साल आम के पेड़ों पर भारी मात्रा में आए बौर में कीटों के प्रभाव के कारण फसल काफी बर्बाद हो गई है। अक्टूबर में बौर भी ठीक से नहीं खिल पाया, जिससे इस साल उत्पादन पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम है।*

# लोकल बाजारों को ‘संजीवनी’ देने वाला उत्सव माना जाता है रमजान

**यशोभूमि/संवाददाता**
**भिवंडी।** भिवंडी के व्यापारियों के लिए रमजान का महीना हर साल आर्थिक मजबूती का महीना साबित होता है। व्यापारियों के लिए रमजान साल भर में सबसे ज्यादा कमाई

### भिवंडी में होता है करोड़ों का कारोबार

वाला महीना होता है, जिससे शहर के आर्थिक चक्र को भी गति मिलती है। साथ ही, रमजान का महीना और ईद-उल-फितर कई लोगों के लिए महीने भर के रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। यही कारण है कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई किसी न किसी रोजगार के जरिए अपनी आय जुटाता नजर आता है। शहर में खजूर, सूखे मेवे, फल और खाद्य पदार्थों से लेकर सोने-चांदी के गहनों तक, सभी प्रकार के बड़े व्यापारी रमजान के दौरान करोड़ों रुपये का कारोबार करते हैं। इस महीने में होने वाली आर्थिक चहल-पहल के कारण कई लोगों को साल भर की कमाई इसी समय मिल जाती है। इसलिए इसे स्थानीय बाजारों को 'नवसंजीवनी' देने वाला उत्सव माना जाता है।



# नौ हजार से अधिक छात्राओं ने किया लेझीम वादन

**यशोभूमि/संवाददाता**
**डोंबिवली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डोंबिवली सहित कल्याण तालुका की 9111 महिलाओं और छात्राओं ने एक साथ सामूहिक लेझीम वादन कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

### डोंबिवली में नारी शक्ति ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

और विधायक रविंद्र चव्हाण के डोंबिवलीकर एक सांस्कृतिक परिवार तथा कल्याण तालुका शारीरिक शिक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सामूहिक लेझीम कार्यक्रम का आयोजन रविवार को श्री संत सावलाराम क्रीड़ा संकुल मैदान में किया गया। इस आयोजन में कुल 9,111 महिलाओं, लड़कियों ने एक साथ लेझीम वादन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड सांगली के नाम था। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लंदन से आए अधिकारी स्वप्निल डांगरेकर ने बताया कि सांगली में पहले 7,338 महिलाओं ने एक साथ लेझीम वादन कर रिकॉर्ड बनाया था। लगभग साढ़े पांच मिनट तक महिलाओं ने यह ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसके बाद डांगरेकर ने विधायक चव्हाण की पत्नी सुहासिनी चव्हाण को वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किया।



### चव्हाण ने सुनाया पीएम मोदी का संदेश

इस अवसर पर विधायक रविंद्र चव्हाण ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लेझीम हमारी परंपरा और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष शारीरिक व्यायाम और सशक्त भारत का संदेश दिया है। उसी प्रेरणा से महिलाओं और छात्राओं ने एक साथ आकर यह अनोखा विश्व रिकॉर्ड बनाया है।